आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी 01:20 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 27 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 312, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़ 14

आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा का ट्रेलर रिलीज 13

## 21 बच्चों के यौन शोषण के आरोपी को दी मौत की सजा

- अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में विशेष पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई सजा
- संलिप्ता पर दो अन्य लोगों को 20-20 वर्ष सश्रम जेल की सजा

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के यूपीया में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक आवासीय स्कूल में 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में एक व्यक्ति को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई।

यूपीया के पश्चिमी सत्र संभाग के विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) की अदालत ने मामले में संलिप्तता के लिए दो अन्य लोगों को भी 20-20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। मुख्य आरोपी युमकेन बागरा शि-योमी जिले के कारो सरकारी आवासीय विद्यालय के छात्रावास का वार्डन था, जहां उसने 2019 से 2022 के बीच 6 से 15 वर्ष की आयु की 15 लड़कियों सहित 21 बच्चों का यौन उत्पीड़न किया था। राजधानी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि सह-आरोपी मार्बोम गोमदिर हिंदी शिक्षक है, जबकि सिंगतुन योरपेन विद्यालय का पूर्व प्रधानाध्यापक है। बागरा को आईपीसी की धारा 328 और 506 के साथ-साथ यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 6, 10 और 12 के तहत दोषी ठहराया गया और मौत की सजा दी गई।

**बिलकीस बानो मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की गुजरात सरकार की याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें बिलकीस बानो मामले में राज्य के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को लेकर फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। न्यायालय ने 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के निर्णय को खारिज करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं। न्यायमूर्ति बीवी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने याचिका को खुली अदालत में सुनने के आवेदन को भी खारिज कर दिया।

# देश को मिले स्वदेश में विकसित तीन परम रुद्र सुपर कंप्यूटर

### प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित, कहा-प्रौद्योगिकी बने गरीबों की ताकत, जलवायु अनुसंधान को कंप्यूटिंग प्रणाली का लोकार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि कोई देश तभी बड़ी उपलब्धियों का लक्ष्य रख सकता है जब उसके पास बड़ी दृष्टि हो। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी का उन्नयन गरीबों को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए जाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा कि आज का भारत संभावनाओं के अनंत आकाश में नए अवसरों का निर्माण कर रहा है। उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि प्रौद्योगिकी में अनुसंधान से आम आदमी को फायदा हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान की सार्थकता केवल आविष्कार और विकास में नहीं, बल्कि सबसे अंतिम व्यक्ति की आशा, आकांक्षाओं को पूरा करने में है। आज अगर हम हाइटेक हो रहे हैं तो ये भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारी हाइटेक प्रौद्योगिकी गरीबों की ताकत बने। उन्होंने कहा कि एक समय सुपर कंप्यूटर में गिने-चुने देशों की महारत मानी जाती थी। हमने 2015 में नेशनल सुपर कंप्यूटिंग मिशन शुरू किया और आज भारत सुपर कंप्यूटर की दिशा में बड़े देशों की बराबरी कर रहा है। हम यहीं रुकने वाले नहीं हैं।

**क्वांटम कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी में अग्रणी बन रहा भारत, सरकार दे रही प्राथमिकता**

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी प्रौद्योगिकी में भारत अभी से अग्रणी हो रहा है। इस क्षेत्र में भारत को आगे ले जाने में हमारे राष्ट्रीय क्वांटम मिशन की बड़ी भूमिका होगी। यह नई प्रौद्योगिकी आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह से बदल देने वाली है। इससे आईटी क्षेत्र, विनिर्माण, उद्योग, एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आएंगे और नए अवसर बनेंगे। मोदी ने कहा कि सरकार विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान को प्राथमिकता दे रही है।

**पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाए गए हैं तीनों स्वदेशी सुपर कंप्यूटर**

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। पुणे में विशाल मीटर रेडियो टेलीस्कोप (जीएमआरटी), फास्ट रेडियो बर्स्ट (एफआरबी) का पता लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। दिल्ली में इंटर यूनिवर्सिटी एक्सेलेरेटर सेंटर पदार्थ विज्ञान और परमाणु भौतिकी में अनुसंधान को बढ़ावा देगा जबकि कोलकाता में एसएन बोस केंद्र भौतिकी, ब्रह्मांड विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा देगा।




# खंड शिक्षा अधिकारी भी बन सकेंगे राजकीय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य

### शासन से प्रस्ताव तैयार, स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग को भेजा गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद में तैनात खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को भी पदोन्नत कर राजकीय इंटर कॉलेजों (जीआईसी) में प्रधानाचार्य बनने का मार्ग प्रशस्त किया जा रहा है। इस क्रम में शासन से नियमावली तैयार कर ली है। स्वीकृति के लिए उप्र. लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति की कवायद शुरू हो जाएगी। हालांकि शिक्षण कार्य में लगे राजकीय शिक्षकों ने इसका विरोध भी करना शुरु कर दिया है। विरोध का एक बड़ा आधार यह है कि बीईओ का पद निरीक्षण कैडर का है और प्रधानाचार्य शिक्षण कैडर का होता है। इसलिए बीईओ का प्रमोशन इस पद पर नहीं होना चाहिए।

दरअसल, जीआईसी में प्रधानाचार्य का पद राजपत्रित होता है। इसके 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाते हैं। प्रधानाचार्यों की भर्ती पीसीएस के साथ होती है और ग्रेड पे- 5400 का होता है। इसके अतिरिक्त 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से भरने का नियम है, लेकिन




- हरी झंडी मिली तो पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी

पिछले एक दशक से यह विवादों में फंसी होने से पदोन्नति प्रक्रिया ठप है। बीईओ को पदोन्नति से प्रधानाचार्य बनाने लिए शासन में कई बैठकें हुई। इसके बाद पदोन्नति के लिए कोटा में बदलाव कर दिया गया है। अब 33 प्रतिशत पुरुष, 33 प्रतिशत महिला प्रवक्ता और 34 प्रतिशत बीईओ पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य बन सकेंगे।

अपर निदेशक राजकीय अजय द्विवेदी के मुताबिक, राजकीय विद्यालयों में महिला प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा 22 से 33 प्रतिशत कर दिया गया है। बीईओ की भी संख्या बढ़ी है, इसलिए उनका कोटा डीआई के स्थान पर 17 से बढ़ाकर 34 प्रतिशत कर दिया गया है। पुरुष प्रवक्ताओं की संख्या कम होने पर उनका कोटा घटाया गया है। उन्होंने बताया कि इसे स्वीकृति के लिए यूपीपीएससी भेजा गया है।

**सरकार की नई कवायद का होने लगा विरोध**

बेसिक शिक्षा विभाग के निरीक्षक शाखा पर पदोन्नति के लिए बनाई गई नियमावली का विरोध भी शुरू हो गया है। राजकीय शिक्षक संघ प्रवक्ता संवर्ग उप्र. के एक पदाधिकारी नित्य प्रकाश का तर्क है कि प्रधानाचार्य पद विशुद्ध शिक्षण का पद है। यह माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबद्ध है। इसे 50 प्रतिशत सीधी भर्ती और 50 प्रतिशत पदोन्नति से भरा जाता है। बेसिक शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का उक्त पद पर प्रमोशन अथवा पदोन्नति का कोटा निर्धारित करना न्यायोचित नहीं है। वहीं, राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय का भी कहना है कि प्रधानाचार्य पद पर सीधे बीईओ को पदोन्नति देना गलत है। बीईओ का ग्रेड पे-4800 का होता है। यह प्रवक्ता के बराबर है। प्रवक्ता से हेडमास्टर में पदोन्नति होने के बाद वह अगले चरण में वह प्रधानाचार्य बन पाते हैं, जबकि बीईओ को इसका लाभ एक ही प्रमोशन पर देने की तैयारी है। संगठन इसका विरोध करेगा।

> बीईओ का निरीक्षण शाखा का पद है। इस पद की शैक्षिक अर्हता केवल स्नातक (बीए) एवं बीएड या बीएड के समकक्ष है। जबकि प्रधानाचार्या पद की शैक्षिक अर्हता एमए और बीएड है। इसलिए बीईओ न तो शैक्षिक अर्हता रखता है और उसका विभाग भी माध्यमिक शिक्षा विभाग से अलग है। **-डॉ. नित्य प्रकाश सिंह,** राजकीय शिक्षक संघ, प्रवक्ता संवर्ग उप्र।

> हमारा पद शिक्षा विभाग का है, बेसिक और माध्यमिक बताकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। साल 2015 की एक गाइडलाइन के अनुसार हम इंटर तक के शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता, ट्रेनिंग देख सकते हैं। रही बात शैक्षणिक योग्यता की तो, हम उस मानक पर भी खरे उतरते हैं। राजकीय शिक्षकों का विरोध गलत है। **-प्रमेन्द्र शुक्ला,** अध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय विद्यालय निरीक्षक संघ।

**एक नजर**

### बच्ची से दुष्कर्म-हत्या के मामले में मौत की सजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने 2023 में सात वर्षीय एक बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के अपराध में आरोपी को गुरुवार को मौत की सजा सुनाई। दक्षिण पूर्व कोलकाता के तिलजला में पिछले वर्ष 26 मार्च को किसी काम से अपने घर से निकली बच्ची लापता हो गयी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और उसके शव को पास के एक फ्लैट से बरामद किया।

### कर्मचारी से मारपीट में विधायक पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी के खिलाफ उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में सीवेज पंपिंग स्टेशन पर दिल्ली जल बोर्ड के क्षेत्रीय सहायक 59 वर्षीय सतपाल सिंह के साथ मारपीट करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी को मिली जमानत

- सुप्रीम कोर्ट ने दी सशर्त मंजूरी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।

शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में अनियमितता करने का आरोप है।

## मां और बेटी ने मुख्यमंत्री से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

**पुलिस से उठा भरोसा**

- बेटी से दुष्कर्म किए जाने के मामले में मां ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ कर एफआर लगाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज दुष्कर्म पीड़िता और उसकी मां ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने भोट थाना पुलिस पर आरोपियों से साठगांठ करके 12 दिन में मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पुलिस ने कोर्ट के आदेश को भी तवज्जो नहीं दी।

भोट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का आरोप है कि 25 मई 2024 को सचिन और मनीष के खिलाफ बेटी से दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले की विवेचना भोट की तत्कालीन एसओ कर रही थीं।

आरोप है कि उन्होंने गवाहों और महिला के बयान दर्ज नहीं कराए। आरोपियों से साठ-गांठ करके 12 दिन में केस में फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दी। इसके बाद महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दाखिल किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने 27 अगस्त को भोट पुलिस को पुनः विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के आदेश के बाद भी भोट एसओ कहती रहीं कि उनके पास कोई आदेश नहीं आया है। कोर्ट के आदेश की कॉपी आने पर फोन करके बता दिया जाएगा। इसके बाद महिला ने 11 सितंबर 2024 को तमाम पत्रावलियां डीआईजी, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष और एसपी को भी भेजे थे। इसके बाद मामले की जांच अपराध शाखा को भेज दी गई।

आरोप है कि पीड़िता की मां 23 और 25 सितंबर को विवेचक से मिली तो उन्होंने बताया कि उनके ऊपर अधिकारियों का दबाव है इसलिए हम कुछ नहीं कर सकते हैं। महिला ने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया तो विवेचक ने कोर्ट को बताया कि जांच चल रही है। काफी परेशान होकर महिला ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर दुष्कर्म पीड़िता बेटी के साथ इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

## सांसद संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन जेल की सजा



**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया द्वारा दायर मानहानि के मामले में मुंबई की एक अदालत ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत को 15 दिन के साधारण कारावास की सजा सुनाई। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया और राउत को जमानत दे दी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने राज्यसभा सदस्य राउत को आईपीसी की धारा 500 के तहत दोषी ठहराया और 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। फैसले के बाद राउत के वकील ने सजा को स्थगित करने और उन्हें जमानत देने के लिए दो याचिकाएं दायर कीं, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार तथा पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए।

## मथुरा के मंदिरों में चढ़ेगा फल पंचमेवा और मिश्री का प्रसाद

- धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों धर्माचार्यों ने लिया फैसला

मथुरा, एजेंसी



आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में दिए जाने वाले लड्डू प्रसादम को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में पशु की चर्बी की मिलावट को लेकर उठे विवाद के बीच वृंदावन के एक स्थानीय धार्मिक संगठन धर्म रक्षा संघ ने कृष्ण नगरी के मंदिरों में मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री जैसे प्राचीन प्रसाद चढ़ाने का फैसला किया है।

संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने बुधवार को वृंदावन में विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं धर्माचार्यों की बैठक का हवाला देते हुए गुरुवार को बताया कि मथुरा के मंदिरों में बाजार में मिलने वाली मिठाइयों के बजाय फल, फूल, पंचमेवा, इलायची के बीज और मिश्री प्रसाद चढ़ाने का फैसला हुआ। यह निर्णय परिक्रमा मार्ग में स्थित श्रीभागवत मंदिरम में महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

## प्रभारी प्रधानाध्यापकों को भी मिलेगा नियमित के बराबर वेतन

**लखनऊ।** प्रभारी प्रधानाध्यापकों को जल्द ही नियमित प्रधानाध्यापक के बराबर वेतन मिलेगा। हाईकोर्ट के चार महीने पहले दिए गए निर्देश के बाद राज्य सरकार ने सैद्धांतिक रूप से सहमति दे दी है। कोर्ट ने समान कार्य के लिए समान वेतन देने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत शासन ने माध्यमिक शिक्षा विभाग से प्रस्ताव भी मांगा है। इससे विगत दो वर्षों से सरकारी और सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में कार्य कर रहे लगभग 1320 प्रभारी प्रधानाध्यापकों में न्याय की उम्मीद बढ़ गई है।

## केंद्र सरकार ने बढ़ाई श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दरें

- त्योहारों के पहले तोहफा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने त्योहारों से पहले तोहफा देते हुए श्रमिकों, खासकर असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम मजदूरी दरों में वृद्धि की घोषणा की है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि नई न्यूनतम मजदूरी दर के अनुसार क्षेत्र 'ए' में निर्माण, झाड़ू, सफाई और लदान में कार्यरत अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी दर 783 रुपये प्रतिदिन (20,358 रुपये प्रतिमाह) अर्द्धकुशल के लिए 868 रुपये प्रतिदिन (22,568 रुपये प्रतिमाह) कुशल, लिपिक एवं शस्त्र रहित चौकीदार के लिए 954 रुपये प्रतिदिन (24,804 रुपये प्रतिमाह) तथा उच्च कुशल एवं शस्त्र सहित चौकीदार के लिए 1,035 रुपये प्रतिदिन (26,910 रुपये प्रतिमाह) होगी। सरकार के इस कदम से केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में भवन निर्माण, लदान, वॉच एंड वार्ड, स्वीपिंग, सफाई, हाउसकीपिंग, खनन और कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगे श्रमिकों को संशोधित मजदूरी दरों से लाभ मिलेगा। नई मजदूरी दरें एक अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। पिछला संशोधन अप्रैल 2024 में किया गया था।

## सरकार ने आधार, पैन का ब्योरा देने वाली वेबसाइटें कीं ब्लॉक

- सीईआरटी-इन ने इन वेबसाइट में पाई थीं कई सुरक्षा कमियां

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक किया है।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा कमियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक किया है। मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारतीयों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील जानकारियों को उजागर कर रही थीं। सरकार सुरक्षित साइबर सुरक्षा व्यवहार और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार अधिनियम, 2016 के तहत आधार से जुड़े विवरण के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक संबंधी प्रावधान के उल्लंघन पर पुलिस से शिकायत की है।

## कर्नाटक ने सीबीआई जांच के लिए दी गई सहमति वापस ली

- सिद्धारमैया सरकार ने लिया फैसला

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार को वापस लेने का फैसला किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है। दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के अनुसार, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है। इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे। सामान्य सहमति वापस ले ली गई है।

## नागालैंड-अरुणाचल प्रदेश में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली।** नागालैंड के आठ और अरुणाचल प्रदेश के तीन जिलों एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में सशस्त्र बल (विशेषाधिकार) अधिनियम (अफस्पा) और छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है।

किसी क्षेत्र या जिले को अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है ताकि वहां सशस्त्र बलों की गतिविधियों को सुगम बनाया जा सके। अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में तैनात सशस्त्र बलों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यकता होने पर तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और गोलियां चलाने के व्यापक अधिकार मिलते हैं।

# कचहरी का स्टाफ ही अपराधियों पर कार्रवाई में बाधा

### स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने हत्या की कोशिश के मामले में फैसला सुनाते हुए जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**खाकी भी अपराधियों की साथी...**

- कई केस में सुनवाई पूरी, पूरे साक्ष्य, फिर भी सजा न होने पर तल्ख हुए जज
- माफिया किस्म के अपराधियों को जिले की ही जेल में रखना भी उचित नहीं

**अमृत विचार :** कचहरियों का स्थानीय स्टाफ ही अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई में सबसे बड़ी बाधा है। उसी की वजह से अपराधियों के खिलाफ सुनवाई में देरी होती है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को यह टिप्पणी पिछले विधानसभा चुनाव में आप प्रत्याशी कृष्णा भारद्वाज की हत्या की कोशिश के मामले में दोषी पाए गए हिस्ट्रीशीटर ललित सक्सेना को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए की।

दरअसल, स्पेशल जज ने सुनवाई के दौरान पाया कि ललित सक्सेना के खिलाफ दर्ज 12-13 साल पुराने कई और केस में सुनवाई पूरी हो चुकी है, उसके खिलाफ भरपूर साक्ष्य भी हैं, फिर भी उसे सजा नहीं हुई है। कोर्ट ने ललित को उम्रकैद की सजा सुनाते हुए कहा कि अगर उसे पहले ही अपराध की सजा मिल गई होती तो वह इतना बड़ा हिस्ट्रीशीटर नहीं बन पाता। कहा, इसका कारण यह भी है कि जिला न्यायालय में निचली श्रेणी के तमाम कर्मचारी स्थानीय होते हैं जो अपराधियों से साठगांठ कर लेते हैं। इससे केस का त्वरित विचारण नहीं हो पाता। स्पेशल जज ने कचहरी के स्थानीय स्टाफ को अपराधियों के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही में सबसे बड़ी बाधा बताया। कहा, महत्वपूर्ण कोर्ट में कुछ विशेष प्रकार के कर्मचारियों की ही तैनाती की जाती है। यह भी कहा कि गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटरों को सजा के बाद भी स्थानीय जेलों में रखना भी ठीक नहीं है। इस वजह से वे किसी न किसी तरह षड्यंत्र कर आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो जाते है। आदेश में कहा कि संभव हो तो ललित सक्सेना को जिले के बाहर किसी जेल में रखा जाए।

**सीओ 15 महीने तक दबाए रहीं चार्जशीट, जांच का आदेश**

कृष्णा भारद्वाज केस की चार्जशीट 2 मई 2023 को कोर्ट के समक्ष पेश की गई जबकि केस 21 नवंबर 2021 को दर्ज हुआ था। केस डायरी का आखिरी पर्चा 23 फरवरी 2022 को कटने के साथ विवेचना पूरी हो गई थी। चार्जशीट 24 फरवरी 2022 को सीओ श्वेता यादव को भेज दी गई थी, लेकिन उन्होंने उसे 15 महीने बगैर किसी अधिकार रोके रखा। पुलिस रेगुलेशन एक्ट के पैरा 122 के अनुसार सात दिन से ज्यादा सीओ अपने पास चार्जशीट नहीं रोक सकते। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि तत्कालीन सीओ ने अपने अधिकार का घोर दुरुपयोग कर अभियुक्त को लाभ पहुंचाया। इसलिए उनके विरुद्ध जांच और विभागीय कार्रवाई जरूरी है। कोर्ट ने आदेश की प्रति एसएसपी, एडीजी बरेली जोन और मुख्य सचिव को भेजी है।

चुनाव प्रचार से लौटते वक्त किया था हमला...पेज-3

# रबड़ फैक्ट्री: बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी में अलग वाद दायर करेगा प्रशासन

## करीब 14 सौ एकड़ जमीन राज्य सरकार के पक्ष में वापस लेने के लिए नए सिरे से कानूनी स्टैंड लेने की तैयारी, राज्य सरकार से मांगी अनुमति

राकेश शर्मा, बरेली

- मुंबई के दो बड़े वकीलों के नाम भी तय किए, फीस शेड्यूल मंजूरी के लिए भेजा
- मंडलायुक्त और यूपीसीडा ने शासन को लिखे पत्र, जल्द निर्णय लेने का आग्रह

**अमृत विचार:** रबड़ फैक्ट्री की करीब 14 सौ एकड़ जमीन राज्य सरकार के पक्ष में वापस लेने के लिए जिला प्रशासन ने बॉम्बे हाईकोर्ट में पहले से चल रहे केस से अलग नया वाद दायर करने के साथ डीआरटी (ऋण वसूली न्यायाधिकरण) में भी वाद दायर करने का फैसला लिया है। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। दोनों कोर्ट में याचिका दाखिल करने के लिए मुंबई के दो नामचीन वकीलों के नाम भी तय कर दिए गए हैं। अब राज्य सरकार से याचिका दाखिल करने की अनुमति मांगने के साथ दोनों वकीलों के फीस शेड्यूल की भी मंजूरी मांगी गई है।

रबड़ फैक्ट्री की जमीन को राज्य सरकार के पक्ष में लेने का केस काफी समय से बॉम्बे हाईकोर्ट में अटका हुआ है। करीब दो महीने पहले इस मुद्दे पर शासन की ओर से लखनऊ में महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई थी। इसके बाद नए सिरे से अलग-अलग वाद दायर करने के लिए मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की ओर से 17 सितंबर को प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास को पत्र भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील अनिल सिंह की ओर से रबड़ फैक्ट्री के केस में हाईकोर्ट और डीआरटी मुंबई में जमीन का कब्जा वापस लेने के संबंध में अलग वाद दाखिल करने की योजना की जानकारी दी गई थी।

इसके बाद 23 सितंबर को यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार की ओर से भी उप सचिव औद्योगिक विकास को पत्र लिखा गया जिसमें मंडलायुक्त की ओर से 17 सितंबर को भेजे पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का अनुरोध किया गया है। पत्र में वाद दाखिल करने के लिए अधिवक्ता आदित्य ठक्कर और सौभाग्य अग्रवाल को नामित किए जाने की जानकारी देते हुए उनसे याचिका तैयार कराने और उसकी प्रभावी पैरवी के साथ बहस करने के लिए उत्तर प्रदेश शासन से आबद्ध करने का अनुरोध किया गया है।

पत्र में दोनों वकीलों को शासन से आबद्ध करने के संबंध में उनकी फीस के शेड्यूल की भी संस्तुति की गई है। इसके साथ बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी मुंबई में याचिका दाखिल करने के संबंध में शासन स्तर पर जल्द निर्णय लेने का भी आग्रह किया गया है।



अब नए सिरे से कानूनी पक्ष तैयार करने की तैयारी शुरू की गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट और डीआरटी में

### फिलहाल राज्य सरकार पक्षकार है रबड़ फैक्ट्री केस में

बॉम्बे हाईकोर्ट में पिटीशन नंबर 999/2020 अलकेमिस्ट एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन लिमिटेड बनाम मेसर्स सिंथेटिक एंड केमिकल्स लिमिटेड व अन्य के केस में राज्य सरकार पक्षकार है। राज्य सरकार की ओर से हस्तक्षेप आवेदन के दाखिल किए जाने के बाद से लगातार तारीखें पड़ रही हैं। सभी पक्षों से बहस भी हो चुकी है। हाईकोर्ट में 10 सितंबर को भी इस केस की तारीख थी लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। सरकार पहले से मजबूत पैरवी कर रही है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल सी सिंह ने कई तारीखों पर मुंबई जाकर पैरवी की है।

### 1999 में बंद हो गई थी रबड़ फैक्ट्री

फतेहगंज पश्चिमी में रबड़ फैक्ट्री स्थापित करने के लिए 1960 के दशक में मुंबई के सेठ किलाचंद को 3.40 लाख रुपये लेकर 1382.23 एकड़ भूमि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने लीज पर दी थी। लीज डीड में यह शर्त शामिल थी कि फैक्ट्री बंद होने पर सरकार जमीन वापस ले लेगी लेकिन ऐसा हो नहीं पाया था। फैक्ट्री 15 जुलाई 1999 को बंद हो गई। अब केस बॉम्बे हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

# अब सड़क पर दशहरा मेला लगाने का किया एलान

## नगर निगम के पुराने ग्राउंड पर मेला आयोजन अनुमति न देने से नाराज रामलीला कमेटी ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नाजुक मोड़ पर पहुंची 52 साल पुरानी रामलीला दशहरा मेला की परंपरा
- नगर निगम के अफसर परंपरागत जमीन पर अनुमति देने को तैयार नहीं

**अमृत विचार :** जोगी नवादा में 52 साल पुरानी दशहरा मेले की परंपरा अंत के निकट पहुंच गई है। रामलीला समिति के पदाधिकारियों के क्षेत्रीय जनता के साथ सड़क पर टेंट लगाकर धरना देने का भी कोई नतीजा नहीं निकला। नगर निगम बृहस्पतिवार को भी दशहरा मेले की अनुमति देने पर सहमत नहीं हुआ तो भाजपा समर्थक समिति के पदाधिकारियों ने एलान कर दिया कि वह रामलीला दशहरा मेले लगाने की परंपरा टूटने नहीं देगी। नगर निगम ने जमीन नहीं दी तो सड़क पर मेला लगेगा।

श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर ने सुनियोजित ढंग से नगर निगम प्रशासन पर दशहरा मेले का आयोजन बंद करा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिस ग्राउंड पर दशहरा मेला लगता था, नगर निगम ने दो-तीन महीने पहले उसकी सफाई कराने की बात कही थी। यह भरोसा भी दिलाया था कि दशहरा मेले के आयोजन में कोई दिक्कत नहीं होगी लेकिन तीन-चार दिन पहले रात में गड्ढे खोदकर बड़े-बड़े पौधे लगवा दिए। इससे साफ है कि नगर निगम प्रशासन यहां रामलीला दशहरा मेला नहीं लगने देना चाहता है। तभी से इसका विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह मानने से उन्हें कोई इन्कार नहीं है कि यह जमीन नगर निगम है, लेकिन वह इस पर 18 दिन के लिए दशहरा मेला लगाने की अनुमति ही मांग रहे हैं। इस बात का कष्ट है कि पुरानी धार्मिक परंपरा को इस तरह बंद कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉडल टाउन का दशहरा मेला भी बंद हो गया है। शहर में एक-एक कर धार्मिक परंपराओं को मिटाया जा रहा है। नगर निगम के अफसर एक-दूसरे पर टालमटोल कर रहे हैं। उधर, हिंदू जागरण के मंच के पदाधिकारी दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि 52 वर्ष पुरानी जोगी नवादा की रामलीला प्रकरण में रामलीला कमेटी के साथ शुक्रवार सुबह साढ़े 11 बजे मेयर उमेश गौतम से बातचीत की जाएगी।

### भाजपा नेताओं से कोई मदद न मिलने पर भी गुस्सा

श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर का कहना है कि उनकी पूरी कमेटी भाजपा समर्थक है। इसके बाद भी एक भी जनप्रतिनिधि उनके धरने में नहीं आया। चुनाव आता है तो पूरी कमेटी भाजपा के साथ खड़ी होती है। भाजपा को पूरे दमखम से हमेशा समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात एसीएम प्रथम, इंस्पेक्टर बारादरी और नगर निगम के जेई आए थे। कहा था कि मेला लगाने के लिए सुबह मंदिर के सामने दूसरे ग्राउंड में मिट्टी डलवाकर उसे समतल करा दिया जाएगा लेकिन दोपहर बाद तक उस ग्राउंड में भी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। मेला संरक्षक हरिओम राठौर ने कहा कि दूसरा ग्राउंड देने की बात भी झूठी है। समिति के पदाधिकारी शुक्रवार तक देखेंगे कि नगर निगम कहां जगह दे रहा है। इसके बाद समिति सड़क पर ही मेला लगाने की तैयारी करेगी।

### गणेश पूजन के साथ वनखंडी नाथ मंदिर पर रामलीला शुरू



**बरेली :** श्री रामलीला समिति के तत्वावधान में बाबा बनखंडी नाथ मंदिर पर गुरुवार की देर शाम रामलीला शुरू हो गई। गणेश पूजन व हवन कर शुरूआत की गयी। विधिवत पूजा अर्चना कर विराट दशहरा मेला भी आरंभ किया गया। वृंदावन के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। कलाकार गुरुवार की शाम ही पहुंच गए। गणेश पूजन व हवन में प्रमुख रूप से मेला समिति के संयोजक गिरधारी लाल साहू पप्पू, अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर, संरक्षक हरिओम राठौर, पंडित सुनील दत्त शर्मा, लक्ष्मी नारायण राठौर, मुन्नालाल राठौर, सत्येंद्र राठौर, विशाल राठौर, अभिषेक गुप्ता बंटी, विजय साहू, विक्रम राठौर, डॉक्टर बनवारी लाल शर्मा, अनिल शर्मा, पार्वती प्रजापति, डॉ हरिओम शर्मा, विजय राठौड़, राहुल राठौर आदि मेला समिति व क्षेत्रीय लोग पूजा में शामिल हुए।

# 20 हजार में दो यूनिट खून दिलाने वाले को दबोचा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहचान छिपा कर खून दिलाने का किया था सौदा, कुछ लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार :** इज्जतनगर के एक युवक अपनी पहचान छिपाकर 20 हजार रुपये में दो यूनिट खून दिलाने का सौदा किया। उसने एक युनिट खून दिला दिया। कुछ संगठन के लोगों ने मौके पर जाकर उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

शाही निवासी नंदकिशोर की पत्नी बीमार हैं और एक निजी अस्पताल में भर्ती है। उसे दो यूनिट खून की जरूरत थी। आरोप है कि इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहपुरा चौधरी निवासी अतीक अहमद ने धर्म और पहचान छिपा कर उनसे दो यूनिट खून दिलाने का सौदा 20 हजार रुपये में तय किया। जिसके बाद उसने एक यूनिट खून दिला दिया। उसने दूसरी यूनिट दिलाने के लिए नंदकिशोर को बसंत बिहार चौराहे पर बुलाया। इस दौरान कुछ संगठन के लोगों को इसकी जानकारी हुई। संगठन के लोगों ने मौके पर पहुंच कर उसे धर दबोचा। उसके बाद पुलिस बुलाकर उसे सौंप दिया। संगठन के लोगों का आरोप है कि अतीक ने अपना धर्म और पहचान छिपाकर खून दिलाया है, हालांकि पुलिस अतीक अहमद से पूछताछ कर रही है। पुलिस को अभी किसी भी तरफ से तहरीर नहीं मिली है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि अतीक ने कहां से खून दिलाया है, इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

> इज्जतनगर पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आरोप है कि वह खून दिलाने के नाम पर दलाली करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसने किस ब्लड बैंक से खून दिलवाया है। उसकी भी जांच की जाएगी।
> –**मानुष पारीक**, एसपी सिटी

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी।

33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर के कथा स्थल में रासलीला सुबह 9 बजे से। श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला कमेटी समिति की चौधरी तालाब में रामलीला की शुरुआत शाम 7 बजे।
- माहौर वैश्य धर्मशाला नवदुर्गा मंदिर रोहली टोला में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 4 बजे।
- जोगी नवादा में रामलीला की शुरुआत शाम 7 बजे।
- संकल्प सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था की ओर से भगतसिंह की जंयती पर मॉडल टॉउन स्थित भगत सिंह पार्क में कार्यक्रम शाम 5 बजे।
- भारतीय किसान यूनियन की नेहरू युवा केंद्र में महापंचायत सुबह 10:30 बजे और मंडलायुक्त को ज्ञापन दोपहर 2 बजे।

## एक नजर

### दशहरा मेला पर रोक पर भड़के शिवसैनिक



**बरेली, अमृत विचार :** नवरात्रि में मंदिरों के आसपास मांस, मदिरा और अंडे की दुकानों को बंद कराने और जोगी नवादा में दशहरा मेला आयोजित करने को लेकर गुरुवार को शिवसेना ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में नगर मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को सौंपा।

प्रदेश सचिव अनिल मिश्रा ने कहा कि नवरात्रि में मंदिरों के आसपास मांस, मंदिरा की बिक्री न हो। जिला प्रमुख दीपक पाठक ने कहा कि सिटी श्मशान भूमि और गोशाला के पास हो रहे मुर्गी कटान फॉर्म को बंद किया जाए। जोगी नवादा में रामलीला समिति को पारंपरिक दशहरा मेला आयोजित करने को लेकर अनुमति दी जाए। मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, सुधा शर्मा, जोत कौर , रेखा रस्तोगी, कुंती साहू, ममता साहू, शैलेश, राकेश यादव, अंकुर अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

### पुल पर जलीं लाइटें लेकिन रास्ते की अभी नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया में पुल पर हाईमास्ट लाइटें कई महीने बाद जलने लगी हैं, हालांकि अभी स्ट्रीट लाइटें जलनी शुरू नहीं हुई हैं। नकटिया से सेटेलाइट तक दोनों तरफ की लाइटें कई महीने से बंद पड़ी हैं।



बृहस्पतिवार को तेज धूप के साथ बादल छाए रहे, हार्टमन पुल के पास इस संयोग ने अद्भुत नजारा बना दिया। ● अमृत विचार

# हाउस टैक्स : किसी को मजा... किसी को सजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक तरफ गलत बिलों से लोग परेशान, दूसरी तरफ 28 हजार आईडी के बकाया का रिकॉर्ड गायब
- ढाई हजार करोड़ का बकाया भी दिखा रहा सॉफ्टवेयर, अफसरों के छूट रहे पसीने

**अमृत विचार :** नगर निगम में टैक्स विभाग के पूरे सिस्टम को इस कदर उलझा दिया गया है कि सबकुछ उलट-पलट गया है और अब एक सिरा हाथ नहीं आ रहा है। एक तरफ हजारों लोग गलत बिलों से परेशान हैं तो दूसरी तरफ जीआईएस सर्वे के बाद 28 हजार भवनों के पुराने बकाये का रिकॉर्ड गायब हो गया है। ऊपर से सॉफ्टवेयर पर दिख रहा ढाई हजार करोड़ का बकाया भी टैक्स विभाग के पसीने छुड़ा रहा है। अफसर इसे गलत तो करार दे रहे हैं लेकिन अब तक गलत साबित नहीं कर पाए हैं।

पिछले वित्तीय वर्ष तक शहर में 1.45 लाख भवनों से टैक्स की वसूली होती थी। जीआईएस सर्वे में 82,897 भवन बढ़ने के बाद अब 2.28 लाख भवन टैक्स के दायरे में आ गए हैं। मगर समस्या यह है कि नए सर्वे के बाद 28 हजार 14 भवनों की आईडी का पुरानी आईडी से मिलान नहीं हो पा रहा है। जोन एक में यह संख्या 7584, दो में 6064, तीन में 7730 और चार में 6636 है। इन भवनों पर करोड़ों का बकाया होने का अनुमान है लेकिन आईडी का मिलान न होने से पुराना बकाया नहीं दिख रहा है। इससे टैक्स विभाग परेशान है।

> सॉफ्टवेयर पर ढाई हजार करोड़ का बकाया दिख रहा है। मैंने जब चार्ज संभाला था तभी शक था कि यह गलत है। इसमे सुधार किया जा रहा है। वर्तमान में करीब 450 करोड़ रुपये बकाया है जिसे जमा कराने की कोशिश की जा रही है। – **प्रदीप कुमार** मिश्र, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

### अब तक सिर्फ 8.52 करोड़ की वसूली

टैक्स विभाग ने पिछले वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक 55 करोड़ 76 लाख 41 हजार रुपये जमा कराया था लेकिन इस वित्तीय वर्ष के छह महीने गुजर लाने के बाद भी अब तक सिर्फ 8.52 करोड़ का ही हाउस टैक्स जमा हो पाया है। भवनों की संख्या बढ़ने के बाद इस बार वसूली का लक्ष्य बढ़ा है, लेकिन उसके पूरे हो पाने के आसार कम ही लग रहे हैं।

अफसरों का एक और सिरदर्द यह है कि विभाग के साफ्टवेयर पर बकाया की कुल राशि ढाई हजार करोड़ रुपये दिख रही है। विभागीय अधिकारी यह डाटा त्रुटिपूर्ण होने का अंदेशा जता रहे हैं, तर्क दिया जा रहा है कि ऐसे लोगों की काफी संख्या है जिनका बिल हजारों में होना चाहिए लेकिन लाखों में जारी हो गया है। कई साल से बकाया होने के कारण पुराने नियम के तहत चक्रवृद्धि ब्याज लगकर बकाया राशि बढ़ गई। टैक्स विभाग के अधिकारी ढाई हजार करोड़ के बजाय साढ़े चार सौ करोड़ का बकाया होने का अनुमान जता रहे हैं। इसमें भी 2150 करोड़ का अंतर है। विभाग को यह गणित ठीक करने का रास्ता फिलहाल सूझ नहीं रहा है।

# बजट मिलने के बाद भी नशा मुक्ति केंद्र की नहीं हो सकी स्थापना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला अस्पताल में स्थापित होना है केंद्र, प्रक्रिया अधर में लटकी
- छह माह पहले आया था बजट, मन कक्ष में बढ़ रहे नशे के रोगी

**अमृत विचार :** बजट मिलने के बाद भी जिला अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना नहीं हो सकी है। नशे की लत से मानसिक रोग की चपेट में आए मरीजों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। मन कक्ष में लगातार नशे के रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

छह महीने पहले शासन ने नशा मुक्ति केंद्र बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इसके साथ ही बजट भेज दिया गया था। उम्मीद थी कि जल्द केंद्र स्थापित हो जाएगा, मगर ऐसा नहीं हो सका। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अस्पताल परिसर में पुराने एक्स-रे भवन में केंद्र स्थापित कराया जा रहा है।

हर माह में 15 से 20 किशोर मिल रहे नशे की गिरफ्त में

मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष के अनुसार गत वर्ष जांच के दौरान एक हजार से अधिक ऐसे मरीज सामने आए थे, जिन्हें नशे की गंभीर लत थी। इन मरीजों को विशेष उपचार देने के इंतजाम न होने से अस्पताल के वार्डों में ही भर्ती किया गया। वहीं, किशोर वर्ग तेजी से नशे की ओर बढ़ रहा है। हर माह 10 से 17 वर्ष के किशोर नशे की आदी होने पर इलाज के लिए आ रहे हैं, जो कि तंबाकू, एल्कोहल समेत अन्य नशे की लत में हैं।

### नशे के लती एचआईवी संक्रमितों के लिए वार्ड आरक्षित

नशे के लती एचआईवी संक्रमितों के लिए अस्पताल में वार्ड आरक्षित किया गया है, जबकि सामान्य मरीजों के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उनका इलाज पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है।

### निजी सेंटरों पर हजारों का खर्च

सरकारी नशा मुक्ति केंद्र न होने के कारण मरीजों को निजी सेंटरों का रुख करना पड़ रहा है। इन सेंटरों में इलाज का खर्च 10 से 15 हजार रुपये महीना है। जिले में निजी नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या 10 से अधिक है।

> नशा मुक्ति केंद्र का निर्माण चल रहा है। हालांकि, अभी मानव संसाधन की तैनाती और किन मरीजों को इसका लाभ मिलेगा, इसकी गाइडलाइन नहीं मिली है। मन कक्ष में आने वाले मरीजों को भर्ती कर इलाज के लिए वार्ड आरक्षित है।
> –**डॉ. अलका शर्मा**, एडीएसआईसी जिला अस्पताल

## आईडीए की कार्यकारिणी भंग

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की कार्यकारिणी भंग हो गई है।इसके पीछे बायलॉज के नियमों की अनदेखी का कारण बताया जा रहा है। इस वर्ष हुए चुनाव में बरेली शाखा के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. दिनेश राय अध्यक्ष और डॉ. अनूप आर्या सचिव बने थे। इस संबंध में पदाधिकारियों में शामिल डॉ. नितिन अस्थाना ने बताया कि बायलॉज के नियमों की अनदेखी के चलते कार्यकारिणी भंग हुई है। वर्तमान में वह कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका में हैं। कहा कि जल्द नवीन कार्यकारिणी के लिए चुनाव होंगे।

## रेलवे ने एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का लिया निर्णय

**बरेली अमृत विचार:** रेलवे ने त्योहार पर एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे अब तक 37 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा कर चुका है। स्पेशल ट्रेन 03423 भागलपुर-हरिद्वार 7 अक्टूबर से 25 नवंबर तक हर सोमवार को भागलपुर से दोपहर 3:55 पर चलकर अगले दिन सुबह 8:30 बजे बरेली जंक्शन आएगी और शाम 5 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। 03424 हरिद्वार- भागलपुर स्पेशल ट्रेन 8 अक्टूबर से 26 नवंबर तक हर मंगलवार को शाम 7:55 बजे हरिद्वार से चलकर रात 12: 20 बजे बरेली आएगी।

## पुरानी पेंशन: कर्मचारियों के जुलूस से लगा जाम



पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग करते हुए कई विभागों के कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को शहर में जुलूस निकाला तो कई सड़कों पर जाम लग गया। कर्मचारियों का समूह मार्च करते हुए सेठ दामोदर स्वरूप से कलेक्ट्रेट तक पहुंचा तो जिलाधिकारी आवास के पास भी भीषण जाम लग गया। घंटों जाम में वाहन फंसे रहे। बरेली कॉलेज के पास रोजगार मेले में बेरोजगारों की भीड़ से यातायात प्रभावित हुआ। ● अमृत विचार

# कुत्ता पालने की लाइसेंस फीस 50 रुपये से बढ़कर पांच हजार तक पहुंची

## नगर निगम ने लागू किए नए नियम, सुरक्षा संबंधी मानक सख्त बनाने के साथ न्यूनतम दो सौ गज का मकान होना भी अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** कुत्ता पालने के लिए नगर निगम को अब तक सिर्फ 50 रुपये की वार्षिक लाइसेंस फीस देनी होती थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर पांच हजार रुपये तक कर दिया गया है। कुत्ता पालने वालों के लिए सुरक्षा संबंधी मानकों को सख्त बनाए जाने के साथ न्यूनतम दो सौ वर्ग गज का मकान होने की अनिवार्यता भी लागू की गई है।

नगर निगम ने कुत्ता पालने वालों के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। इनके मुताबिक रजिस्ट्रेशन कराकर लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। लाइसेंस की अवधि 1 अप्रैल से 31 मार्च तक की होगी। हर साल अप्रैल के पहले सप्ताह में ही नवीनीकरण के लिए आवेदन करना अनिवार्य होगा वर्ना पांच सौ रुपये का विलंब शुल्क भी भरना पड़ेगा। सुरक्षा मानकों को पूरा न करने या बगैर रजिस्ट्रेशन कराए कुत्ता पालने पर नगर निगम की ओर से पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा, साथ ही कुत्ता भी जब्त कर लिया जाएगा।

### इन शर्तों का करना होगा पालन

- कुत्ते के गले में चमड़े की मजबूत बेल्ट से नगर निगम का टोकन बंधा होना चाहिए ताकि निरीक्षण के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दे।
- कुत्ते के मर जाने या बेच दिए जाने की स्थिति में 15 दिन के अंदर अनिवार्य रूप से इसकी नगर निगम को सूचना देनी होगी।
- कुत्तों के नियमित रूप से टीकाकरण के साथ नसबंदी कराना भी कुत्ता पालने वाले व्यक्ति की जिम्मेदारी होगी।
- दो कुत्ते पालने के लिए न्यूनतम दो सौ वर्ग गज और चार कुत्ते पालने के लिए तीन सौ वर्ग गज का आवास होना अनिवार्य।

### गंदगी करने पर पांच सौ का जुर्माना

पालतू कुत्ते के सावर्जनिक स्थान पर गंदगी करने पर पांच सौ रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। नियमों में कुत्ते के गले में छोटा पट्टा डालकर टहलाने की बात कही गई है।

### लाइसेंस फीस

छोटे और नॉन ब्रीडिंग कुत्ते के लिए पांच सौ रुपये, बड़े के लिए एक हजार, ब्रीडिंग के लिए कुत्ते पालने वालों को प्रति कुत्ता पांच हजार रुपये की लाइसेंस फीस अदा करनी होगी।

> पालतू कुत्तों का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए नए नियम के तहत वार्षिक शुल्क का निर्धारण किया गया है। कुत्ता पालने के लिए नियमों का पालन न करने वालों पर जुर्माना भी लगेगा। – डॉ. आदित्य तिवारी, पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी

### पिटबुल, रॉटविलर समेत 23 प्रजातियों के कुत्ते पालने पर प्रतिबंध

नगर निगम क्षेत्र में पिटबुल समेत 23 प्रजातियों के कुत्तों के पालने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन प्रजातियों के कुत्तों का रजिस्ट्रेशन नगर निगम नहीं करेगा। इसमें पिटबुल, अमेरिकन बुलडॉग, रोडेशियन रिजवैक, साउथ रशियन शेफर्ड डॉग, रॉटविलर, पिटबुल टेरियर, वोल्फ डॉग, मास्को गार्ड, केन कार्सो, जैपनीज टोसा और अकीता, मिस्टिफ, कैनेरियो, बैनडॉग, टोसा इनू, काकेशियन शेफर्ड डॉग, फिला ब्राजीलेरियो, अक्वाश, सेंट्रल एशियन शेफर्ड डॉग, टेरियर्स, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टैरियर, कैंगल, डोगो अर्जेंटीनो,बोजबोएल, तोरनजैक सरप्लैनिनॉक प्रजाति के कुत्ते शामिल हैं।

एक नजर

### ताला तोड़कर वकील के घर पर किया कब्जा

**बरेली,अमृत विचार :** जगतपुर में वकील के घर का ताला तोड़कर दबंगों ने कब्जा कर लिया और सामान लेकर चले गए। अधिवक्ता की अधिवक्ता की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मूलरूप से अलीगंज के गांव बिहारीपुर देह जागीर निवासी वकील इमरान रजा ने बताया कि वह कुछ दिनों से एजाजनगर गौंटिया में मकान खरीदकर रह रहे हैं। उनका आरोप है कि मोहल्ले के ही रिफाकत, हबीब अहमद उर्फ गुड्डू, महबूब सीतापुर वाले, एजाज उर्फ बाबू, शेर अली, इरशाद ने उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी तो उन्होंने इन्कार कर दिया। वह घर के बाहर बाजार में चाय पीने गए कि तभी सभी आरोपी मकान का ताला तोड़कर घर में घुस गए और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर, कपड़ों का बैग और न्यायिक कार्य से संबंधित पत्रावली, गैस सिलेंडर, चूल्हा समेत अन्य सामान उठा ले गए। जब वह वापस आए तो रिफाकत और महबूब ने जान से मारने की धमकी दी और घर में जबरन महिलाओं को बैठा दिया। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### सूचना विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी की काटी जेब

**बरेली, अमृत विचार :** ऑटो में सूचना विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी की जेब काटकर पांच हजार रुपये पार कर दिए। रिटायर्ड कर्मचारी थाना प्रेमनगर में शिकायत करने गए तो पुलिस ने थाना इज्जतनगर का घटनास्थल बताकर टरका दिया। अब वह शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत करेंगे। प्रेमनगर थाने के पास हंस भवन कॉलोनी निवासी बलवीर सहाय गंगवार ने बताया कि गुरुवार शाम को वह हाफिजगंज के गांव बढ़ेपुरा से बरेली आ रहे थे। बैरियर दो के पास से ऑटो में बैठे थे। जब वह धर्मकांटा चौराहे पर उतरे तो उन्हें पता चला कि किसी ने उनकी जेब काट ली है, जेब में पांच हजार रुपये थे।

# आंवला में कल से फिर मोर्चा खोलने के लिए व्यापारी तैयार

## व्यापारी श्रीकांत पाटिल की हत्या करने वाले चोर पकड़ने को पुलिस के पास आज भर की मोहलत, अब तक कोई खास सुराग नहीं

संवाददाता, आंवला

- एसएसपी ने इंस्पेक्टर को हटाया, मीरगंज से कुंवर बहादुर को आंवला में दी तैनाती

**अमृत विचार :** चोरों की गोली से व्यापारी श्रीकांत पाटिल की मौत की घटना के बाद कस्बे का माहौल अब तक गर्म है। पुलिस की ओर से व्यापारियों से ली गई दो दिन की मोहलत शुक्रवार को पूरी हो जाएगी। व्यापारियों ने बृहस्पतिवार शाम बैठक कर रणनीति बनाई ताकि खुलासा न होने की स्थिति में पुलिस के खिलाफ नए सिरे से मोर्चा खोला जा सके।

इस बीच मोहलत खत्म होने से पहले ही एसएसपी ने इंस्पेक्टर आंवला सिद्धार्थ सिंह तोमर को हटाकर मीरगंज में तैनात कर दिया। उनकी जगह इंस्पेक्टर मीरगंज कुंवर बहादुर सिंह को तैनाती दी गई है।

श्रीकांत पाटिल उर्फ मराठा की मौत के बाद व्यापारियों में भारी गुस्सा है। बुधवार को बाजार बंदी के दौरान मंत्री की मध्यस्थता में पुलिस ने घटना के खुलासे के लिए दो दिन की मोहलत मांगी थी जो शुक्रवार को पूरी हो जाएगी। इससे पहले ही बृहस्पतिवार शाम व्यापारियों ने बैठक कर इसके आगे की रणनीति तैयार की। व्यापारी नेता सुनील गुप्ता ने बताया कि व्यापारियों को अपने व्यवसाय और अपनी सुरक्षा का डर सता रहा है।

उन्होंने बताया कि 19 सितंबर की रात चोरों ने जिस जगह श्रीकांत पाटिल को गोली मारी थी, वहां से कस्बे की पुलिस चौकी बमुश्किल सौ मीटर दूर है।

पुलिस को लोगों ने कई बार फोन किया लेकिन वह 55 मिनट बाद मौके पर पहुंची थी। अगले दिन व्यापारियों ने थाने का घेराव किया तो इंस्पेक्टर ने दो दिन में खुलासा करने का भरोसा दिलाया लेकिन हाथ पर हाथ रखकर बैठे रहे। उन्होंने कहा कि बुधवार को व्यापारियों ने बाजार बंद किया तो मंत्री धर्मपाल सिंह ने एसएसपी से बात कर पुलिस को दो दिन का समय दिया है। शुक्रवार रात तक खुलासा न होने की स्थिति में व्यापारियों ने बैठक कर रणनीति तैयार कर ली है। वहीं देर रात एसएसपी ने आंवला इंस्पेक्टर को हटा दिया है।

## अब व्यापारी के गोदाम से 105 कट्टे खाद्यान्न चोरी

- व्यापारी के ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादा गल्ला, दूसरी गाड़ी के टायर पंक्चर किए
- आंवला में चोरों की तलाश का दावा कर रही पुलिस की एक और फजीहत

**आंवला :** चोरों की नजर में पुलिस की क्या बिसात रह गई है, बृहस्पतिवार को एक और वारदात कर उन्होंने यह जता दिया। श्रीकांत पाटिल को गोली मारने वाले चोरों की तलाश में हर तरफ खाक छानने के पुलिस के दावे को गलत साबित करते हुए एक व्यापारी के गोदाम में नकब लगाकर 105 कट्टे राशन उड़ा दिया और उसे व्यापारी के ही ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही भर ले गए। तिजोरी से 15 हजार रुपये भी ले गए।

खनगवां श्याम के पूर्व प्रधान राजेश कुमार की मऊचंदपुर गांव में जय महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी के नाम से खाद्यान्न की आढ़त है, बारी खेडा मार्ग पर उन्होंने गोदाम बना रखा है। बुधवार रात चोर नकब लगाकर गोदाम में घुस गए। पहले कार्यालय में रखी अलमारी तोड़कर 15 हजार रुपये निकाल लिए। फिर गोदाम में ही खड़ी ट्रॉली में 21 कट्टे चावल, चार कट्टे सरसों, 80 कट्टे गेहूं भर ले गए। जाने से पहले गोदाम में खड़ी ईको कार के सारे टायर भी पंक्चर कर दिए। राजेश ने


गोदाम से चोरी के बाद मौके पर इकट्ठे लोग। • अमृत विचार

बताया कि चोर उनका ट्रैक्टर रेवती गांव के मोड़ छोड़ गए लेकिन ट्रॉली ले गए। उनके ट्रैक्टर से बैटरी, हिच की पिन और पटिया भी निकाल ली।

## बकाया वसूली करने गई बिजली टीम पर हमला

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज के गांव मथुरापुर में बिल बकाया वसूली करने गई बिजली टीम पर उपभोक्ता ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। एक लाइनमैन को जमीन पर गिरा दिया और बाकी साथियों ने भाग कर जान बचाई। एक लाईन मैन की पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। बाकी साथियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। परसाखेड़ा विद्युत सब स्टेशन पर तैनात लाइनमैन, लक्ष्मण प्रसाद, अकील, राजेश कुमार, शिवम, मोरपाल, कमल गुरुवार दोपहर में डेढ़ बजे गांव मथुरापुर में बिजली बिल बकाया वसूली के लिए बिजली कनेक्शन चेक कर कनेक्शन काटे रहे थे। सलीम मोहम्मद पर 10,757 रुपये का बकाया था। उसका कनेक्शन काट दिया तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर टीम पर हमला बोल दिया।

# पुलिस ने शोहदे से समझौता कराया तो पीड़ित किशोरी ने जहर खा लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़िता का आरोप, पुलिस ने समझौता न करने पर उल्टा केस दर्ज करने की दी धमकी
- आरोपी ने पुलिस से शिकायत के बाद भी छेड़ा तो लिया खुदकुशी का फैसला

**अमृत विचार :** शोहदे से परेशान किशोरी ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। किशोरी ने कुछ दिनों पहले थाना इज्जतनगर पुलिस से शिकायत की थी। आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और महिला सिपाही ने धमकाकर समझौता करा दिया तो शोहदे ने गुरुवार को दोबारा छेड़छाड़ की। पुलिस का कहना है कि उसे घटना की जानकारी ही नहीं है।

बैरियर टू चौकी क्षेत्र में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी ने बताया कि उसके पिता और मां के बीच में विवाद है। उसकी मां कुछ दिन पहले दिल्ली चली गईं। घर पर वह और उसकी बड़ी बहन रहती हैं। 19

> मैं पता करता हूं। यदि ऐसा है तो गंभीर मामला है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। -**देवेंद्र कुमार**, एएसपी/सीओ थर्ड

सितंबर को गांव के ही एक युवक ने उनकी बड़ी बहन और उसके साथ छेड़छाड़ की थी। आरोप है कि उन्होंने थाना इज्जतनगर में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने तहरीर बदलवा दी और रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की। पुलिस ने दोनों बहनों के खिलाफ ही रिपोर्ट दर्ज करने की धमकी दी।

किशोरी के मुताबिक आरोपी की पत्नी के पेट का ऑपरेशन हुआ है, उसी ऑपरेशन को चोट बताने का प्रयास पुलिस करती रही। थाने में तैनात एक महिला सिपाही ने इतना धमकाया कि डर के कारण उसे समझौता करना पड़ा। वह बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे दुकान से चीनी लेने गई थीं कि तभी रास्ते में आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और विरोध पर मारपीट की। इससे परेशान होकर उसने जहर खा लिया। उसके पिता गांव से बाहर छोटी विहार में थे। सूचना पर पहुंचे पिता ने किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना इज्जतनगर के प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है।

# चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाएं मुसलमान

कार्यालय संवाददाता बरेली

- ईद मिलादुन्नबी पर कई जगह विवाद के बाद दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन ने जारी की अपील
- हिंदू सगंठनों की ओर से विरोध पर अफसोस जताया, कहा- इस्लामी झंडे को बताया जा रहा है पाकिस्तानी

**अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन मौलाना मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने मुसलमानों से अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे न लगाने की अपील की है। उन्होंने इस बात पर अफसोस भी जताया है कि इस इस्लामी झंडे को पाकिस्तानी झंडा बताकर विरोध किया जा रहा है और इसे माहौल खराब करने का बहाना बनाया जा रहा है।

ईद मिलादुन्नबी पर मुसलमानों के अपने घरों पर चांद-सितारे वाले हरे झंडे लगाने का जिले में कई जगह विरोध किया गया था। हिंदू संगठनों ने शिकायत की थी कि घरों पर पाकिस्तान का झंडा लगाया गया है, इन शिकायतों पर पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी। अब दरगाह आला हजरत के सज्जादानशीन अहसन मियां ने कहा है कि मुसलमान पैगंबर इस्लाम की आमद पर इस्लामिक झंडा लगाकर खुशी मनाते हैं। हरे रंग का इस्लामी झंडा गुंबद रसूल से निस्बत का पैगाम देता है। सिर्फ हिंदुस्तान नहीं, दुनिया भर में ईद मिलादुन्नबी पर हरे झंडे लगाए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि अब तक किसी को इस पर कोई एतराज नहीं था, लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि हरे झंडे पर न सिर्फ एतराज किया जा रहा है बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। चांद-सितारा वाला झंडा खूबसूरती के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन लोग इसे पाकिस्तान से जोड़कर माहौल खराब कर रहे हैं। सही बात यह है कि मुसलमान के दिमाग में यह झंडा लगाते समय पाकिस्तान का ख्याल तक नहीं आता। उन्होंने अमन बनाए रखने के लिए मुसलमानों से अपील की है कि ऐसे हरे रंग के झंडे जिन पर चांद सितारा बना हो, उनका इस्तेमाल न करें। झंडे बनाने वालों से भी ऐसे झंडे न बनाने की अपील की है कि जिसका ताल्लुक किसी और देश के झंडे से हो। दरगाह आला हजरत से जुड़े परवेज नूरी ने कहा कि इन गैरजरूरी बातों से दूर रहकर देश में अमन चैन और भाईचारा बनाए रखना जरूरी है।

# नदी में गोवंशीय पशुओं के अवशेष फेंकने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दो भाइयों पर आरोप, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक को लिया हिरासत में

**अमृत विचार :** किला नदी में दो भाई गोवंशीय पशुओं के अवशेष फेंककर भा गए। इस पर विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने किला पुल पर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया। संघ के जिलाध्यक्ष की तहरीर पर थाना किला पुलिस ने दोनों भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और एक को हिरासत में लिया है।

सुभाषनगर निवासी विश्व हिंदू महासंघ के गौरक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आशीष शर्मा ने बताया कि उन्हें गुरुवार को सुबह 6:30 बजे


पुलिस की मौजूदगी में गोवंशीय पशुओं के अवशेष दबाते लोग। • अमृत विचार

किला छावनी निवासी आकाश और नीरज ने सूचना दी कि किला नदी के पुल से नीचे को दो लोग प्लास्टिक की बोरी में गोवंशीय पशुओं के अवशेष फेंक कर गए हैं। वह संघ के प्रभारी ऋषभ ठाकुर और अन्य पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े मिले। इस पर पदाधिकारियों ने हंगामा किया। किला इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पशुचिकित्सकों की टीम बुलाई। टीम ने पशुओं के सैंपल लिए और पदाधिकारियों ने अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबा दिया। आशीष शर्मा की ओर से अन्नू और इमरान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशीष का कहना है कि दोनों भाई गोवंशीय पशुओं का वध कर अवशेष फेंक देते हैं। कई बार लोगों ने उन्हें देखा है। दोनों सीसीटीवी फुटेज में भी दिख रहे हैं। पुलिस ने अन्नू को हिरासत में ले लिया है और इमरान फरार है।

### ठगी के आरोपी विजय शर्मा के अस्पताल को सील करने की कार्रवाई टली

**बरेली,अमृत विचार :** छात्रों को डी फार्मा की डिग्री बांटकर करोड़ों की ठगी करने के आरोपी विजय शर्मा के अवैध अस्पताल को सील करने की कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग ने उसके वकील की ओर से पत्र मिलने के बाद फिलहाल टाल दी है। वकील की ओर से सफाई दी गई है कि अस्पताल साल भर से बंद है और उसके मुवक्किल की ओर से किसी भी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। विजय शर्मा का सुभाषनगर के शांति विहार में अस्पताल है जिसका रजिस्ट्रेशन नहीं है। पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल का निरीक्षण किया था और अवैध पाने पर पांच दिन के अंदर उसके दस्तावेज पेश करने का नोटिस जारी किया था। नोटिस की समयसीमा बुधवार को खत्म हो गई थी। बृहस्पतिवार को अस्पताल सील किया जाना था लेकिन सुबह विजय शर्मा के वकील का पत्र मिलने के बाद कार्रवाई स्थगित कर दी गई। पत्र के जरिए बताया गया है कि अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंजीकरण निरस्त किए जाने के बाद नहीं चलाया जा रहा था। मौके पर जो भी उपकरण मिले हैं, वे पुराने हैं। अप्रैल के अंत में पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया गया था जिसे आपत्ति लगाकर निरस्त कर दिया था जिसके बाद से अस्पताल बंद है। विभाग से नोटिस निरस्त करने की मांग की गई है। अस्पताल बंद होने के बाद भवन को एक परिवार को रहने के लिए किराए पर दिया गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद अंसारी ने बताया कि अस्पताल के पक्ष में अधिवक्ता के पत्र का अवलोकन करने के बाद उच्चाधिकारियों के आदेश पर शासकीय अधिवक्ता से विधिक राय मांगी गई है। पत्र का जवाब देने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

# पैसे न देने पर टोल प्लाजा पर रोका तो धरने पर बैठ गई भाजपा नेत्री

## टोल कर्मचारी पर लगाया बदसलूकी और हाथ खींचने का आरोप

- घंटे भर जाम रही एक लेन, पुलिस ने समझाकर उठाया
- दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** टोल प्लाजा पर पैसे दिए बगैर कार ले जा रही भाजपा नेत्री को कर्मचारियों ने रोका तो वह बिफर गईं। टोल कर्मी पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए उन्होंने जमकर हंगामा किया और करीब एक घंटे तक टोल की एक लेन पर धरने पर बैठी रहीं। पुलिस ने उन्हें बमुश्किल समझाकर जाम खुलवाया।

मीरगंज निवासी भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री गुरुवार शाम 4:30 बजे कार से बरेली जा रही थीं। ठिरिया खेतल टोल प्लाजा पर कार देर से निकालने पर केबिन में बैठे टोल कर्मी से उनकी नोकझोंक हो गई। आरोप है कि टोल कर्मी ने उनके साथ अभद्रता की और उनका हाथ खींचने लगा। उन्होंने टोल प्रबंधक से शिकायत की तो वह भी धमकाने लगे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य भी मौके पर पहुंची। इसके बाद भाजपा नेत्री और जिला पंचायत सदस्य धरने पर बैठ गईं, जिससे टोल की एक लाइन जाम हो गई। हंगामा बढ़ने पर टोल प्रबंधक की सूचना पर थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया।

टोल प्रबंधक ऐश्वर्य चौहान ने आरोप निराधार बताते हुए कहा कि एक स्थानीय भाजपा नेता ने भाजपा नेत्री की कार पास करने के लिए उन्हें मेसेज किया था। उन्होंने वह मेसेज कंट्रोल रूम को भेज दिया।

टोल की केबिन में बैठे टोल कर्मी पर मेसेज पहुंचने में देरी होने की वजह से कार निकलने में देरी हो गई। इस पर भाजपा नेत्री ने विंडो से हाथ डालकर टोल कर्मी को मारने की कोशिश की। टोल के सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद है। थाना प्रभारी राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि कार निकालने को लेकर भाजपा नेत्री और टोल कर्मी में विवाद हो गया था। समझाकर मामला शांत कर दिया गया है। दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।


टोल प्लाजा पर भाजपा नेत्री और मैनेजर में जमकर नोकझोंक हुई। • अमृत विचार

### भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष पर बिजली चोरी की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा ने महानगर उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा पर अवर अभियंता ने बिजली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विष्णु शर्मा का कहना है कि विभागीय कर्मचारी और अधिकारी उनसे 10 हजार रुपये मांग रहे थे। पैसे न देने पर रिपोर्ट दर्ज कराई है, जबकि उनके यहां तार जमीन पर पड़ा था और इसका वीडियो भी है। विद्युत उपकेंद्र सुभाषनगर के अवर अभियंता चंद्रमा प्रसाद ने बिजली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उन्हें किसी के माध्यम से सूचना मिली कि पराग डेयरी के सामने साउथ सिटी में रहने वाले विष्णु शर्मा बिजली चोरी कर रहे हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और वीडियो बनाया।

### नशे में बस चलाने पर चालक परिचालक की सेवा समाप्त

**बरेली अमृत विचार :** शराब के नशे में बस दौड़ाने पर आरएम दीपक चौधरी ने बरेली डिपो के संविदा चालक सुमित और परिचालक की शिव कुमार सेवा समाप्त कर दी गई है। जांच में दोनों पर आरोप सही पाए गए थे। 14 सितंबर को बरेली डिपो के चालक-परिचालक के खिलाफ दो शिकायतें मिलीं। पहली शिकायत रामपुर बस अड्डे से आई, जहां चालक सुमित शर्मा को शराब के नशे में बताया गया। दूसरी शिकायत उझानी से परिचालक शिवकुमार के शराब के नशे में होने की आई थी।

## भूमि अधिग्रहण : शासन में रिपोर्ट पहुंचने के बाद अपने बचाव में जुटे दोषी अधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली से सितारगंज हाईवे को फोरलेन और रिंग रोड भूमि अधिग्रहण में हुए घोटाले के मामले में मंडलायुक्त की ओर से शासन को रिपोर्ट भेजने के बाद दोषी अपने बचाव में जुट गए हैं। शासन स्तर से ही दोषियों पर कार्रवाई होनी है। बरेली-सितारगंज फोरलेन के लिए भूमि अधिग्रहण और परिसंपत्ति के मूल्यांकन में पीलीभीत में 58.91 करोड़ का घोटाला पकड़ा गया, जबकि बरेली में रिंग रोड, सदर तहसील, नवाबगंज में भूमि अधिग्रहण में 21.52 करोड़ की धांधली पकड़ी गई। अलग-अलग कमेटियों की जांच रिपोर्ट शासन को भेजी जा चुकी है। डीएम की रिपोर्ट पर लोक निर्माण विभाग के पांच लोगों पर निलंबन की कार्रवाई की जा चुकी है। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल की ओर से मंडलीय कमेटी की जांच के आधार पर दोषियों के नामों का निर्धारण करते हुए बुधवार की देर रात शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। अब शासन स्तर से इस रिपोर्ट में शामिल दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। कुछ अधिकारी-कर्मचारी अपने बचाव के रास्ते तलाशने में जुट गए हैं।

### फरार आरोपियों के गैरजमानती वारंट के लिए पुलिस दोबारा अर्जी

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर करोड़ों के प्लॉट पर कब्जे के लिए फायरिंग के मामले में फरार 20 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कराने के लिए पुलिस दोबारा से कोर्ट में अर्जी लगाएगी। इससे पहले भी एक बार पुलिस अर्जी लगा चुकी है लेकिन कोर्ट ने अर्जी को ठुकरा दिया था और उनकी गिरफ्तारी के लिए अभी और कोशिश करने का निर्देश दिया था। पीलीभीत बाईपास पर 22 जून को एक प्लॉट पर कब्जे के लिए संजयनगर निवासी बिल्डर राजीव राणा के गुर्गों ने सौ से ज्यादा गोलियां चलाई थीं। प्लॉट आदित्य उपाध्याय के कब्जे में था, उसने भी अपने बेटे के साथ जवाबी फायरिंग की थी। इज्जतनगर पुलिस ने हत्या की कोशिश और बलवा जैसे कई आरोपों में दोनों पक्षों के 50-60 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। इनमें से 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और इनके खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है।

# बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 साल की कैद

**विधि संवाददाता, बरेली:** आठ साल पहले नौ साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोपी थाना मीरगंज के गांव मेवात निवासी मनचल पुरी को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट उमाशंकर कहार ने उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई और 11 हजार रुपये जुर्माना लगाया। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील राजीव तिवारी और आलोक प्रधान ने बताया कि पीड़िता के दादा ने थाना मीरगंज में 16 फरवरी 2016 को तहरीर देकर बताया था कि नातिन सरकारी स्कूल के नल के पास सहेली के साथ खेल रही थी। कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर दोनों लड़कियों को खेत में कहीं ले गया। जब बच्ची रोती हुई आई तो उसने मां को दुष्कर्म की बात बताई। उसकी सहेली (5) के विरोध करने पर दांत से उंगली काट ली। पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में मनचल पुरी का नाम प्रकाश में लाया था। शासकीय अधिवक्ता ने 11 गवाह पेश किये थे।

# प्रेमी जोड़े ने खाया जहर, प्रेमिका की मौत

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** शादीशुदा युवती और गैर शादीशुदा युवक के प्रेम संबंधों का परिवार में विरोध होने पर बुधवार शाम दोनों ने जहर खा लिया। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्रेमिका की मौत हो गई। वहीं प्रेमी की हालत में सुधार है।

ननिहाल के गांव गोरा लोकनाथपुर में ही पिता और दादी के साथ रह रहे 20 वर्षीय अनिल कुमार के पड़ोस में ही रहने वाली 30 वर्षीय पूजा से प्रेम संबंध थे। उसके परिजन इसका विरोध करते थे। बुधवार दोपहर को पूजा के परिजनों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पूजा ने शाम को जहर खा लिया।

पूजा को उसके ससुर अस्पताल लेकर जा रहे थे तभी अनिल ने भी जहर खा लिया। दोनों को अलग-अलग निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पूजा की देर रात 2 बजे मौत हो गई। अनिल को हालत में सुधार होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पूजा के एक बेटा गौरव (2) और बेटी सर्वी (4) है।

### आठ महीने से प्रेम संबंध, दोनों परिवारों में होता था विवाद, फिर भी अलग होने को नहीं थे तैयार

पूजा की शादी 2017 में काशीराम से हुई थी जो दिल्ली में काम करता है। पूजा का अक्सर पति और सास-ससुर से विवाद होता था। करीब आठ महीने से अनिल और पूजा के प्रेम संबंध थे। बताया जा रहा है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से अनिल फरार है और पूजा के परिजन उसकी तलाश में जुटे हैं।

### अनिल की मामी पर लगाया आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि अनिल की मामी ने ही दोनों की मुलाकात कराई थी। वह दोनों की अपने घर पर भी मुलाकात कराती थी। छह महीने पहले दोनों के प्रेम प्रसंग का पता चलने पर ससुर ने पूजा को समझाया तो उसने गुस्से में अपने ससुर के सिर पर ईंट मार दी थी। जब सास ने विरोध किया तो हमला कर उनके गले की हड्डी तोड़ दी थी, जिसका अभी इलाज चल रहा है।

- मीरगंज के गोरा लोकनाथपुर गांव का मामला, प्रेमी को अस्पताल से छुट्टी

> प्रेमी जोड़े ने एक साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे प्रेमिका की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रेमी की हालत में सुधार है। पुलिस को अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**कुंवर बहादुर सिंह**, थाना प्रभारी मीरगंज

# चुनाव प्रचार करके लौटते समय किया था हमला

विधि संवाददाता, बरेली

- अदालत ने आप प्रत्याशी के हमलावर ललित सक्सेना पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार :** शहर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी कृष्णा भारद्वाज पर चुनाव प्रचार कर लौटते समय जानलेवा हमला किया गया था। बृहस्पतिवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आरोपी ललित सक्सेना को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

आप प्रत्याशी कृष्णा भारद्वाज के पति चंद्रशेखर भारद्वाज ने इस मामले में थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सरकारी वकील दिगंबर पटेल और सौरभ तिवारी के मुताबिक एफआईआर के मुताबिक 21 नवंबर 2021 की शाम सवा सात बजे कृष्णा भारद्वाज चुनाव प्रचार कर लौट रही थीं। कुदेशिया फाटक के पास इज्जतनगर के गांव परतापुर चौधरी निवासी ललित सक्सेना ने तीन-चार साथियों के साथ उन्हें गाड़ी से खींच लिया और ईंट से सिर पर कई वार किए। इस जानलेवा हमले में कृष्णा के सिर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बचाया। ललित उनके चुनाव लड़ने का विरोध कर रहा था।



अदालत ने बृहस्पतिवार को ललित सक्सेना को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता की ओर से परीक्षण के दौरान कृष्णा भारद्वाज और उनके पति चंद्रशेखर के साथ चश्मदीद ड्राइवर फहीम, एसआई धर्मेंद्र कुमार, डॉ. अनिल नेगी, कांस्टेबल नरेश चंद्र गौतम समेत छह गवाह पेश किए।

### ललित सक्सेना पर दर्ज हैं कुल 19 केस, पीलीभीत बाईपास गोलीकांड का भी है आरोपी

ललित सक्सेना शातिर हिस्ट्रीशीटर है और 22 जून की सुबह पीलीभीत बाईपास पर हुए गोलीकांड में भी नामजद है। उसने बिल्डर राजीव राणा की तरफ से गोलियां चलाई थीं। पुलिस के मुताबिक उसका कुल 19 मुकदमों का आपराधिक इतिहास है। वर्ष 2010 में उसके खिलाफ हत्या की कोशिश का पहला केस दर्ज हुआ था, जिसके बाद उस पर गैंगस्टर लगाया गया था।

शिखर नर्सिंग होम
SHIKHAR NURSING HOME
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma M.D., P.D.C.C. Critical Care Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh M.S. (Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only Course Code- 13 Recognized by Indian Nursing Council Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow College Code - 092
बी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow) College Code - 969
डी. फार्मा. Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I. Affiliated to B.T.E. (Lucknow) College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखुपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com, shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
1499/- ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ताजुश्शरिया हॉस्पिटल के सामने, जगतपुर रोड, निकट बीसलपुर चौराहा, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
PRIME HOSPITAL
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

श्री वेदान्ता अस्पताल
डा. आलोक कुशवाहा (PT)
B.P.T. (सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट)
Experience More Than 10 Year
Timing : 10 AM to 5 PM M.: 8115837477
• कमर दर्द • गर्दन दर्द • लिगामेन्ट इंजरी • बच्चों की शारीरिक कमजोरी • ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के बाद की फिजियोथेरेपी • कन्धा जाम होना • आर्थराइटिस • चेहरे की फॉलिस • हाथ-पैरों की फॉलिस • फ्रैक्चर के बाद की जकड़न
रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# एनपीएस-यूपीएस के विरोध में आक्रोश मार्च

## संगठनों के पदाधिकारी बोले-एक ही देश में दो तरह की पेंशन प्रणाली उचित नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अटेवा बरेली (आल टीचर्स एंड एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन) की अगुवाई में गुरुवार को सैकड़ों शिक्षकों और विभिन्न संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) और यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। कलेक्ट्रेट पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान शिक्षक नेताओं ने कहा कि एक ही देश में दो तरह की पेंशन प्रणाली न्यायोचित नहीं है। सीमा पर जान की बाजी लगाने वाले सैनिकों को ओपीएस न देना और सांसदों, विधायकों और मंत्रियों के दो-दो तीन-तीन पेंशन लेना देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

- सैकड़ों कर्मचारी दोपहर में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए फिर कलेक्ट्रेट पहुंचे

सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी दोपहर में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में एकत्र हुए। इसके बाद आक्रोश मार्च की शुरुआत हुई। चौकी चौराहे के चक्कर लगाने के बाद शिक्षक और कर्मचारी कलेक्ट्रेट तक आक्रोश मार्च निकालते हुए पहुंचे। इस दौरान कलेक्ट्रेट के बाहर सैकड़ों की भीड़ जमा होने पर यातायात भी ठहर गया। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि आज पहली बार यह देखने को मिला है कि इस आंदोलन में सभी संगठन एक साथ आए हैं। सत्येंद्र पाल सिंह, राज पल्याल, मो. हसन, शिव स्वरुप शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


यूपीएस और एनपीएस के विरोध में सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### शिक्षक और कर्मचारियों के हित में नहीं एनपीएस-यूपीएस

अटेवा बरेली के जिला संयोजक डॉ मुनीष कुमार गंगवार ने बताया कि एनपीएस/यूपीएस शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में नहीं है, इसलिए यह स्वीकार नहीं हैं। हम सभी इसका विरोध करते हैं। सिर्फ पुरानी पेंशन की मांग करते हैं। यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक मांग पर सुनवाई नहीं होगी।यूटा के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि शासन की ओर से जब तक पुरानी पेंशन लागू करने की प्रक्रिया शुरू नहीं होती, तब तक सभी एक जुट संगठनों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों के लिए बुढ़ापे के लिए पेंशन ही एक मात्र सहारा है, जिसे सरकार ने जानबूझ कर खत्म किया है। एनपीएस किसी भी दशा में स्वीकार नहीं करेंगे।

### आक्रोश मार्च में ये संगठन शामिल हुए

आक्रोश मार्च में एनई रेलवे मेन्स कांग्रेस इज्जतनगर, उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ बरेली, विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश बरेली, टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन उत्तर प्रदेश बीटीसी, राजकीय शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ बरेली, यूनाइटेड शिक्षक एसोसिएशन (यूटा), बेसिक उर्दू टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन, विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा, अल्पसंख्यक महासंघ (सोम शिक्षक महासभा बरेली), उत्तर प्रदेशीय माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट, प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली, मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय, शिक्षक महासभा, वाणिज्य कर मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन, माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ, बरेली ट्रेड यूनियन्स, टीईटी शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बरेली, कर्मचारी कल्याण मंच बरेली कालेज बरेली, लेखपाल संघ बरेली आदि संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

# गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए लगवाएं वैक्सीन


स्कूल में बच्चियों को मासिक धर्म के प्रति किया जागरूक। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एनीमिया मुक्त भारत के तहत बरेली ऑब्स एंड गायनी सोसाइटी ने जिले के विभिन्न स्कूलों में एनीमिया, मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

सोसाइटी की अध्यक्ष, डॉ. मृदुला शर्मा ने बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जो महिलाओं के शारीरिक और प्रजनन स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने गर्भाशय ग्रीवा, सर्वाइकल कैंसर और एचपीवी टीकाकरण के प्रति भी जागरूक किया। बताया कि गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) के संक्रमण से होता है। इसे टीकाकरण के माध्यम से रोका जा सकता है। यह टीका 9 साल की उम्र से दिया जाना चाहिए। 15 साल की उम्र से पहले 2 डोज आवश्यक होती हैं। इसके बाद 3 डोज लगाई जाती हैं।

सोसाइटी की सचिव, डॉ. गायत्री सिंह ने बताया कि इस संबंध में सेंट मारिया गॉरेटी, जीआरएम, व्यास वर्ल्ड, कांती कपूर, सेक्रेड हार्ट समेत कई स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। लगातार अन्य स्कूलों में कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. अनुराधा, डॉ. लतिका, डॉ. प्रगति, डॉ. अनुजा, डॉ. शिखा, डॉ. दरख्शां, डॉ. अर्चना ने विशेष योगदान दिया।

## प्रसाद में मिलावट के विरोध में विहिप की आक्रोश रैली रविवार को

**बरेली, अमृत विचार :** तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट के विरोध में विश्व हिंदू परिषद रविवार को नेहरू युवा केंद्र से एक हिंदू जन आक्रोश रैली निकालेगा। इसके लिए बृहस्पतिवार को जगतपुर में विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने बैठक की। बैठक में महानगर कार्य अध्यक्ष दिव्य चतुर्वेदी, विभाग संगठन मंत्री देवेन्द्र सिंह सोम, मनीष लोहिया, महानगर सहमंत्री संजय शुक्ला, मोतीराम मौर्या, डॉ. राकेश कश्यप, अंकित कश्यप, संजीव वर्मा, आकाश वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो बच्चे मलेरिया की चपेट में, 400 पहुंची संख्या

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में मलेरिया का प्रकोप थम नहीं रहा है। जिला अस्पताल में भर्ती दो बच्चों की गुरुवार को जांच रिपोर्ट आई, जिसमें दोनों में मलेरिया की पुष्टि हुई है। दोनों को मलेरिया वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। एक बच्चा शाहजहांपुर के तिलहर और दूसरा फरीदपुर के टिसुआ का निवासी है। इसके अलावा पिछले एक सप्ताह में दो बच्चे निमोनिया से भी ग्रसित मिले हैं। डॉक्टरों के अनुसार मौसम में बदलाव की वजह से बच्चों में निमोनिया के लक्षण सामने आ रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह के अनुसार जिले में मलेरिया के केस जनवरी से अब तक 2272 सामने आए हैं, जिसमें 400 बच्चे हैं।

# दो दिन के अंदर गांधी और शास्त्री की प्रतिमाओं की हो सफाई: जिलाधिकारी

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को लेकर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने गुरुवार को विकास भवन सभागार में अफसरों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जहां भी प्रतिमा हो, वहां दो दिन में प्रतिमा की साफ-सफाई कराई जाए।

लाइटिंग की जरूरत हो तो उसे भी लगवा लें। ध्वजारोहण किया जाए। जिन क्षेत्रों में उन्होंने विशेष कार्य किया था, उनमें विशेष आयोजन किए जाएं। सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला ने बताया कि दो अक्टूबर को सुबह 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण, माल्यार्पण किया जाएगा। सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह आदि मौजूद रहे।

## पासपोर्ट कार्यालय में काव्य सम्मेलन हुआ

**बरेली, अमृत विचार :** पासपोर्ट कार्यालय बरेली में गुरुवार को हिंदी पखवाड़े के दौरान काव्य सम्मेलन में कवि डॉ. राहुल अवस्थी और आनंद गौतम ने कविताएं सुनाईं। डॉ. राहुल अवस्थी ने राजभाषा हिंदी और स्वच्छता पर व्याख्यान दिया। उन्होंने देश प्रेम से ओतप्रोत अपनी कविता पढ़ी। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शिक्षकों ने पुरानी पेंशन की मांग कर दिया धरना



**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर बैनर तले शिक्षकों ने पुरानी पेंशन सहित 26 सूत्रीय मांगों को लेकर संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय में गुरुवार को धरना दिया। मंडल अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह यादव की अध्यक्षता में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार को सौंपा। मंडलीय अध्यक्ष ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं का पारिश्रमिक सीबीएसई की भांति किया जाए। कम्प्यूटर, व्यवसायिक शिक्षकों को पूर्णकालिक कर समान वेतन, स्थानांतरण नीति सुगम, सामूहिक बीमा फिर शुरू हो और विषय विशेषज्ञों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाए। पूर्व शिक्षक सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली और वित्तविहीन शिक्षकों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग प्रमुख है। इसके अलावा राज्य कर्मचारियों की भर्ती, कैशलेस चिकित्सा सुविधा आदि मांगे भी हैं। प्रदेशीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीत गिरी, मंडलीय मंत्री डॉ. नरेश सिंह, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. लाखन सिंह, जिलाध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा, जिला मंत्री मुन्नेश कुमार अग्निहोत्री आदि समेत बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर जिले के तमाम शिक्षक शामिल हुए।

## रेलवे कर्मचारियों ने मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकाला



**बरेली, अमृत विचार :** एनएमओपीए/फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे और एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार शाम यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर गेट से डीआरएम कार्यालय तक मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकाल कर एनपीएस और यूपीएस का विरोध किया गया। कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। एलारसा समेत कई अन्य कटेगरियल एसोसिएशन ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत यांत्रिक कारखाना इज्जतनगर के गेट पर आम सभा से हुई। यहां एनई रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल मंत्री रजनीश तिवारी, कारखाना मंडल अध्यक्ष अनवार उल हसन एवं एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस के संरक्षक संतोष यादव ने यूपीएस और एनपीएस के नुकसान बताते हुए सरकार से कर्मचारियों के हित में जल्द पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के इज्जतनगर मंडल संयोजक जयेंद्र शेखर गुप्ता, मंडल सचिव सुरेन्द्र प्रताप सिंह और केंद्रीय सह सचिव सुमन कुमार ने भी विचार रखे। एलारसा के मंडल सचिव सुरेन्द्र प्रताप सिंह, केंद्रीय सह सचिव सुमन कुमार, रिपु कुमार, यश पाल सिंह, दीपक वाजपेयी, देवेंद्र सिंह, संस्कार, ब्रह्मपाल, विवेक, मनोज, आलोक, वीरेंद्र कटियार, इज्जत नगर मंडल सहायक मंडल मंत्री अब्दुल इकरार, उपाध्यक्ष संतोष भंडारी, आलोक गोस्वामी, विनीत कुमार यादव, बबलू मीणा, दीपक कुमार, विनय कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने भी भरी हुंकार

**बरेली, अमृत विचार :** अटेवा मंच के समर्थन में पहुंचे ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रामलाल कश्यप ने दामोदर स्वरूप पार्क में हुंकार भरी। उन्होंने दावा किया कि, अटेवा मंच के समर्थन में एक हजार कर्मचारी पहुंचे थे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि, जब 60 साल पहले लोग बैलगाड़ी से चलते थे और चटनी रोटी खाते थे, तब सरकार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन देती थी, मगर अब जब देश विकसित हो चुका है, हवाई जहाज, कार, बाइक से लोग चल रहे हैं तो फिर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन क्यों बंद कर दी गई। मंडल अध्यक्ष रविंद्र कुमार, जिला महामंत्री महेश चंद्र वाल्मीकि, रनवीर सिंह पटेल, ओमप्रकाश गंगवार, तेजपाल, सर्वेश मौर्य, प्रवेश सागर, ज्ञान बाबू, राजाराम, राजवीर गंगवार, अशोक, अरविंद शर्मा, अजीत यादव, छोटेलाल, जोगेंद्र, संतराम, राजपाल, संतोषी, विमला आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले एक दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। संगठन के महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना की अगुवाई में कई व्यापारियों ने सीओ प्रथम से मिलकर बताया कि बटलर प्लाजा में प्रतिष्ठान संचालक ने प्रधानमंत्री के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि इससे पहले भी कई बार ऐसी हरकत दुकानदार कर चुका है। पहले समझाते हुए हिदायत दी गई थी, लेकिन फिर नहीं माना।

## भूतपूर्व और शहीद सैनिकों की पत्नियों की समस्याएं सुनीं



**बरेली, अमृत विचार :** एडीएम सिटी सौरभ दुबे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सैनिक बंधु की बैठक हुई। एडीएम ने भूतपूर्व, शहीद सैनिकों की पत्नियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। भूतपूर्व सैनिकों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया। पुलिस विभाग, लीड बैंक मैनेजर, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय से रवि कुमार मिश्रा, वरिष्ठ सहायक पंकज, कनिष्ठ सहायक समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### जिम्नास्टिक में विष्णु, सौम्य और अक्षय बने विजेता



**बरेली, अमृत विचार :** मौलाना आजाद इंटर कॉलेज में गुरुवार को मंडल स्तरीय बालक वर्ग की जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के कई स्कूलों से पहुंचे बच्चों ने भाग लिया। अंडर-14 आयु वर्ग में विष्णु इंटर कॉलेज के विष्णु सागर प्रथम स्थान पर रहे। अंडर-17 में गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज के सौम्य सिंह, अंडर-19 में जयनारायण इंटर कॉलेज के अक्षय प्रजापति विजेता रहे। प्रधानाचार्य दुर्गेश कुमार गुप्ता और मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने सभी विजेताओं को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

### जूडो में बरेली के खिलाड़ियों ने जीते छह पदक




**बरेली, अमृत विचार :** मथुरा में आयोजित 68 वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयी जूडो प्रतियोगिता में बरेली के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण सहित छह पदक जीते हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राय और मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। अंडर-19 बालक वर्ग की प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज के खिलाड़ी अनमोल कुमार ने स्वर्ण, गौतम तोमर ने रजत और गुरुनानक खालसा इंटर कॉलेज के मक्खन ने कांस्य पदक हासिल किया है। अंडर-17 बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज के कृष्णा वर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। अंडर-14 बालक वर्ग में शिव नगर उच्च प्राथमिक स्कूल के आशीष भास्कर ने रजत और दिनेश ने कांस्य पदक हासिल कर जिले और स्कूल का नाम रोशन किया है।

### छात्राओं के बीच हिंदी और साक्षरता दिवस मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब बरेली साउथ ग्लोरी ने भरोसे लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में हिंदी और साक्षरता दिवस मनाया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो सांत्वना पुरस्कार दिए गए। साथ ही 50 उत्तर पुस्तिकाएं व अन्य सामग्री वितरित की गई। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट एवं मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. नीलू मिश्रा, क्लब अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, क्लब सीजीआर वंदिता शर्मा, नूतन चौधरी, गीता जैन उपस्थित रहीं।

### बरेली कॉलेज: निदेशक के कमरे में भिड़े कर्मचारी

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के निदेशक प्रो. एपी सिंह के कार्यालय में स्थायी कर्मचारी को अस्थायी में समायोजन के मामले को लेकर स्थायी और अस्थायी कर्मचारी आपस में भिड़ गए। अस्थायी कर्मचारियों की कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष चंद्रकेश यादव ने स्थायी कर्मचारी कविंद्र और यशपाल पर गालीगलौज करते हुए मारपीट का आरोप लगाया जबकि कविंद्र और यशपाल ने चंद्रकेश यादव पर गालीगलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। निदेशक एपी सिंह ने दोनों पक्षों को शांत कराया। उन्होंने बताया कि मामले में कमेटी गठित कर जांच कराई जाएगी। बुधवार को स्थायी कर्मचारी को अस्थायी में समायोजन करने की शिकायत कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने प्रो. एपी सिंह से की थी।

### भक्त गोपाल की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार :** राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर में आयोजित रासलीला में गुरुवार को भक्त गोपाल लीला का मंचन किया गया। रासाचार्य स्वामी देवकीनंदन ने बताया कि भक्त गोपाल की कथा सुनाई। वहीं शाम को रामलीला को राम भरत मिलन, चित्रकूट में संतों से मिलन और सीता हरण की लीला का मंचन किया गया। राजेंद्र जालान, शिवकुमार खंडेलवाल, विश्वनाथ गुप्ता, मंजुला रानी अग्रवाल, जुगल किशोर साबू, मोहन गुप्ता, कैलाश चंद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### साक्षात कृष्ण का शब्दमय स्वरूप है भागवत



**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्रीहरि मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथाव्यास मधुर कृष्ण महाराज ने कहा कि भागवत एक कल्प वृक्ष है। इसलिए हमारे जीवन में आ रही सभी परेशानियों का समाधान यहां स्वत: ही प्राप्त हो जाता है। हमारे भीतर के संशय का समाधान केवल यहां विराजने से हो जाता है। भागवत सिर्फ ग्रंथ मात्र नहीं है बल्कि यह साक्षात श्री कृष्ण का शब्दमय स्वरूप है। इसलिए भागवत का एक-एक श्लोक उत्तम है। कथा में श्री हरि मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर, सचिव रवि छाबड़ा, सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा, कीर्ति कपूर, अनुभव कपूर, रघुनाथ, सीता आदि लोग उपस्थित रहे।

### कर्णिक संघ के राहुल बने अध्यक्ष और अनिल मंत्री

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद कर्णिक संघ की क्षेत्रीय इकाई का चुनाव गुरुवार को बिहारीपुर स्थित माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय में चुनाव अधिकारी जगदीश प्रसाद और विपिन चंद्र जोशी की देखरेख में हुआ। इसमें राहुल सक्सेना अध्यक्ष, अनिल कुमार कैथल मंत्री, कृष्ण कुमार संगठन मंत्री, रमेश कुमार कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसके अलावा धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, मनीष कुमार शुक्ल, रोहित कुमार मौर्य, संध्या और विकास झा को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया।

# भीड़भाड़: सभी के नहीं हो पाए साक्षात्कार, स्क्रीनिंग कर लौटाया

## बरेली कॉलेज में लगे रोजगार मेले में कई अभ्यर्थियों ने जताया विरोध, कंपनियों के प्रतिनिधि बोले- शॉर्टलिस्ट कर बाद में बुलाएंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बरेली कॉलेज में करियर काउंसलिंग, प्लेसमेंट सेल और सेवायोजन विभाग की ओर से गुरुवार को वृहद रोजगार मेले में कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया कि कंपनियों की ओर से साक्षात्कार नहीं लिया गया। पंजीकरण के दौरान उन्हें ये बताया गया कि कंपनियों की ओर से साक्षात्कार लेने के बाद नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे, मगर स्क्रीनिंग के बाद लौटा दिया गया। वहीं, कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि शॉर्टलिस्टेड कर उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

अभ्यर्थियों ने कहा कि वे दूर-दूर से आए थे, इतनी मेहनत के बाद सिर्फ स्क्रीनिंग के बाद लौटना खराब लग रहा। अभ्यर्थियों के अनुसार कमरा नंबर नौ में एक कंपनी के प्रतिनिधि ने पंजीकरण फार्म, बायोडाटा लेकर कहा कि शॉर्टलिस्टेड कर बुलाया जाएगा।

क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक निदेशक त्रिभुवन सिंह ने बताया कि प्रत्येक कमरे में भीड़ को देखते हुए व्यक्तिगत साक्षात्कार संभव नहीं था, इसलिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्टेड कर कंपनी की ओर से व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। कुछ अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ है, जिन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं।

प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. राजीव यादव ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया के बाद कमरे में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों से जॉब प्रोफाइल, न्यूनतम वेतन, जॉब स्थान को लेकर बात की है। अगले चरण में तकनीकी साक्षात्कार कंपनियों की ओर से अभ्यर्थियों से उपलब्धता की सुनिश्चिता के बाद ही लिया जाएगा।



बरेली कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में उमड़ी बेरोजगार युवक और युवतियों की भीड़। ● अमृत विचार

### छोटे पदों के लिए एमटेक पास ने किए आवेदन

रोजगार मेले में कई छोटे पदों पर नौकरी पाने के लिए एमटेक-एमकॉम पास छात्र भी पहुंचे। 27 कंपनियों ने बरेली में ही पदों पर भर्ती के लिए पंजीकरण किए, जबकि 13 कंपनियों ने अभ्यर्थियों को वडोदरा, गुरुग्राम, सोनीपत, नोएडा, हरियाणा, रुद्रपुर, मुरादाबाद, बेंगलुरू, अहमदाबाद समेत अन्य जगहों पर नौकरी के लिए स्थान बताया गया। मेले में पहुंचे अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्होंने सेल्स ऑफिसर, फील्ड आफिसर, रिसेप्शनिस्ट, एचआर एक्जीक्यूटिव, ऑपरेटर, क्वालिटी चेकर के पदों के लिए आवेदन किया गया। बरेली में नौकरी के लिए न्यूनतम वेतन 7 हजार से अधिकतम 25 हजार रुपये तक निर्धारित किया गया। इनमें अधिकांश पदों के लिए वेतन 15 हजार निर्धारित किया गया है। इनमें कंपनियों में युवाओं की पर्सनेलिटी, कम्यूनिकेशन स्किल को प्राथमिकता दी।



काउंटर पर कर्मचारियों से पदों के बारे में जानकारी लेते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



रोजगार मेले में दिव्यांग भी पहुंचे।



छोटे बच्चों के साथ नौकरी की तलाश में आईं महिलाएं।



रोजगार मेले में इंटरव्यू के बाद नियुक्ति पत्र मिलने की बात कही गई थी, मगर यहां सिर्फ दस्तावेजों को जमा कर लिया गया।
**-पूनम**, निवासी देवचरा



कंपनियों के प्रतिनिधि अभ्यर्थियों की भीड़ से घिरे थे। ऐसे में एक मिनट से भी कम समय में कैसे साक्षात्कार संभव है।
**-अभिषेक**, निवासी संजय नगर



पंजीकरण फार्म कंपनी के प्रतिनिधि ने जमा कर लिया। उन्होंने कहा कि दो दिन के भीतर कंपनी की ओर से उन्हें फोन कर बाकी की जानकारी दी जाएगी।
**-सिमरन**, निवासी फरीदपुर

**45** कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया

**9,970** अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया

### करीब दस हजार में 1930 अभ्यर्थियों का चयन, 21 को ही मिले नियुक्तिपत्र

- डीएम ने की शुरुआत, मीरगंज विधायक ने दिए नियुक्ति पत्र
- काम के घंटे तय करने और अधिकतम वेतन देने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 1930 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया। 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मेले की शुरुआत जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, प्राचार्य प्रो. ओपी राय और सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने की। डीएम ने रोजगार प्रदाता कंपनियों के काउंटरों पर कंपनियों के प्रतिनिधियों से बात की। चयनित अभ्यर्थियों को जल्दी भर्ती कराने, उनके काम के घंटे तय करने और अधिकतम नियत वेतन देने के निर्देश दिए। मेले में सुबह से बेरोजगार युवक- युवतियों की भीड़ उमड़ने लगी। मेले में करीब 9,970 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। मेले में निजी क्षेत्र की तकनीक और गैर तकनीकी 45 कंपनियों ने भाग लिया। कॉलेज के नवीन परीक्षा भवन में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने 21 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प प्रत्येक घर से एक व्यक्ति को नौकरी देने का है, जो कि बरेली कॉलेज जैसे बड़ी छात्र संख्या के महाविद्यालय में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल को मजबूत करके पूरा किया जा सकता है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि प्लेसमेंट सेल को और अधिक मजबूत किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट मिल सके। सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार बेरोजगारों को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा करना है, इसमें बरेली कॉलेज जैसे बड़े संस्थानों के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका है। करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. राजीव यादव ने कहा कि जिन अभ्यर्थियों का किसी कारण चयन नहीं हुआ है। वे प्लेसमेंट कार्यालय में पंजीकरण जरूर कराएं, ताकि ऐसे अभ्यर्थियों के लिए दोबारा प्रयास किया जा सके। डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. बीनम सक्सेना, प्रो. आलोक खरे, प्रो. राजेंद्र सिंह, प्रो. एसी त्रिपाठी, प्रो. एमबी कलहंस, डॉ. नीरज मलिक, डॉ. अरविंद गंगवार, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, संजय कुमार, डॉ सारा बसु, प्रो. सुषमा गोंडियाल, प्रो. सुंदर सिंह, प्रो. आरके गुप्ता, प्रो. महमूद हुसैन आदि मौजूद रहे।



रोजगार मेले में पहुंचे विधायक डॉ. डीसी वर्मा और प्राचार्य ओमप्रकाश राय।

## 10 वीं व 12 वीं में सर्वाधिक अंक लाने वाली 20 छात्राएं सम्मानित



सम्मान समारोह एवं संवाद कार्यक्रम में बोलते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अंतर्राष्टीय बेटी दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** अंतर्राष्टीय बेटी दिवस पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मान समारोह एवं संवाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें जिले में 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाली 20 छात्राओं को सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में 12 वीं में पहला स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा रिया गंगवार को 20 हजार रुपये का चेक दिया गया। जबकि 10 वीं और 12वीं की नौ मेधावी छात्राओं को पांच-पांच हजार रुपये के चेक दिए गए। डीएम ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। 1090 वीमेन हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 एम्बुलेंस सेवा, 108 आपातकालीन चिकित्सा सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपात सेवाएं, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए पराली न जलाने के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि महिलाओं, बच्चों से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करें। एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत स्कूल बैग वितरित किए। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने भी विचार रखे। एसडीएम दीपराज, बाल विकास परियोजना अधिकारी कृष्ण चन्द्र, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## इन्वर्टिस के बच्चों ने अमृत विचार तैयार होने से छपने तक की प्रक्रिया समझी




अमृत विचार की प्रिंटिंग प्रेस में मौजूद छात्र-छात्राएं और शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र-छात्राओं ने किया कार्यालय और प्रिंटिंग प्रेस का भ्रमण

**अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को अमृत विचार समाचार पत्र के संपादकीय कार्यालय और प्रिंटिंग प्रेस का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने संपादकीय विभाग में खबरों की कार्ययोजना तैयार होने से लेकर संवाददाताओं के असाइनमेंट पर कार्य करने आदि की प्रणाली समझी। इसके बाद उन्होंने प्रिंटिंग प्रेस में अखबार छपने के कार्य समझा।

पत्रकारिता विभाग के डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा के निर्देशन में 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं दोपहर में अमृत विचार समाचार पत्र के कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर कार्यकारी संपादक नवीन गुप्ता ने विद्यार्थियों को संपादकीय विभाग के कार्यों से रूबरू कराया। खबरों को तैयार करने की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया।

संपादक शंभूदयाल वाजपेयी ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दीं। इसके बाद सभी छात्र-छात्राएं रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने अमृत विचार की प्रिंटिंग प्रेस कार्यालय पहुंचे। यहां प्लांट हेड मुकेश सब्बरवाल, प्रोडक्शन मैनेजर आशुतोष ठाकुर ने छपाई मशीन के बारे में समझाया। पेपर प्रिंटिंग की विधि समझाते हुए सीटीपी के फंक्शन बताए। मशीन फ्री रन कराकर अखबार छपने के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि संपादन विभाग का काम पूर्ण होने के बाद प्रिंटिंग विभाग का काम शुरू होता है। ऐसे में प्रेस का अभिप्राय मात्र प्रेस ऑफिस में किया जाने वाला संपादन, ले-आउट डिजाइनिंग तक ही सीमित नहीं होता, बल्कि उसके बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्य शुरू होता है, जो कि अखबार की छपाई है। उन्होंने समाचार पत्र में इस्तेमाल रंगों के बारे में भी जानकारी साझा की। इस दौरान डीन डॉ. राजेश शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ. ललित कुमार, एसोसिएट प्रो. मनीषा मालविया, सहायक प्रो. कुमार निशांत सहित विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जांच में असहयोग की बात निरर्थक

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के हिंदी विभाग में हुए विवाद के बाद जांच समिति की ओर से सहयोग न देने के आरोपों को नकारते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. मीना यादव ने बताया कि मामले में जांच समिति की ओर से उन्हें कोई पत्र नहीं दिया गया है, अगर ऐसा कोई पत्र दिया गया होता तो उनकी तरफ से निश्चित तौर पर सहयोग दिया जाता। गौरतलब है कि करीब डेढ़ माह पहले विवाद हुआ था। इसके बाद प्रबंध समिति ने जांच के लिए समिति बनाई थी।

### छात्रवृत्ति योजना परीक्षा के लिए 28 तक करें आवेदन

**बरेली, अमृत विचार:** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा की आवेदन की तिथि बढ़ाकर 28 सितंबर कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने गुरुवार को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 सितंबर थी। अब आवेदक 29 और 30 सितंबर तक आवेदनों की त्रुटियों में संशोधन कर सकेंगे। परीक्षा 10 नवंबर को होगी।

## 456 साल पुरानी रामलीला 27 से शुरू होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रामलीला के संबंध में जानकारी देते समिति के अध्यक्ष रामगोपाल मिश्रा।

- मधुवनी और अयोध्या के कलाकार करेंगे मंचन

**अमृत विचार :** 456 साल पुरानी चौधरी तालाब रामलीला 27 सितंबर से शुरू होगी। गुरुवार को चौधरी तालाब रामलीला स्थल पर महारानी लक्ष्मीबाई रामलीला समिति की ओर आयोजित प्रेसवार्ता में अध्यक्ष पं. रामगोपाल मिश्रा ने बताया कि इस बार बिहार के मधुवनी और अयोध्या जिले के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। यह रामलीला 18 दिनों तक चलेगी।

उन्होंने बताया कि यह रामलीला तुलसी कृत श्रीरामचरितमानस पर आधारित होती है। इसका आयोजन तीन स्थानों पर होता है। गंगा नदी पार की रामलीला का मंचन बाकायदा तालाब के अन्दर नाव पर बैठकर राम और निषाद राज केवट के मंचन के साथ किया जाता है। श्री राम विवाह के आयोजन के समय सीता विवाह से पूर्व सुहाग मांगने सखियों के साथ गौरी माता के मन्दिर में जाती हैं। उसके लिए रानी साहिबा और राजा बसंतराव के पूर्वजों के रामलीला मैदान के बराबर में ही गौरी माता मन्दिर का निर्माण भी लगभग 400 साल पूर्व कराया गया था। इसके आगे की लीला का मंचन वनवास काल का बड़ा बाग स्थित रामलीला मैदान पर किया जाता है। वहीं पर विराट दशहरा मेला का आयोजन होता है। जिसमें लंका दहन, राम-रावण युद्ध के बाद रावण, कुंभकरण और मेघनाथ का पुतला दहन किया जाता है। रामलीला का समापन श्री राम के राज्याभिषेक के साथ फाटक रानी साहब चौधरी मोहल्ला पर किया जाएगा। 27 सितंबर को शाम को श्री गणेश पूजन के साथ मेला विधिवत आरंभ होगा। उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, प्रदीप नारायण वाजपेयी, विजय मिश्रा, शिव नारायन दीक्षित, महा प्रबंधक श्रेयांश वाजपेयी, कोषाध्यक्ष प्रभू नारायन तिवारी, मंत्री धीरेंद्र शुक्ला, उपमंत्री आदित्य नरायन मिश्रा मौजूद रहे।

## व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सुधार परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 4 से 12 अक्टूबर तक द्वितीय पाली में 12 से 3 बजे तक होगी। इसके अलावा बीएससी ऑनर्स द्वितीय वर्ष की भी बैक परीक्षा का भी संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। यह परीक्षा 4 से 15 अक्टूबर तक होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर संशोधित परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

**बीयूएमएस के मूल्यांकन को चुनौती के लिए कल से आवेदन :** बीयूएमएस अंतिम वर्ष-2024 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन से असंतुष्ट छात्र 28 सितंबर से चुनौती मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने और फीस जमा करने की अंतिम तारीख 3 अक्टूबर है।

### बीएएमएस के फेल छात्रों को मौका, कल से भर सकेंगे फार्म

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएएमएस सत्र 2016-17 और 2017-18 की परीक्षा में शामिल होने वाले और निर्धारित सात अवसरों के बाद भी फेल छात्रों को दया याचना के तहत एक और अंतिम अवसर दिया। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर परीक्षा नियंत्रक ने दोनों सत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की विशेष पूरक परीक्षा के परीक्षा फॉर्म 28 सितंबर से भरने की तिथि निर्धारित की है। छात्र 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। कॉलेजों को 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे।

## रुविवि ने सबसे ज्यादा डिग्री-मार्कशीट अपलोड कीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट के तहत सबसे अधिक 4.8 लाख डिग्री और मार्कशीट की अपलोड
- देश के टॉप 25 विश्वविद्यालयों में यूपी के चार विश्वविद्यालय शामिल

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) के तहत डिजिलॉकर पर सबसे अधिक 4 लाख 80 हजार डिग्री और मार्कशीट अपलोड करने पर देश में पहले स्थान पर है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से गठित राष्ट्रीय शिक्षा नीति जोन ग्रुप ने इसकी सूचना विश्वविद्यालय को दी है।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि डिजिलॉकर पर मार्कशीट और डिग्री उपलब्ध होने से छात्रों को अत्यधिक लाभ होता है, क्योंकि उन्हें मार्कशीट और डिग्री के लिए सत्यापन के लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रहित के कार्यों को प्रथम वरीयता देता है और उसके लिए संपूर्ण रूप से प्रतिबद्ध एवं कटिबंध है।

### सर्वाधिक दस्तावेज अपलोड करने वाले टॉप 25 संस्थान

पिछले 100 दिनों में देश के 450 से अधिक संस्थानों ने एपीएआर आईडी के साथ 45 लाख से अधिक क्रेडिट-पैटर्न रिकॉर्ड अपलोड किए हैं। इनमें रुहेलखंड विश्वविद्यालय 4.8 लाख रिकॉर्ड के साथ पहले स्थान पर है। इसके अलावा गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी ने 3.5 लाख, मैसूर विश्वविद्यालय ने 2.2 लाख, उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर ने 1.7 लाख, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या ने 1.6 लाख रिकॉर्ड, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय सूरत ने 1.6 लाख, शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर ने 1.6 लाख, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ ने 1.2 लाख, दिल्ली विश्वविद्यालय ने एक लाख, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर ने 98 हजार, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने 93 हजार, महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने 93 हजार, मैंगलोर विश्वविद्यालय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तू ने 77 हजार, नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय कोलकाता ने 73 हजार रिकॉर्ड, आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम ने 68 हजार, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर ने 61 हजार, रानी चन्नम्मा विश्वविद्यालय, बेलगावी ने 56 हजार, एसआरएम विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई ने 56 हजार, डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय, छत्रपति संभाजीनगर ने 55 हजार अभिलेख, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर ने 51 हजार, गांधी प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान (गीतम) ने 51 हजार, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर ने 51 हजार और मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर ने 50 हजार रिकॉर्ड अपलोड किए हैं।

सही परामर्श
सही इलाज



डा. कक्कड़
(बी.एच.एम.एस.)
09897052236

नासमझी या जानबूझ कर की गई गलतियों का पता तब लगता है जब आप अपने अन्दर कुछ कमी सी महसूस करते हैं मेरे नौजवान दोस्तों-यदि आप किसी कारणवश आप बुरी आदतों, स्त्री-पुरुष रोग, पेशाब में जलन, उत्साह, आनन्द, जोश की कमी, सिर में चक्कर आना, मर्दाना कमजोरी, शुक्राणु की कमी एव सन्तान न होने के कारण अपने जीवन की सच्ची खुशियों से वंचित है तो अच्छे इलाज के लिए यहाँ से चिकित्सा लें।

यदि आप
- मर्दाना कमजोरी
- शुक्राणु की कमी
- शीघ्रपतन
का अच्छा इलाज करवाना चाहते हैं तो यहाँ से चिकित्सा लें

- जगह-जगह इलाज करवाकर बिगड़े हुए मरीज, लखनऊ, दिल्ली जाने से पहले परामर्श लें।
- क्वालीफाईड अनुभवी चिकित्सक से मिलकर लाभ प्राप्त करें।

डा.आर.पी. कक्कड़
110-सी, मॉडल टाउन, निकट बड़ा गुरूद्वारा, (इन्द्रापार्क के पास) बरेली
09897052236
www.drpkakkarclinic.com
मिलने का समय
प्रातः 10 से 5 बजे तक



भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षो से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic


पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:-15 सितम्बर 2024, रविवार
29 सितम्बर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# रास्ता बंद करने पर पथराव

## गिहार बस्ती में कार और दो बाइकों को उपद्रवियों ने तोड़ा

कार्यालय संवादाता, बरेली



रास्ता बंद करने के बाद मंदिर के बाहर जुटी भीड़।

**अमृत विचार :** चौपुला चौराहा के पास गिहार बस्ती में बगिया शिव मंदिर परिसर का रास्ता बंद करने पर गुरुवार देर शाम विवाद हो गया। एक पक्ष ने पथराव कर दिया और वहां रखा सामान तोड़ दिया। एक कार और दो बाइकों में भी तोड़फोड़ की। पुलिस पर भी आरोपियों ने हमलावर होने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल इस्तेमाल कर आरोपियों को खदेड़ दिया। मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष की तहरीर पर थाना कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मंदिर परिसर में जाने के लिए तीन रास्ते हैं। एक रास्ता गिहार बस्ती की ओर से जाता है। यहां से रास्ता निकलने के कारण आए दिन नशेड़ी और आपराधिक तत्व मंदिर परिसर में प्रवेश करते हैं। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने सुरक्षा के लिहाज से ईंटें लगाकर रास्ते को बंद कर दिया। गुरुवार शाम 6 बजे गिहार बस्ती की तमाम महिलाएं और पुरुष हाथों में लाठी डंडे लेकर ईंटें गिराकर मंदिर परिसर में प्रवेश करने लगे। रोकने पर आरोपियों ने मंदिर में रखीं कुर्सियां और सामान तोड़ दिया और मंदिर के पास खड़ी एक कार के शीशे पथराव करके तोड़ दिए। वहीं दो बाइकों को गिराकर क्षतिग्रस्त कर दिया। मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष गोकिल सिंह की सूचना पर बिहारीपुर पुलिस चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ पहुंचे, लेकिन आरोपी किसी की बात को मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं मानी और पुलिस से झगड़ा करने को तैयार हो गए। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया, तब आरोपी मौके से भाग गए।

### आरोपियों ने महिलाओं को कर दिया आगे

कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने महिलाओं को आगे कर दिया। ऐसे में पुलिस के कदम ठिठक गए। इसके बाद इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने महिला पुलिस को मौके पर बुला लिया, तब महिलाएं पीछे हटी। मंदिर कमेटी के उपाध्यक्ष गोकिल सिंह की तहरीर पर अमित गिहार और उसके भाई राजकुमार गिहार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि मौके पर शांति है, लेकिन वीडियो के आधार पर लोगों को चिह्नित कराकर कार्रवाई की जाएगी।



मंदिर परिसर में रखी कुर्सी तोड़ता युवक।

# पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर 1.24 लाख रुपये ठगे

● टेलीग्राम पर टॉस्क देकर खाते में पहले भेजे पैसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 1.24 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने टेलीग्राम पर टास्क दिए और पहले कुछ पैसे भी भेजे और बाद में खाते से रुपये उड़ा दिए। व्यक्ति ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सैनिक कॉलोनी गली नंबर एक निवासी उपवन कुमार के मुताबिक 11 जून को उनके व्हाट्सएप नंबर पर पार्ट टाइम जॉब के ऑफर का मेसेज आया। उन्होंने जब दिए गए नंबर पर बात की तो उन्हें टेलीग्राम पर टास्क दिए गए और सबसे पहले उनके खाते में 150 रुपये आए। इसके बाद टेलीग्राम पर गूगल लोकेशन को रेटिंग देने का टॉस्क दिया गया। इसके बाद उनसे एक हजार रुपये जमा कराए और अगले दिन उनके खाते में 14 सौ रुपये भेज दिए। अगले टॉस्क में 3000 रुपये जमा कराए और फिर चार हजार खाते में भेजे। इसके बाद आरोपियों ने 15 हजार रुपये जमा कराए, जब अगले दिन रिफंड नहीं मिला तो आरोपियों ने 28 हजार 900 रुपये जमा करा। इसके बाद 80 हजार का टास्क दिया। इस तरह से आरोपियों ने एक लाख 24 हजार रुपये ठग लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने रुपये नहीं दिए तो उन्होंने साइबर पोर्टल पर शिकायत की।

पुलिस ने 35 हजार रुपये होल्ड करा दिए लेकिन अन्य रकम होल्ड नहीं हो पाई।

# राजस्व निरीक्षक के खाते से उड़ाए 1.32 लाख रुपये

**बरेली, अमृत विचार:** नगर निगम के राजस्व निरीक्षक के दो खातों से साइबर ठगों ने 1.32 लाख रुपये उड़ा दिए। मोबाइल पर मेसेज आने पर ठगी का पता चला तो राजस्व निरीक्षक ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई।

राजस्व निरीक्षक विवेक वर्मा के मुताबिक उनका एक खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा सिविल लाइंस में है। दूसरा खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा चौक सब्जी मंडी शाहजहांपुर में है। 8 सितंबर को शाम उनके मोबाइल नंबर पर मेसेज आया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की शाखा सिविल लाइंस के खाते से 94 हजार रुपये कट गए हैं। पैसे कटने के बाद उन्होंने यूपीआई एप को बंद करा दिया गया है। इसकी शिकायत उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर की। इसी दिन बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 38 हजार रुपये निकाल लिए गए।

### महिला को पहले जलाने की कोशिश फिर दिया जहर

**बरेली, अमृत विचार :** थाना फरीदपुर क्षेत्र के एक गांव में महिला को पति और ससुराल वालों ने जलाने की कोशिश की और विरोध करने पर जहर दे दिया। महिला ने यूपी-112 को फोन कर सूचना दी। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला ने बुधवार देर रात डायल-112 पर सूचना दी कि उसके पति और ससुराल वाले लोग उसे जलाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो ससुराल वाले भाग गए। पुलिस को महिला ने बताया कि ढाई साल पहले उसका निकाह हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति के पड़ोस की महिला से प्रेमसंबंध हैं। इसका विरोध करने पर पति उसे छोड़ने की धमकी देता है। फरीदपुर थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। डायल-112 पर सूचना मिली थी। पुलिस ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

### मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर की पिटाई

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर में एक युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर दूसरे युवक ने पिटाई की। इसके बाद दोनों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। किसी ने एक्स पर वीडियो पुलिस अधिकारियों को पोस्ट कर शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुभाषनगर निवासी राजा गैस सिलेंडर की सप्लाई करता है। वह बुधवार को चौपुला के पास सिलेंडर की सप्लाई करने के लिए गया था। वहां पर एक युवक ने उसपर मोबाइल चोरी का आरोप लगाया। इसका विरोध करने पर युवक ने मारपीट की। इसके बाद दोनों में जमकर लात-घूंसे चले। एक ने दूसरे को जमीन पर गिराकर गला दबाने की कोशिश की तो दूसरे ने ईंट उठाकर हमला करने की कोशिश की। आसपास के लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

## सार-संक्षेप

### कम बिक्री पर दूध विक्रेता को दुकान बंद करने की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** जगतपुर में एक दूध विक्रेता को पड़ोसी दुकानदार ने दूध की कम बिक्री होने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आमिर ने बताया कि उनकी जगतपुर में दूध की दुकान है। पड़ोस में अरकाम की दुकान है लेकिन उसकी बिक्री कम होती है, इससे वह रंजिश मानता है। उसने मंगलवार को अपने दो सालों के साथ मिलकर उनसे गालीगलौज की और दुकान छोड़कर जाने की धमकी दी।

### डीएम और एसएसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने गुरुवार को केन्द्रीय कारागार-दो (जिला जेल) का निरीक्षण किया। उन्होंने जेल मेन्युअल के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के आवश्यक निर्देश दिए और कैदियों और बंदियों से जेल में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर भी जानकारी ली।

### आंवला सांसद खानकाह-ए-नियाजिया के प्रबंधक से मिले



**बरेली, अमृत विचार :** आंवला सांसद नीरज मौर्य ने गुरुवार को दरगाह खानकाह-ए-नियाजिया पर पुष्प अर्पित किए। यहां उन्होंने नवनियुक्त प्रबंधक जुनैदी मियां से मुलाकात की। इस दौरान खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की। सपा के महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, प्रदेश प्रवक्ता मयंक शुक्ला, साजिद खान, डॉ. नरेश गौतम, शिव कुमार शाक्य, मनीष कालरा आदि मौजूद रहे।

### एमबीए, बीएमएस के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन हुआ

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन विभाग में गुरुवार को एमबीए, बीएमएस और बीएचएम के विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम हुआ। संकायाध्यक्ष प्रो. तूलिका सक्सेना ने विद्यार्थियों को कक्षा में अपने समय का अधिकतम उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. एके सरकार ने एक समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। प्रो. त्रिलोचन शर्मा ने छात्रों के लिए एक आधार के रूप में इस अभिविन्यास के महत्व पर जोर दिया। डॉ. हेमा वर्मा, डॉ. डी एस नेगी, बर्नार्ड फर्नांडीज, प्रदीप कुमार, अजय भट्ट, डॉ. मनीष शर्मा, दिनेश गोयल, डॉ. नम्रता यादव, डॉ. नंदिता शर्मा, डॉ. भावना सक्सेना, वैशाली विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### निशुल्क शिविर में 250 से अधिक मरीजों का परीक्षण



बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल और पीपीएस रिटायर्ड ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 250 से अधिक रोगियों का परीक्षण कर दवा बांटी गई। शिविर की शुरुआत एसएसपी अनुराग आर्या ने की। पंचकर्म विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रगति गुप्ता ने विभिन्न आयुर्वेदिक थेरेपी के संबंध के जानकारी दी। मरीजों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। एसोसिएशन ने सभी चिकित्सकों व प्रशासन के लोगों को सम्मानित किया। डॉ. एसके साहू, डॉ. राम बाबू प्रजापति, डॉ. अमनदीप, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. तरुण द्विवेदी, डॉ. कंचन भारद्वाज, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आरके तिवारी, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. ज्ञान देव शर्मा, निधि अवस्थी उपस्थित, पीपीएस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हर विलास शर्मा, पूर्व डीएसपी धर्मवीर सिंह, पूर्व एएसपी राजेश्वर सिंह, पूर्व डीएसपी महावीर सिंह, पूर्व डीएसपी बीपीएस बारकोटि, पूर्व डीएसपी सरवेंद्र सिंह रहे।

### नई थार रॉक्स लांच की



बरेली, अमृत विचार : बहेड़ी बाईपास स्थित महिंद्रा मूसाराम इंटर प्राइजेज लिमिटेड पर बृहस्पतिवार को नई थार रॉक्स लांच की गई। बहेड़ी से सपा विधायक अताउर रहमान ने थार का अनावरण किया। महिंद्रा एंड महिंद्रा के एरिया मैनेजर विशाल शर्मा ने लोगों को थार की खूबियों के बारे में बताया। कहा कि नई थार 5 डोर, 5 सीट, सबसे बड़ी सनरूफ, 6 एयर बैग्स, अडरेनॉक्स, अलेक्सा के साथ, इंटेली कंट्रोल, कॉल असिस्ट, आल व्हील डिस्क ब्रेक, म्यूजिक सिस्टम नौ स्पीकर साल कलर्स जैसी कई सुविधाएं हैं। प्रबंध निदेशक दिनेश अग्रवाल, महाप्रबंधक भुवन वर्मा (व्यक्तिगत वाहन), प्रबंधन मानव संसाधन अवनीश शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन हरेंद्र मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### श्रीराम का चरित्र नर से नारायण बनने की प्रेरणा देता है



बरेली, अमृत विचार : बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने कहा कि रामायण के अतिरिक्त आदर्श संस्कृति और सभ्यता की जीवंतता का ऐसा अनुपम ग्रंथ संसार में अन्यत्र कहीं नहीं मिलता है। हम भगवान राम में आदर्शवादिता का उच्चतम रूप पाते हैं। श्रीराम का चरित्र हमें नर से नारायण बनने की प्रेरणा देता है। ये बातें उन्होंने सूरजमुखी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज दुर्गा नगर की बाल सभा में कहीं। प्रधानाचार्य तुल चन्द्रा, विवेक मिश्रा, राम किशोर मौर्य, दिनेश कुमार यादव, रतन कुमार, दीपक शर्मा, तेजराम, उत्कर्ष पाठक, शशि गुप्ता, रमा, मेधा सक्सेना मौजूद रहीं।

# समितियों की वर्चस्व की लड़ाई में फंसा नवाबगंज का दशहरा मेला

## मेला शुरू होने में दो दिन का समय शेष, दोनों समितियों में तकरार

संवाददाता, नवाबगंज

- एसडीएम बोले- सेना के पास लंबित है मामला

अमृत विचार : किसी समय दूर-दूर तक चर्चित नवाबगंज का रामलीला दशहरा मेला वर्चस्व की लड़ाई का शिकार होता जा रहा है। दो- दो समितियों के आयोजन की दावेदारी करने के बाद अब मेले का आयोजन झमेले में नजर आ रहा है।

सैनिक पड़ाव के मैदान पर कई दशक से तीन सप्ताह से भी अधिक चलने वाले इस मेले का आयोजन श्री रामलीला सोसायटी के नाम से पंजीकृत संस्था कराती आ रही है। मशहूर नाटक पार्टियों और डांस पार्टियों के साथ ही झूले सर्कस आदि के लिए मेला कभी खासा चर्चित हुआ करता था। सरकार की ओर से नृत्य पार्टियों और पशुओं के सर्कस पर प्रतिबन्ध लगाने के बाद से ये मेला हल्का होने लगा था तो मेले की बची-खुची प्रतिभा अब मेले के आयोजन को लेकर मची खींचतान में सिमटती जा रही है।



मेला परिसर में लग गया झूला।

रामलीला सोसाइटी के साथ ही रामचरित मानस सेवा समिति ने मेले के आयोजन करने के दावे से इसके आयोजन में पेंच फंस गया है। दोनों ही संस्थाओं ने अपने अपने स्तर से मेला कराने का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है, जिससे दोनों के बीच तकरार हैं। इस मामले में रक्षा संपदा अधिकारी ने दोनों ही संस्थाओं को अपनी भूमि पर मेला कराने की एनओसी भी जारी कर दी है, लेकिन विधिवत मेला आयोजित करते की अनुमति किसी पक्ष को भी न देने से मामला अधर में है। जबकि मेले के आयोजन में मात्र दो दिन ही शेष बचे हैं।

सेना के अधिकरियों ने दोनों पक्षों के दावे से संबंध प्रपत्र दिल्ली स्थित मुख्यालय को भेज दिए हैं, जहां से ही एक पक्ष को मेला अनुमति दी जानी है। इस मामले में प्रशासन के पास भी कोई जवाब नहीं है। एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामला सेना के पास लंबित है उन्हें कोई प्रपत्र आदि प्राप्त नहीं हुआ है। इधर जनसामान्य में मेले के आयोजन को लेकर संशय बना हुआ है तो दूसरी ओर परिसर में कुछ दुकानें भी लगनी शुरू हो गई है।

## झाड़ियों में नशे में मिला लापता युवक

नवाबगंज, अमृत विचार: मछली पकड़ने घर से निकला युवक पांच किमी दूर झाड़ियों में नशे की हालत में मिला। उसने बताया कि अज्ञात लोगों ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पढ़ार्थ मिलाकर पिला दिया, उसकी मोबाइल और कुछ नकदी छीन ली थाना फौजीपुरा क्षेत्र के धौरा टांडा गांव निवासी नाजिर गुरुवार दोपहर 1 बजे मछली पकड़ने घर से गया था। वहीं घर से निकलने से पहले नवाबगंज थाना क्षेत्र गांव रिछौला किफायतुला के रहने वाले रिश्ते में बहनोई से बात की थी उसने कुछ पैसे डालने कि बात कही थी वहीं शाम तक नाजिर अपने के घर नही पहुंचा तो उसके परिवार वाले तलाश करने निकल गए परन्तु नाजिर का कोई पता नहीं चला। अहमदाबाद गांव के कुछ लोगों को झाड़ियों मे नाजिर दिखाई दिया। ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर उसे नवाबगंज सीएचसी भिजवाया, डॉक्टरों के इलाज के बाद उसे होश आया। उसने बताया कि मैं अपने गांव से मछली का शिकार करने आया था उसी दौरान मुझे कोलड्रिंक मे नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाया मेरा मोबाइल छीन लिया।

## बरेली की खिलाड़ियों के बिना चुनी गई मंडलीय कबड्डी टीम



कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान खेलतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिना कोच के पहुंची बदायूं की टीम ने दिखाया दम

अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में गुरुवार को कबड्डी की बालिका सब जूनियर वर्ग की मंडलीय टीम के लिए ट्रायल हुए। बरेली की टीम के न पहुंचने से बिना बरेली के खिलाड़ियों के ही मंडलीय टीम चुनी गई। यह टीम 28 से 30 सितंबर को कौशांबी में होने वाली प्रदेशीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी।

गुरुवार को ट्रायल में शाहजहांपुर और पीलीभीत की खिलाड़ी कोच के साथ पहुंची लेकिन बदायूं की टीम के साथ कोई कोच नहीं था, फिर भी बदायूं की खिलाड़ियों ने दम दिखाया। ट्रायल में पहला मैच बदायूं और पीलीभीत के बीच खेला गया, जिसमें बदायूं की टीम की सभी खिलाड़ियों ने रेडर और डिफेंस में अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं पीलीभीत की टीम की एक खिलाड़ी ही डिफेंस में मजबूत रही। इसके बाद बदायूं की टीम की पांच खिलाड़ियों और पीलीभीत की दो खिलाड़ियों टीम बनी, जिसका मुकाबला शाहजहांपुर से कराया गया। तीनों जिलों की टीम से 13 सदस्यीय मंडलीय टीम चुनी गई, जिसमें बदायूं की पांच, शाहजहांपुर की चार और पीलीभीत की चार खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में जया यादव, दिव्या यादव, दिशा गंगवार, तनू श्रीवास्तव, नीतू यादव, निराली गुप्ता, कोमल, शिवानी सिंह, भावना, शिवानी, शिवान्या, शिवानी वर्मा, प्रतिज्ञा शामिल हैं।

## अध्यक्ष मुकेश और सचिव सूर्य ने ग्रहण किया पदभार




बरेली, अमृत विचार : लायंस क्लब बरेली मैग्नेट सिटी का 31 वां अधिष्ठापन समारोह गुरुवार रात पीलीभीत बाईपास रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल और सचिव विनय अग्रवाल के कार्यों की सराहना करते हुए नए सत्र के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल व सचिव सूर्य कुमार को पदभार ग्रहण कराया। क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लायन दर्पण पत्रिका का विमोचन भी किया। क्लब की ओर सात छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। योगेश गोयल, नीरज अग्रवाल, दिलीप खण्डेलवाल, राजेश मंगल, नवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए संजय अग्रवाल, संजय गर्ग, उमा शंकर, एके गुप्ता, पुनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## छावनी परिषद में स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाड़े के तहत खेल प्रतियोगिताएं

कैंट, अमृत विचार : छावनी परिषद द्वारा 15 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से लगाए गए कर्मचारियों के बीच कैंट स्थित मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में प्रतिदिन स्पोर्ट्स मीट की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में महिला तथा पुरुष कर्मचारियों ने 100, 200 तथा 400 मीटर लम्बी दौड़ में प्रतिभाग किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरण किए गए। छावनी परिषद के कार्यालय अधीक्षक डॉ पारस नाथ ने बताया। कि प्रतियोगिता के बाद करीब 200 कर्मचारियों द्वारा नकटिया नदी के किनारे जन सहभागिता निभाते हुए साफ सफाई की गई। इस दौरान सफाई अधीक्षक दीपचंद सक्सेना, सफाई निरीक्षक मनोज तिवारी, सहायक सफाई निरीक्षक राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## खालसा वॉरियर्स ने जीता फाइनल मुकाबला



बरेली, अमृत विचार : एक निजी कॉलेज के ग्राउंड पर आयोजित सिख-सिंधी प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला गुरुवार को खालसा वॉरियर्स और सिंधु नगर स्टार्स के बीच हुआ, जिसमें खालसा वॉरियर्स ने जीत दर्ज की। कार्तिक वाधवानी मैन ऑफ द सीरीज रहे। बेस्ट बल्लेबाज वंश और बेस्ट बॉलर का खिताब सौरभ के नाम रहा। आयोजन समिति के उत्कर्ष, प्रिंस सोढ़ी, राज गोपाल, जीतू देवयानी, गुरकीरत, शैंकी बिंद्रा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## बरेली कॉलेज : बीसीए विभाग में होगा स्मार्ट कक्षा संचालन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के तहत की जा रही तैयारी
- बीसीए और पीजीडीसीए कोर्स के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में बीसीए विभाग में स्मार्ट क्लास की शुरुआत की जा रही है। स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के तहत यह कदम उठाया गया है। कॉलेज प्रशासन के अनुसार जल्द टेंडर प्रक्रिया अपनाकर स्मार्ट बोर्ड खरीदा जाएगा। स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. एपी सिंह के मुताबिक इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और उनकी पढ़ाई के अनुभव को समृद्ध करना है।

स्मार्ट क्लासेस में इंटरएक्टिव लर्निंग उपकरणों का उपयोग किया जाएगा। बीसीए और पीजीडीसीए कोर्स के विद्यार्थियों को इस नई सुविधा का लाभ मिलेगा, जो उन्हें तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाएगी। विभागाध्यक्ष डॉ. रोमा सक्सेना के अनुसार इस पहल से विद्यार्थियों में सीखने की रुचि भी बढ़ेगी।

अगले कुछ महीनों में यह सुविधा लागू हो जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को उन्नत शिक्षा का अनुभव मिलेगा और वे करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकेंगे।

## अगर कार्यकर्ता लिखकर देता है तो अपने अस्पताल में कराता हूं मुफ्त इलाज: मेयर

बरेली, अमृत विचार : मेयर. उमेश गौतम ने कहा कि नगर निगम चुनाव में पहली बार इतने बड़े अंतर से उनकी जीत हुई है। यह कार्यकर्ताओं के दम पर संभव हुआ है। इसी कारण हर समय उन्हें कार्यकर्ता का सम्मान करना याद रहता है।

यह बातें उन्होंने गुरुवार रात कैंप कार्यालय पर शहर विधान सभा क्षेत्र के भाजपा बांके बिहारी मंडल के आयोजित कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, पार्षदों के सम्मान समारोह में कहीं। कहा कि अगर कोई बूथ स्तर कार्यकर्ता कोई काम लेकर उनके पास आता है तो वह प्राथमिकता के आधार पर कराते हैं। कहा, 2017 में वह पहली बार मेयर बने और तमाम विकास कार्य किए। प्रकाश व्यवस्था को ठीक किया और 70 प्रतिशत कच्ची गलियों को पक्का कराया है।



मेयर उमेश गौतम को सम्मानित करते बांके बिहारी मंडल के पदाधिकारी।

- मेयर ने बूथ अध्यक्ष, पार्षद और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया

बोले- कोई कार्यकर्ता या बूथ का पदाधिकारी लिखकर देता है कि मरीज का इलाज मुफ्त में किया जाए तो अपने अस्पताल में उसके मुफ्त इलाज की पूरी व्यवस्था करते हैं। इस दौरान मेयर ने 111 लोगों को बैग देकर सम्मानित किया। उपसभापति सर्वेश रस्तोगी, पार्षद सतीश कातिब, नरेंद्र सिंह, रवि कुमार, मोहित कुमार, विपिन भास्कर, सुमन, सुनील कपूर, हेमराज सिह, प्रकाश शर्मा, मोनू प्रसाद, कमल गुप्ता, विनीत टंडन आदि मौजूद रहे।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

## छुट्टा पशुओं के आतंक से किसान परेशान, आज होगी महापंचायत

बरेली, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मोहनपुर में हुई बैठक में जिला प्रवक्ता हाजी एम इकबाल ने कहा कि शहर के गोविंद वल्लभ पार्क में शुक्रवार को महापंचायत होगी। इसमें छुट्टा पशुओं की समस्या समेत अन्य मांगों रखी जाएंगी। पंचायत में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष गौरव टिकैत और अध्यक्ष राजपाल शर्मा भी पहुंच रहे हैं। तहसील अध्यक्ष काशिफ रजा ने बताया कि किसान की दोगुनी आय हो पाना संभव नहीं हैं। केंद्र और राज्य सरकार के दावे फेल हैं। लोग अपने पशुओं को छुट्टा छोड़ रहे हैं, जो कि किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ऐसे पशुओं को आवारा घोषित कर सरकारी खर्च पर इन्हें पकड़वाकर बागान क्षेत्र में मुक्त किया जाए। इस दौरान आमिर रजा, नईम उद्दीन, राकेश, नत्थू समेत अन्य मौजूद रहे।

## आयकर की कटौती से संबंधित जानकारी दी

बरेली, अमृत विचार : संयुक्त आयकर आयुक्त (टीडीएस) तरुण कुमार के निर्देश पर वेतन एवं लेखा कार्यालय, जाट रेजीमेंट सेंटर स्थित कार्यालय में विभिन्न आहरण एवं वितरण अधिकारियों और उनसे संबंधित कर्मचारियों की कार्यशाला की गई। आयकर अधिकारी टीडीएस अभय कुमार मिश्रा ने आयकर की नियमानुसार कटौती से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान सहायक रक्षा लेखा नियंत्रक, जाट रेजीमेंट सेंटर और उनके कार्यालय के वरिष्ठ लेखाधिकारी एवं इनकम टैक्स इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार, धरम प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## शायद अपने बेटे पर अब कभी हाथ न उठाएं जुगनू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पढ़ाई के लिए पीटा तो झारखंड से बरेली चला आया, यहां सीडब्ल्यूसी ने सीधे सुपुर्दगी में देने से किया इन्कार
- झारखंड ले जाकर सत्यापन कराने का आदेश दिया तो महिला कर्मी ने कन्नी काटी

> बच्चे को झारखंड के साहेबगंज जिले की सीडब्ल्यूसी को भेजा गया है क्योंकि बरेली पहुंचे उसके माता-पिता का यहां सत्यापन नहीं कर सकते। चाइल्ड लाइन को उनके साथ वहां भेजा जा रहा है।
> – दिनेश चंद्रा, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष

अमृत विचार : पढ़ाई के लिए 10 साल के बेटे को पीटने के बाद खुद ऐसी सजा भुगतनी पड़ेगी, झारखंड के जुगनू माधव ने कभी सोचा नहीं था। घर से भागे बेटे के पांचवें दिन बरेली में होने की खबर मिली तो दौड़े चले आए, लेकिन यहां सीडब्ल्यूसी ने उसे सीधे सुपुर्द करने से इन्कार करते हुए चाइल्ड लाइन एक महिला कर्मी को झारखंड जाकर बच्चे का सत्यापन कराने का आदेश दे दिया। महिला कर्मी भी पुलिस सुरक्षा न होने का हवाला देकर झारखंड जाने से कन्नी काट गई। इसके बाद महिलाकर्मी के एक पुरुष सहकर्मी की खुशामद करनी पड़ी। वह झारखंड जाने को तैयार हुआ तब कहीं कुछ राहत मिली।

सीडब्ल्यूसी परिसर में बृहस्पतिवार को इस प्रकरण की वजह से कई घंटे तक गहमा-गहमी का माहौल रहा। ओडिशा में नौकरी करने वाले जुगनू माधव ने बताया कि उन्होंने अपने 10 वर्षीय बेटे को पढ़ाई न करने पर थप्पड़ मार दिया था। इस पर नाराज होकर वह फरक्का एक्सप्रेस में बैठकर बरेली चला आया। मंगलवार को उसे भुता इलाके में भटकते देख किसी व्यक्ति ने चाइल्ड लाइन को सूचना दी तो उसे कब्जे में लेकर सीडब्ल्यूसी के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चे के बताए फोन नंबर पर सूचना दी गई तो झारखंड से जुगनू माधव उसे लेने बृहस्पतिवार को लेने बरेली पहुंचे लेकिन यहां सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष दिनेश चंद्रा ने नियमों का हवाला देते हुए सत्यापन के बाद ही बच्चे को उनके सुपुर्द करने की बात कही।

सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने चाइल्ड लाइन की एक महिला कर्मचारी को आदेश जारी कर दिया कि बच्चे को झारखंड ले जाकर वहां सीडब्ल्यूसी के सुपुर्द करे जो सत्यापन कराने के बाद उसे उसके परिवार के सुपुर्द करेगी। पहले तो जुगनू यादव ने इस आदेश का विरोध किया, फिर महिला कर्मचारी ने भी कन्नी काटनी शुरू कर दी। महिलाकर्मी का कहना था कि ट्रेन रात की है। बिना पुलिस सुरक्षा उसे इतनी दूर भेजा जा रहा है, अगर बच्चा रास्ते में भाग निकला तो वह क्या करेगी। मामला और उलझ गया तो जुगनू माधव ने सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष की खुशामद शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि वह मंगलवार को झारखंड से चलकर बरेली पहुंचे हैं। सीडब्ल्यूसी ने बच्चे और उनका आधार कार्ड, बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल का प्रमाण पत्र आदि मांगा था।

बोले, बच्चा घर पर ही ट्यूशन पढ़ता है, इसलिए स्कूल के प्रमाणपत्र छोड़कर सभी दस्तावेज उन्होंने जमा किए हैं फिर भी उन्हें सीधे बच्चा नहीं दिया जा रहा है। हालांकि इसके बावजूद न अध्यक्ष ने आदेश बदला, न महिला कर्मी झारखंड जाने को तैयार हुई। अंततः चाइल्ड लाइन के ही एक पुरुष कर्मी की खुशामद की गई। वह झारखंड जाने को तैयार हुआ तब कहीं जुगनू माधव ने राहत की सांस ली।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मेरे पैन कार्ड सं. LQTPS0344B में मेरा नाम रूपिन्दर सिंह व जन्मतिथि 27.01.2001 दर्ज हो गयी है। जो कि गलत है मेरे अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम गगनदीप सिंह व जन्मतिथि 27.02.2003 दर्ज है जो कि सही है। उक्त नाम व जन्मतिथि मेरे पैन कार्ड में संशोधित किया जाये। गगनदीप सिंह पुत्र साहब सिंह नि. ग्राम धर्मापुर कलां तह. पूरनपुर जिला पीलीभीत

सीधे प्रवेश
राफ़िआह कॉलेज आफ एजुकेशन
निकट डाक बंगला बिसौली रोड सहसवान बदायूं
शासनादेश सं. 390/अरसठ-4 2023-2067/ 2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 09.09.2024 प्रवेश की कार्यवाही हेतु शासनादेश संख्या-828 अरसठ-4- 2023-2067 2023 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 D.EL.ED. पूर्व (B.T.C) प्रशिक्षण सत्र 2024-26 में सीधे प्रवेश हेतु अल्पसंख्यक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट www.rcegroup.org पर ऑनलाइन आवेदन करें।
9999736330, 9999098111, 8859563997

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पेपर लीक मामले में बिशप जॉनसन स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल गिरफ्तार

## आरओ-एआरओ भर्ती परीक्षाः तीन महीने पहले कॉलेज से की गई थी बाहर

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ भर्ती परीक्षा के पेपर लीक होने के मामले में एसटीएफ ने गुरुवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए कार्रवाई की है। पेपर लीक मामले में शहर के नामचीन के स्कूल बिशप जॉनसन गर्ल्स विंग कटरा की पूर्व प्रधानाचार्या पारुल सोलोमन को गिरफ्तार कर लिया।

आरोप है कि पारुल ने पेपर लीक माफिया के साथ मिलकर आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक कराया था। इस मामले में पारुल के अलावा नौ और लोगों के शामिल होने की बात कही जा रही है। आर-एआरओ परीक्षा 11 फरवरी 2024 को हुई थी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) परीक्षा के लिए बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र बनाया गया था। उस दौरान पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने पारुल सोलोमन का नाम सामने लाया था। पारुल प्रयागराज की रहने वाली हैं। एसटीएफ 21 सितंबर को प्रयागराज के अर्पित विनीत यशवंत को गिरफ्तार किया था।

### स्कूल से धक्का देकर निकाला था



पारुल सोलोमन डॉयोसिस ऑफ लखनऊ के पूर्व बिशप पीटर बलदेव की बेटी हैं। पारुल सोलोमन कुछ दिनों पहले विवादों में आईं थी। यह मामला उस वक्त का है, जब डॉयोसिस ऑफ लखनऊ के बिशप मॉरिस एडगर दान और उसके साथ के लोगों ने ताला तोड़कर कॉलेज पर कब्जा किया था। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद बिशप समेत अन्य पर केस दर्ज किया गया था। यहां मामला बीते 2 जुलाई का है। जब पारुल सोलोमन कॉलेज के अपने केबिन में बाहर से ताला लगवाकर ऑफिस में बैठी थीं, उस दौरान बिशप और उनके लोग कॉलेज में घुसकर ऑफिस का दरवाजा हथौड़ी से तोड़ दिया था। पारुल का मोबाइल छीन लिया था। उस दौरान करीब आधे घंटे तक हंगामा चला। आखिरी में आरोपियों ने पारुल को धक्का देकर आफिस से बाहर निकाल दिया था।

# एसबीआई के पूर्व प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज

**लखनऊ, अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को वित्तीय गड़बड़ी के आरोप में प्रतापगढ़ में भारतीय स्टेट बैंक, लीलापुर शाखा के पूर्व प्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह मामला इस साल 17 सितंबर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ द्वारा जारी आदेश पर दर्ज किया गया है। सीबीआई ने लीलापुर एसबीआई के पूर्व शाखा प्रबंधक जयनाथ सरोज और कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। सीबीआई ने इस साल एसबीआई, लीलापुर के वर्तमान शाखा प्रबंधक शिखर अग्रवाल सहित विभिन्न लोगों की शिकायत पर लीलापुर पुलिस स्टेशन में जयनाथ सरोज और अन्य के खिलाफ दर्ज छह एफआईआर की जांच के लिए एफआईआर दर्ज की।

# बरेली के जज को धमकी देने वाले आरोपी को मिली जमानत

- ज्ञानवापी परिसर का वीडियो ग्राफिक सर्वेक्षण का आदेश दिया था

**लखनऊ, अमृत विचार :** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वीडियो ग्राफिक सर्वेक्षण करने का आदेश देने वाले जज रवि कुमार दिवाकर को जान माल की धमकी देने के आरोपी भोपाल निवासी अदनान खान को एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि बरेली की फास्ट ट्रैक कोर्ट में तैनात मौजूदा न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर वर्ष 2022 में ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के मामले की सुनवाई कर रहे थे। कहा गया है कि उस समय एक पक्षकार(वादी) के अनुरोध पर न्यायाधीश दिवाकर ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वीडियो ग्राफिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था। जिससे नाराज होकर भोपाल निवासी अदनान खान ने इंस्टाग्राम के माध्यम से जज को धमकी देते हुए एक फोटो इस कैप्शन के साथ पोस्ट किया कि काफ़िरों का खून आपके लिए हलाल है जो आपके दीन के खिलाफ लड़ते हैं। इस फोटो पर न्यायाधीश के चेहरे पर आंखों के ऊपर लाल रंग में काफिर शब्द लिखा है। कहा गया है कि आरोपी ने जज को मारने के लिए अपने धर्म विशेष के लोगों को प्रेरित किया है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध एटीएस ने मुकदमा दर्ज कर उसे 4 जून 2024 को गिरफ्तार किया था। उसके बाद एटीएस ने आरोपी को 14 जून 2024 को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करते हुए कहा है कि उसके विरुद्ध सभी धाराएं 7 साल से कम अपराध की सजा से दण्डनीय है। इसके अलावा अभियोजन आरोपी के विरुद्ध उसका कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं दिखा सका है।

## सार-संक्षेप

### छात्रों ने शिक्षिका की अश्लील फोटो बनाकर की वायरल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठित स्कूल की शिक्षिका ने अपने ही स्कूल में 9वीं कक्षा में पढ़ने वाले दो छात्रों के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिक्षिका ने दी तहरीर में बताया है कि उनके स्कूल के कक्षा 9वीं में पढ़ने वाले दो छात्रों ने एआई के माध्यम से उनकी फोटो को अश्लील बनाकर छात्रों के अलग-अलग ग्रुप में वायरल कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी छात्रों ने कई अन्य शिक्षिकाओं और छात्राओं की भी इसी तरह की फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी दी है। जब से शिक्षिका का फोटो वायरल हुआ है तब से वह मानसिक तनाव में हैं।

### 4 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया लेखपाल



**बिलासपुर (रामपुर), अमृत विचार :** तहसील के भीतर एंटी करप्शन की टीम ने एक किसान से घूस लेते हुए लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। पीड़ित से पूछताछ के बाद टीम लेखपाल को कोतवाली ले गई और उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबगंज निवासी दीपक डोबाल खेती करता है। करीब डेढ़ माह पूर्व उसके पिता दीवान सिंह डोबाल का देहांत हो गया था। उसे वारिसान बनवाना था। इसके लिए उसने लेखपाल केवेंद्र से संपर्क किया और वारिसान बनाने की गुहार लगाई। लेकिन लेखपाल कई दिन तक टाल-मटोल करता रहा। ज्यादा पीछा करने पर लेखपाल ने दीपक डोबाल से रिश्वत की मांग की थी।

### चन्दौसी में ईओ के आवास पर पकड़ी गई बिजली चोरी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** विद्युत विभाग की टीम चेकिंग करते हुए कागजी मोहल्ला स्थित नगर पालिका के ईओ आवास व कैंप कार्यालय पर पहुंची तो वहां मीटर बंद था और पोल से सीधा केबिल आवास में लगा था। मामला विद्युत चोरी का होने पर पोल से केबिल उतार जब्त कर लिया। चेकिंग के समय आवास पर ईओ मौजूद नहीं थे। विद्युत विभाग ने आवास के कनेक्शन पर 2 .72 लाख रुपये बकाया बताया है। एसडीओ ने बताया कि 6 से 7 माह पहले भी विद्युत बिल जमा न करने पर ईओ आवास की बिजली काट दी गई थी। इसके अलावा विभाग ने मोहल्ला कुरेशियान, पंजाबियान, सीकरी गेट पर चेकिंग अभियान चलाया। जहां पर 7 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी है। इन पर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। टीम में एसडीओ अजय कुमार शुक्ला, जेई अभिषेक सिंह आदि रहे।

### एल्विश व फाजिलपुरिया की 55 लाख की संपत्ति जब्त

**लखनऊ, अमृत विचार :** नोएडा के कोबरा विष कांड के आरोपों में फंसे यू-ट्यूबर एल्विश यादव और पंजाबी गायक राहुल यादव फाजिलपुरिया की करीब 55 लाख रुपये की चल-अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। इसमें फाजिलपुरिया की बिजनौर जिले में तन एकड़ कृषि भूमि शामिल है, जिसे फाजिलपुरिया ने 50 लाख रुपये में खरीदा गया था। जबकि एल्विश की हरियाणा स्थित जमीन को जब्त किया गया है। इसके अलावा दोनों के बैंक खातों में जमा करीब तीन लाख रुपये भी जब्त कर लिए गए हैं। बतादें कि प्रवर्तन निदेशालय की जांच में सामने आया था कि फाजिलपुरिया के गाने से यू-ट्यूब से हुई 52 लाख रुपये की कमाई के पुख्ता सुराग मिलने के बाद संपत्तियों को जब्त किया है। इसके अलावा गाने को शूट करने वाली चंडीगढ़ की स्काई डिजिटल कंपनी के बैंक खाते में जमा करीब दो लाख रुपये भी जब्त कर लिए गए हैं।

### गड्ढे में भरे पानी में नहा रहे दो किशोर डूबे, मौत

**लखनऊ, अमृत विचार :** सरोजनीनगर के रहीमाबाद इलाके में खनन से बने गड्ढे में पानी भर गया था। गुरुवार शाम पांच बजे नहाने पहुंचे तीन किशोर पानी में डूबने लगे। एक किसी तरह स्वयं बाहर निकल आया, वहीं दो किशोर गहरे पानी में चले गए। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस स्थानीय गोताखोर लेकर पहुंची। देर शाम तक कोई सुराग नहीं लगा तो एसडीआरएफ को मौके पर बुलाया गया। रात करीब 10 .20 बजे स्थानीय गोताखोर ने दोनों किशोरों के शव को गड्ढे से बाहर निकाला।

### मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना पर खर्च होंगे 86 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के लिए 86 करोड़ 24 लाख 42 हजार रुपए की स्वीकृति दे दी है। इस सिलसिले में शासन की ओर से आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन योजनाओं के लिए 180,000 लाख रुपए के सापेक्ष द्वितीय किस्त के रूप में प्रस्तावित धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि निदेशक महिला कल्याण के निवर्तन पर रखी गई है।

### दवाओं की गुणवत्ता रिपोर्ट भरोसा तोड़ने वालीः अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने देश में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर आ चुकी रिपोर्ट को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता को लेकर आने वाली रिपोर्ट लोगों का भरोसा तोड़ने वाली है। भाजपा सरकार में दवाएं लगातार महंगी हो रही है लेकिन उनकी गुणवत्ता बेहद घटिया है। सपा प्रमुख ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, जब तक भाजपा दवा कंपनियों से चंदा बटोरती रहेगी, तब तक कम गुणवत्ता वाली दवाओं का धंधा जारी रहेगा। साथ ही कहा कि जो रिपोर्ट आयी है उस पर कोई कार्रवाई होती है या चंदे का रेट बढ़ाकर मामला रफा-दफा कर दिया जाएगा।

# कांग्रेस नेता के साथ आरोपी की तस्वीरें लगीं पुलिस के हाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- औरंगजेब का नेपाल कनेक्शन मिलने पर सक्रिय हुई एनआईए

**अमृत विचार :** कुशीनगर में जाली नोट के धंधेबाजों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को कठघरे में खड़ा करने वाले कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू स्वयं जांच के दायरे में आ गए।

गैंगरेप के आरोपी मीर औरंगजेब और रफी खान उर्फ बबलू के साथ कांग्रेस नेता लल्लू के कई तस्वीरें पुलिस के हाथ लगी हैं। पुलिस तस्वीरों के आधार पर ही अजय कुमार लल्लू से पूछताछ करेगी। उधर, जाली नोटों के पाए जाने की सूचना पर एनआईए भी सक्रिय हो गई है। दरअसल एनआईए को यह जानकारी मिली है कि आरोपी औरंगजेब का लगातार नेपाल आना-जाना रहता है। ऐसे में एनआईए उसके नेपाल कनेक्शन का पता लगाने के लिए सक्रिय हुई है।

कुशीनगर पुलिस ने तमकुहीराज से सपा नेता रफी खान समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक ये सभी जाली नोट, मसाला तस्करी और पशु तस्करी से जुड़े रहे हैं। राजनीतिक दलों से जुड़े इन आरोपियों के पकड़े जाने का मामला पूरे सूब में सुर्खियों में है। आरोपियों का पक्ष लेते हुए कुछ नेता न्यायिक जांच की मांग कर चुके हैं।

# किसान को सांड़ ने पटककर मार डाला

**दियोरियाकलां (पीलीभीत)।** खेत में फसल की रखवाली करने गए किसान पर सांड़ ने हमला कर दिया।



कई बार पटका जिससे उनकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव खामघाट निवासी बाबूराम (65) बुधवार देर शाम खेत पर फसल की रखवाली करने गए थे। खेत के पास कई छुट्टा पशु इकट्ठा थे। वह पशुओं को भगाने लगे। इसी दौरान सांड़ ने उन पर हमला कर दिया। कई बार उठाकर जमीन पर पटका जिससे उनकी मौत हो गई। आसपास के खेतों पर मौजूद ग्रामीणों ने सांड़ को भगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# किशोरों को अपहृत करने के शक में युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भीड़ ने कार फूंकी, पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार



**अमृत विचार :** गलशहीद थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात नाबालिगों का अपहरण करने के शक में गुस्साई भीड़ ने कार सवार युवक की धुनाई कर दी। उसकी कार भी फूंक दी। पुलिस किसी तरह उसे बचाकर थाने लाई और युवक के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया।

उधर, आरोपी पक्ष ने मारपीट और आगजनी करने के आरोप में 100- 150 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला खोकरान सराय किशनलाल निवासी तौफीक अहमद का बेटा हस्सान (16) छोटे भाई के साथ बुधवार रात चांद वाली मस्जिद की ओर जा रहा था। तभी प्रिंस रोड बिजलीघर के पास कार सवार युवक ने उन्हें बुलाया और 500 की नोट देकर गुटखा लाने को कहा। हस्सान ने गुटखा लाकर दिया तो उसने कहा कि कार में बैठ जा। इनकार करने पर गोली मारने की धमकी दी। इस पर दोनों भाई भाग निकले। आरोप है कि इसके बाद कार सवार युवक आरिफ के बेटे आदिल (14) को जबरदस्ती कार में बिठाने लगा, उसके शोर मचाने पर भीड़ जुट गई, आरोपी की पिटाई के साथ उसकी कार भी फूंक दी।

आरोपी नसीर रामपुर के टांडा का रहने वाला है। तौफीक अहमद ने नसीर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। उधर आरोपी युवक के परिजन भी सूचना पाकर थाने पहुंचे। बताया कि नासिर चिकन खाने के लिए होटल आया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

# गांवों में पर्यटन स्थल तलाश रही योगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- देवीपाटन, चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ व वाराणसी मंडल पर फोकस

**अमृत विचारः** राज्य सरकार देशी-विदेशी सैलानियों के लिए उप्र. के गांवों में पर्यटन स्थलों की तलाश कर रही है। इसी कवायद के तहत ग्रामीण पर्यटन विकास नीति तैयार हो रही है जो ग्रामीण पर्यटन के कायाकल्प का आधार बनेगी।

ऐसे में उत्तर प्रदेश के ग्रामीण परिवेश को भी अब पर्यटकों के बीच लोकप्रिय करने का रास्ता साफ होगा। इस प्रक्रिया के अंतर्गत देवीपाटन मंडल, चित्रकूट मंडल, अयोध्या मंडल, लखनऊ और वाराणसी मंडल के 93 गांवों में पर्यटन को समृद्ध करने पर फोकस किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार, राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उप्र. पर्यटन विभाग ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिस पर कार्य भी शुरू हो गया है। साथ ही, ग्रामीण, वन समेत पर्यटन के लिहाज से प्रमुख टूरिस्ट सर्किट में टूर गाइड्स व ऑपरेटर्स की ट्रेनिंग प्रक्रिया को भी बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में विस्तृत फ्रेमवर्क पर काम जारी है। इस क्रम में, लखनऊ के मान्यवर कांशीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म मैनेजमेंट के कायाकल्प की भी तैयारी है। कार्ययोजना के तहत 12 मेगा टूरिज्म सर्किट चिह्नित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश टूरिज्म पॉलिसी 2022 के अनुसार, इनमें रामायण सर्किट, सूफ़ी-कबीर सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, जैन सर्किट, कृष्ण-ब्रज सर्किट, शक्ति-पीठ सर्किट, महाभारत सर्किट, वाइल्ड लाइफ़-ईको पर्यटन सर्किट, स्वतंत्रता संग्राम सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, बौद्ध सर्किट तथा शिल्प सर्किट प्रमुख हैं।

# सहारा से ली गई जमीन पर बनेगा गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क

**लखनऊ, अमृत विचार :** गोमती नगर में सहारा ग्रुप से ली गई 75 एकड़ जमीन पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित करेगा।

ये शहर का पहला बायो-डाइवर्सिटी पार्क होगा जिसमें देसी एवं प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न जोन में नेचुरल वेट लैंड विकसित किए जाएंगे। गहराई वाले स्थान पर तालाब बनाकर लोटस (कमल) पार्क तैयार किया जाएगा।

# 4 दिन से पिंजड़े में कैद है बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



**अमृत विचारः** माला रेंज से रेस्क्यू किए खूंखार बाघ को छोड़ने के लिए शासन से दिशा निर्देश न मिलने पर 108 घंटे बाद भी उसे पिंजड़े से रिहाई नहीं मिल सकी हैं। विशेषज्ञों की टीम बाघ का परीक्षण कर रही हैं। इधर, हमलावर बाघ को लेकर आशंका है कि उसके सुनने की क्षमता कम हो रही है।

बाध चार दिन से पिंजड़े में बंद है। वन विभाग के अफसर दावा कर रहे हैं कि बाघ के स्वास्थ्य पर लगातार निगाह है। सूत्रों की मानें तो पकड़े गए बाघ को पीटीआर के जंगल में न छोड़कर कहीं अन्य जगह भेजा जाएगा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से सटे गांवों में पिछले लंबे अरसे से आतंक का पर्याय बने बाघ को बीते 23 सितंबर माला रेंज में ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया था।

## उत्तराखंड


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट सूचना सं. 2024/मेड/03 दिनांक 24.09.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/इज्जतनगर द्वारा रेलवे स्वास्थ्य केन्द्र कासगंज, फतेहगढ़, मथुरा छावनी, पीलीभीत, लालकुआँ, काठगोदाम एवं काशीपुर के रेलवे मरीजों के विभिन्न पैथोलोजिकल जाँचे नकदीहीन आधार (कैशलेस बेसिस) पर अद्यतन उक्त शहर के सी.जी.एच.एस.दर/नजदीकी शहर के सी.जी.एच.एस.के दरों/या उससे कम दर पर करने हेतु पैथोलोजिकल जाँच केन्द्रों (डायग्नोस्टिक सेन्टर्स)/चिकित्सालयों/फर्मों/प्रयोग शालाओं, जो उक्त शहर के नगर निगम क्षेत्र में स्थित हो तथा तीन वर्ष या अधिक समय से जाँच कर रहा हो से दो वर्ष की अवधि के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जा रहा है।उक्त के लिए जो भी फर्मे इच्छुक हों से अनुरोध है कि वो अपना एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवे/ इज्जतनगर में उपलब्ध सूचना बाक्स में जमा करें। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय,पूर्वोत्तर रेलवे,इज्जतनगर में किसी भी कार्य दिवस में कार्य अवधि 10.00 बजे से 13.00 बजे तक आकर प्राप्त की जा सकती है।

• **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान तथा तिथिः** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवें,इज्जतनगर के कार्यालय से दि0 22.10.2024 तक समय 10.00 बजे से 13.00 बजे तक कार्यालय के कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। • **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं स्थानः**23.10.2024 समय 10.00 बजे से 15.00 बजे तक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवें, इज्जतनगर कार्यालय में स्थित एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट बाक्स में।• **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट बाक्स बन्द करने की तिथि एवं समय :** 23.10.2024 समय 15.00 बजे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पूर्वोत्तर रेलवें,इज्जतनगर के कार्यालय में।• **एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट बाक्स खोलने की तिथिः** 23.10.2024 समय 15.30 बजे । यदि इस तिथि को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाता है तो बाक्स अगले कार्य दिवस में उसी निर्धारित समय खोला जायेगा।• एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट नोटिस तथा एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट प्रपत्र पूर्वोत्तर रेलवे की वेब साइट **www.ner.indianrailways.gov.in**.पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक इज्जतनगर

मुजाधि/विविध - 18

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


**छह घंटे ठप रहा अल्मोड़ा-हल्द्वानी मार्गः**अल्मोड़ा। अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास गुरुवार तड़के भारी मलबा आने के चलते बंद हो गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों का लंबा जाम लग गया। जिससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मार्ग लगभग छह घंटे तक बंद रहा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कस्बापुर वि.खं.शेरगढ़ जनपद बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मो व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत कस्बापुर में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत कामन सर्विस सेंटर एवं ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत आर आर सी सेंटर निर्माण हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका सामग्री विवरण निम्नवत है-ईट, बजरफुट, सरिया, सीमेंट, रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर का निर्माण | 5 लाख |
| 2. | ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत आरआरसी सेंटर का निर्माण | 372000 |

उक्त कार्य हेतु सील बंद निविदाएं दिनांक 26.09.2024 से आमंत्रित की जाती है दिनांक 28.09.2024 को दिन शनिवार सायं 4 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान सचिव

**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली**

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 910/मु.अभि./नि.वि./2024-25 दिनांक : 21.09.2024

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितंबर 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| पुनः ई-निविदाएं आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 13 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 25.09.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 25.09.2024 (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 03.10.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 03.10.2024 (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |
| **पुनः ई-निविदाएँ आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 14 से 25 तक)** | |
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 27.09.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 27.09.2024 (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 03.10.2024 (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 03.10.2024 (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, बरेली


# सितारगंज में प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा पकड़ा गया

संवाददाता, सितारगंज

- मेडिकल स्टोर की आड़ में हो रहा था धंधा, दो सगे भाई गिरफ्तार

**अमृत विचार :** ग्राम सिसैया में ड्रग माफिया पर बड़ी कार्रवाई हुई है। बुधवार को पूर्वाह्न से शुरू होकर रात भर चली छापेमारी में प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद हुआ है। इतने बड़े स्तर पर प्रतिबंधित दवाओं के खुलासे को उत्तराखंड में अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। मेडिकल स्टोर की आड़ में यह नशीला कारोबार चल रहा था। मेडिकल स्टोर संचालक दोनों सगे भाइयों को नारकोटिक्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फ़ोर्स के प्रभारी राजेश पांडे के अनुसार बुधवार को वह अपनी टीम के साथ मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम की कार्यवाही के लिए निकले हुए थे। रुद्रपुर से किच्छा, पुलभट्टा होते हुए सितारगंज की ओर आ रहे थे तभी बरा पहुंचने पर उन्हें द्वारा सूचना मिली कि सिसैया स्थित राजेश मेडिकल स्टोर पर भारी मात्रा में नशीली दवाइयां मौजूद हैं। इसके बाद टीम तत्काल सिसैया पहुंच गई। जहां से उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. नीरज कुमार और सितारगंज कोतवाली प्रभारी भूपेंद्र बृजवाल से संपर्क किया। सरकड़ा चौकी प्रभारी सुरेन्द्र प्रताप सिंह व ड्रग इंस्पेक्टर डॉ. नीरज कुमार तुरंत वहां पहुंच गए। फिर संयुक्त रूप से मेडिकल स्टोर व उनके गोदाम पर छापेमारी शुरू हुई। बुधवार पूर्वाह्न से शुरू हुई कार्यवाही गुरुवार सवेरे समाप्त हुई।

इस छापेमारी में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा बरामद हुआ। छापेमारी के बाद टीम ने बताया कि मेडिकल स्टोर व गोदाम से प्रतिबंधित 153176 कैप्सूल, 5949 इंजेक्शन व 57050 नशीली टेबलेट्स बरामद की गई हैं। मेडिकल स्टोर स्वामी मख्वारा फार्म सिसैया निवासी राजेश कुमार (25) व उसके भाई हरपाल सिंह (30) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों भाइयों पर एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। बरामद दवाइयों की कीमत 25 लाख से अधिक बताई जा रही है।

### करोड़ों की चोरी मामले में हो रही है जांचः डीजीपी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने उत्तर प्रदेश के एक पूर्व नौकरशाह के घर से करोड़ों की चोरी प्रकरण में कहा कि इसकी कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है, फिर भी आधार क्या है इसकी जांच कराई जा रही है। डीजीपी कुमार ने गुरुवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि मीडिया रिपोर्टस के जरिये पता चला कि पूर्व नौकरशाह के घर से करोड़ों रुपये की चोरी हुई है। अभी तक किसी ने भी कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। वैसे भी जिसकी संपत्ति चोरी हुई है, उसको शिकायत करनी चाहिए। वहीं, उप्र पुलिस की एसटीएफ, एसओजी समेत अन्य टीमों के सादी वर्दी में जिले में डेरा डालने और जांच करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब तो उप्र पुलिस ही दे सकती है। रिपोर्टस का आधार क्या है, हम इसकी जांच जरूर कर रहे हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। जब तक कोई लिखित शिकायत नहीं करता है पुलिस कानूनी कार्रवाई नहीं कर सकती है।

### मुठभेड़ के बाद पकड़ा बदमाश, पैर में लगी गोली

**काशीपुर, अमृत विचार :** जसपुर में सराफा कारोबारी व उसके बेटे से लूट के मामले में शामिल एक और बदमाश साजिद उर्फ काला कुण्डा को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बदमाश को रेफर कर दिया गया। जसपुर थाना क्षेत्र में बीती 14 सितंबर को सराफा कारोबारी व उसके पुत्र से लूट की गई थी। वारदात को तीन नकाबपोश बदमाशों ने अंजाम दिया था। जांच में जुटी पुलिस की मंगलवार की देर रात रात बदमाशों से हुई मुठभेड़ में एक बदमाश दिलशाद गोली लगने से घायल हो गया था। जबकि उसका साथी दूसरा साजिद उर्फ काला निवासी टांडा बादली ( रामपुर ) फरार हो गया था।

### हाईकोर्ट बार एसो. सभी पत्राचार हिंदी में करेगा

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की गुरुवार को बार सभागार में हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत विचार गोष्ठी हुई। इसमें तय किया गया कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन समस्त पत्राचार हिन्दी में ही करेगा। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी मातृ भाषा है, इसको अधिकाधिक प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इसके लिए सभी कार्यों में हिन्दी भाषा का उपयोग अधिक से अधिक किया जाना बहुत जरूरी है।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता-तृतीय नलकूप उपखण्ड कालाढूंगी**

पत्रांक : 207/स.अ.तृतीय/टेण्डर/2024-25 दिनांक : 21-09-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः 11/ सहा० अभि० तृती० / 2024-25**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों की मोहरबन्द निविदायें दिनांक 07.10.2024 अपराहन 3.00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदार से आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने की निर्धारित तिथि के एक दिवस पूर्व तक बेची जायेगी। कार्य सम्बन्धी विवरण निविदा खोलने से पूर्व में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सायं 4. 00 बजे तक कार्यालय में देखा जा सकता है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक की एफ०डी०आर० के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड रामनगर के नाम बंधक होनी चाहिए मान्य होगी। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का एवं कार्य की मात्रा कम या ज्यादा करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। दरों की वैधता हेतु निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर 03 माह की वैधता हेतु रू० 1.00 के राजस्व टिकट में हस्ताक्षर कर लगाना होगा। निविदा आमंत्रण की तिथि से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें।

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | मात्रा | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (18% अतिरिक्त जी०एस०टी०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply & Fixing of Servo Voltage Stabilizer 125 KVA at STW NO-106 RG, Vill-Chandrapur Ratanpur, Block Kotabagh, Nainital Under-KHANAN-NYAS. | 01 Job | 14000.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह |
| 2 | Supply & Fixing of Servo Voltage Stabilizer 125 KVA at STW NO-40 RG, Vill- Udaipuri Mahadevpuri Ratanpur, Block- Kotabagh, Nainital Under-KHANAN-NYAS. | 01 Job | 14000.00 | 1000.00+ 18% GST | 02 माह |

(सुनील काण्डपाल)
सहायक अभियन्ता तृतीय

यथोचितेन वा चित्तं निभृतं निभृतेन वा।
समेति प्रज्ञया प्रज्ञा तयोर्मैत्री न जीर्यति ॥

दो व्यक्तियों की मित्रता तभी स्थायी रह सकती है जब उनके मन से मन, गूढ़ बातों से गूढ़ बातें तथा बुद्धि से बुद्धि मिल जाती है।

## संपादकीय

# घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहें उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला अधिकारों के संरक्षण में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का बड़ा महत्व है। भारत में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा अपराध की घटनाएं निरंतर जारी हैं, जो देश के समक्ष गंभीर चिंता का कारण बनी हुई है। 2005 के अधिनियम के अनुपालन के बाद भी भारत में घरेलू हिंसा की घटनाओं में कमी नहीं आई है। इन हालात में भारत में घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों के प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालने वाली सामाजिक-सांस्कृतिक और कानूनी चुनौतियों पर चर्चा जरूरी हो जाती है। न्यायालय ने कहा कि भारत में एक महिला को पुत्री, बहन, पत्नी, मां, साथी या एकल महिला के रूप में घरेलू हिंसा एवं भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो कि चिंतनीय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (एनएफएचएस-5), 2019-2021 के अनुसार, 18 से 49 वर्ष की आयु के बीच की 29.3 प्रतिशत विवाहित भारतीय महिलाओं ने घरेलू/यौन हिंसा का अनुभव किया है 18 से 49 वर्ष की आयु की 3.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा है। यह केवल महिलाओं द्वारा दर्ज कराए गए मामलों की संख्या है।

अक्सर ऐसे बहुत से मामले होते हैं जो पुलिस तक कभी नहीं पहुंच पाते। एनएफएचएस के आंकड़ों के अनुसार हिंसा की शिकार 87 प्रतिशत विवाहित महिलाएं मदद नहीं मांगती हैं। घरेलू हिंसा के विरुद्ध कानूनों का प्रवर्तन चुनौतीपूर्ण है? कानूनों का असंगत क्रियान्वयन प्रभावी प्रवर्तन में बाधा डालता है। इसका कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों और न्यायिक निकायों में घरेलू हिंसा के मामलों से निपटने के लिए उचित प्रशिक्षण का अभाव हो सकता है। साथ ही अदालत में घरेलू हिंसा साबित करने के लिए पर्याप्त सबूतों की आवश्यकता होती है। गवाहों या भौतिक साक्ष्यों की कमी से मामले कमजोर हो सकते हैं। भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराध कभी न खत्म होने वाले चक्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। घरेलू हिंसा अक्सर परिवार के भीतर ही होती है। कानूनी कार्रवाइयों से पारिवारिक रिश्ते खराब हो सकते हैं, जिससे पीड़ित कानूनी उपाय अपनाने में हिचकिचाते हैं। ऐसे में ज़मीनी स्तर पर महिलाओं के हितों के लिए कार्य करने वाले संगठनों एवं समुदायों को दृढ़ता से समर्थन करने की आवश्यकता है।

# विकसित भारत का विजन पूरा करने को पर्यटन में अवसर


गजेंद्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एंबेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एंबेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं।

प्रधानमंत्री निरंतर यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। प्रधानमंत्री का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई ।

पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए ।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए । हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है ।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें ।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है । नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है ।

प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है–एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है ।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं । साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें । इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें ।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें । आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिए पीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके । प्रधानमंत्री का विकसित भारत का विज़न पूरा करने के लिए पर्यटन अनेक अवसर प्रदान करता है। विश्व पर्यटन दिवस पर,इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने प्रधानमंत्री की ही तरह 'अतुल्य भारतीय' बन सकें ।

## प्रसंगवश

# तंत्र की लोक से अनपहचान

समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है,वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज हम लोकतंत्र के युग में जी रहे हैं। हमारे राष्ट्रीय-जीवन की सामाजिक-राजनैतिक-सांस्कृतिक-आर्थिक साहित्यिक समस्त गतिविधियों का केंद्र लोकजीवन है। हमारी आधार-भूत समस्याओं का मूल है-तंत्र की लोक से अनपहचान। तंत्र में वे सभी बुद्धिजीवी भी हैं, जो लोक को अभी भी रैयत या प्रजा समझ रहे हैं। एक न्यायमूर्ति के मुंह से तंत्र के मन की बात रपट पढ़ी थी, जब उसने कहा था कि देश की 90 प्रतिशत जनता ईडियट है। और क्या सामंतवाद के सींग होते हैं? यही वृत्ति उन शिक्षाशास्त्रियों की है, जो अपने राजनैतिक-आश्रयों के मत-वाद को परम-तत्व के समान मान कर उनका साहित्यिक भाष्य करते रहे हैं। अनेक देशों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग हैं, भारत के अधिकांश विश्वविद्यालयों में लोकवार्ता के स्वतंत्र विभाग नहीं हैं। संस्कृतिशास्त्र के विभाग नहीं हैं।

लोकवार्ता लोकतंत्र का तत्वदर्शन है। साहित्य के व्याख्याता किताबी भाष्य तो करते हैं, लोकजीवन को विस्मृत कर देते हैं। यह खंडित दृष्टि है। समकालीन दृष्टि, ऐतिहासिक दृष्टि, वैज्ञानिक दृष्टि पर लंबी चौड़ी बहस करते हैं किंतु इतनी सी बात समझ में नहीं आती कि ये सारी दृष्टियां लोकजीवन के लिए हैं। यदि इन दृष्टियों में समष्टिभाव का लोप है, तो इन दृष्टियों का उधार तो हम पर है नहीं। इनका क्या करना है? समकालीनता और आधुनिकता की बात की जाती है, आधुनिकता और समकालीनता अनिवार्य हैं परंतु परंपरा की अदम्यशक्ति को भी साथ लेकर ही चलना होगा। मानवीय मूल्य न हों, तो ऐसी आधुनिकता निजी-अहंकार हो सकता है, वह समाज के लिए कौड़ी-भर काम की नहीं है।

# आसान नहीं है 'हाइब्रिड' वाहनों की राह


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं ।जिसमें लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है।

पेट्रोल तथा डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की तरफ अपना रुझान करते जा रहे हैं। इसके साथ ही सरकार का प्रयास भी इसी दिशा में है। लेकिन इन सबके बीच ऑटोमोबाइल से जुड़ी बहुत सारी कंपनियां पारंपरिक इंजन से चलने वाले वाहनों एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के बीच की एक कड़ी लाने की कोशिश कर रही हैं। जिसे 'हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल' कह सकते हैं।

हाल ही में 'एचएसबीसी ग्लोबल' रिसर्च की रिपोर्ट में आगामी 5-10 वर्षों में भारत को आवागमन हेतु सतत समाधान के रूप में बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) के स्थान पर हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही गई है। जिसके परिणामस्वरूप भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर के ट्रेंड्स में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। देश में लोग इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से दोगुनी कीमत होने के बावजूद अब हाइब्रिड वाहनों की तरफ मुड़ते जा रहे हैं।

वस्तुतः भारत में अभी होंडा, सुजुकी,और टोयोटा जैसी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपने हाइब्रिड वाहनों को लांच किया है। इलेक्ट्रिक वाहनों पर पहले से ही बहुत सी गाड़ियां आ रही थीं। लेकिन उनकी एक सीमा (रेंज) है। और उससे बचने के लिए हाइब्रिड वाहनों के उपयोग को व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है।

ऑटोमोबाइल एक्सपर्ट के मुताबिक हाइब्रिड कारों की 'रनिंग कॉस्ट' लंबी अवधि में ईवी से कम होती है। गौरतलब है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 'चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर' की कमी अभी भी एक बड़ी समस्या है लेकिन वहीं हाइब्रिड कारें ईंधन और बैटरी दोनों से चल सकती हैं। हाइब्रिड वाहनों को पसंद करने का एक और प्रमुख कारण इसकी 'रेंज एंग्जाइटी' का 'नहीं' होना है क्योंकि ईवी में 'रेंज एंग्जाइटी' यानी कि कम चार्जिंग में लंबी दूरी तय करने को लेकर चिंता अभी भी बरकरार है। जबकि हाइब्रिड कारें इस चिंता से निजात दिलाती हैं। क्योंकि बैटरी के चार्ज नहीं होने की स्थिति में हम इसे पेट्रोल से चला सकते हैं।

गौरतलब है कि ऑटो कंपनियों के संगठन 'सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटो मोबाइल मनुफक्चरर्स' के आंकड़ों के मुताबिक भारत में हाइब्रिड कारों की बिक्री पिछले साल 30 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। यही वजह है कि मारुती सुजुकी टोयोटा जैसे जापानी वाहन निर्माता ईवी के बजाय हाइब्रिड पर जोर दे रहे हैं। हुंडई भी 2026 तक भारत में अपनी पहली हाइब्रिड कार लांच करने की योजना बना रही है।

हाइब्रिड वाहनों में पेट्रोल या डीजल जैसे 'इंटरनल कम्बशन इंजन' (आईसीई) के साथ ही इलेक्ट्रिक बैटरी भी होती है। जो वाहनों की रेंज और ईंधन की दक्षता को बढ़ाने में मददगार है। दुनिया में पेट्रोल एवं डीजल चलित वाहनों के अतिरिक्त स्ट्रांग हाइब्रिड, माइल्ड हाइब्रिड, प्लग इन हाइब्रिड और प्योर इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ रही है ।

भारत में हाइब्रिड वाहनों की चुनौतियां भी कम नहीं हैं, जिसमें से कुछ प्रमुख चुनौतियां निम्न हैं : भारत एक मूल्य संवेदनशील बाजारः भारत का बाजार अभी 'संक्रमण काल' (ट्रांजीशन फेज) से गुजर रहा है। क्योंकि देश में लंबे समय से पेट्रोल, डीजल तथा सीएनजी वाहनों का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही साथ इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार भी अभी चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। इन सबके बीच हाइब्रिड तकनीक अभी शुरुआती नवीनतम स्तर पर है । इस तकनीक के पूरी तरह से विकसित होने के बाद ही इसकी कीमतों में कमी देखने को मिल सकती है।

हाइब्रिड वाहनों की बैटरियां अलग-अलग तकनीक से बनाई जाती हैं। जिसमे लिथियम आयन, सोडियम आयन की बैटरियां शामिल हैं, जिसकी कीमत सामान्य से ज्यादा होती है। बैटरियों की लागत ज्यादा होने के कारण वाहनों की कीमत भी बढ़ जाती है। सरकारी सब्सिडी इसमें कुछ हद तक सहायक सिद्ध हो सकती है। अतः इसे कम कीमतों के साथ बाजार में उपलब्ध कराना होगा ताकि लोग इससे जुड़ सकें और इसका उपयोग कर सकें।

हमारे देश में जैसे-जैसे हाइब्रिड वाहनों का उपयोग बढ़ेगा, स्थानीय स्तर पर विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। साथ ही जीवाश्म ईंधनों की कीमतों में वृद्धि से भी राहत मिलेगी। सरकार भी इसमें 'टैरिफ' देकर इलेक्ट्रिक वाहन के निर्माताओं को भरसक सहयोग कर रही है। वैज्ञानिकों के अनुसार हाइब्रिड वाहनों के उपयोग से प्रदूषण की स्थिति को भी सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# कुछ न सोचता है न बोलता


रमा शंकर सिंह
दिल्ली

वर्तमान की दो पीढ़ियां शहर में नक़ली खाकर बड़ी हुई हैं। नक़ली ख़राब खाना जिसमें सब्ज़ी दाल आटा और सबसे ख़राब वे जो पैक किए मसाले ही इन्हें अच्छे लगते हैं और जैविक और कीटनाशक रहित सब्ज़ियों में इन्हें चमक नहीं मिलती तो बेकार समझते हैं। मोम की परत से चमकीला बनाया पुराना शीतगृहों का सेब अच्छा लगता है जबकि बाग़ान से उतरा कम लाल व कम चमकीला इन्हें सस्ता होने पर भी बुरा लगता है। ऋतु मौसम के अनुसार फल व सब्ज़ियों का चुनाव कैसे करें यह सीख स्कूल तो देते नहीं जबकि हर इंसान को दिन में तीन चार बार इन्हीं से बनी चीजों की ज़रूरत पड़ती है और पेट में जाती हैं। स्कूल जीवन के लिए नहीं नौकरी धंधे के लिए तैयार कर रहे हैं जबकि जीवन जीते हुए ही नौकरी धंधा होता है। दवाइयों में अकल्पनीय मिलावट है। अभी हाल ही में एक एंटीबायोटिक गोली की प्रयोगशाला में जांच हुई तो पाया कि शुद्धतः खड़िया मिट्टी थी। इन सब विषयों पर जो जीवन पर प्रतिकूल असर डालकर जीवन को छोटा और बीमार कर रहे हैं, भारत कुछ न सोचता है न बोलता है। लड्डू में मिलावट भी बुरी और ख़तरनाक है लेकिन सिर्फ़ मंदिर की नहीं हर दुकान पर हो रही भी। जो समाज हर दुकान की मिठाई शुद्ध नहीं बनवा सकेगा वो मंदिर की क्या ख़ाक ठीक करेगा? चार महीने बाद हल्ला कम होने पर वही चर्बी वाले तेल में देसी घी का फ्लवेर और पीला रंग तुम्हें फिर से देसी घी लगने लगेगा।

उपभोक्ता आंदोलन किसने ख़त्म किया? फ़ैक्ट्री मालिकों, मज़दूर व उपभोक्ता यूनियनों संस्थाओं के भ्रष्ट नेताओं, ब्लैकमेल करने वाले वकीलों और सो रहे लेकिन लगातार लुट रहे उपभोक्ताओं ने। सरकारों पार्टियों के मजे , खूब चंदा उड़ाओ; सबसे अपार पैसे खाओ। असल में भारत सदियों से अभिशप्त है कि यहां की जनता अपने मुद्दों की मालिक खुद कभी नहीं बनना चाहती, इसे हर बात के लिए अवतार चाहिए। आख्यानों कथाओं के लिए तो ठीक है पर असल ज़िंदगी में जो भी अवतार बनने की प्रक्रिया से गुज़रते हैं वे किन महाशक्तियों ने गढ़े हैं यह देखना जानना भी नहीं है।

– फेसबुक वॉल से

# दिशाओं की बातें


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर।

सुबह जब मैं अपने घर के बगीचे में टहल रहा था तो मैंने सूर्य को उदय होते हुए देखा। मैंने सूर्य के उदय होने की दिशा देखी। मैंने गौर किया कि मेरे घर की दिशा के सापेक्ष जून में सूर्य मुझे अभी की अपेक्षा उत्तर की ओर से उदित होता हुआ दिखाई पड़ता था और जाड़ों में दक्षिण की ओर से। मुझे याद आया कि अभी कुछ दिन पहले-22 सितंबर को-उत्तरी गोलार्ध का ऑटम इक्विनॉक्स होकर चुका है। इसका अर्थ हुआ कि इस समय सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर है। जब उत्तरी गोलार्ध में गर्मियां पड़ती हैं तब वह 23.5 डिग्री उत्तर-कर्क रेखा-के ऊपर और यहां जाड़े पड़ने पर 23.5 डिग्री दक्षिण में मकर रेखा के ऊपर होता है।

यह देख कर मेरे मन में विचार आया कि पूर्व दिशा क्या है। हम लोग बचपन में पढ़ते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदित होता है, वह पूर्व दिशा होती है। इसकी ओर मुंह करके खड़े होने पर हमारी पीठ पीछे पश्चिम दिशा, बाएं हाथ की ओर उत्तर दिशा और दाएं हाथ की ओर दक्षिण दिशा होती है। लेकिन सूर्य तो किसी एक निश्चित दिशा से उदित नहीं होता है। यह आभासी रूप से 23.5 डिग्री उत्तर अक्षांश से 23.5 डिग्री दक्षिण अक्षांश के बीच घूमता हुआ दिखाई पड़ता है। तब हम पूर्व दिशा किसे मानेंगे ?

यह कहना गलत है कि पृथ्वी के केंद्र से सूर्य के केंद्र की ओर जाने वाली दिशा पूर्व दिशा होती है। सूर्य के चारों ओर पृथ्वी द्वारा अपनी यात्रा के पथ में हर बिंदु पर यह दिशा बदलती रहती है। वास्तव में कोई भी 'कार्डिनल' दिशा पृथ्वी की सतह के सापेक्ष देखी जाती है। पृथ्वी की सतह के किसी स्थान से हमें सूर्य जिस ओर दिखाई पड़ता है, आम तौर पर उसे पूर्व दिशा कह दिया जाता है। किन्तु क्या यह एक सही परिभाषा है?

यह कहना भी गलत है कि पृथ्वी पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी किसी भी ओर से घूमे, हम उसे पश्चिम से पूर्व या पूर्व से पश्चिम कह सकते हैं। कहने का सही तरीका यह है कि यदि हम पृथ्वी को उसके उत्तरी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे की ओर देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों के चलने की विपरीत दिशा में चलती हुई-या घूमती हुई- दिखाई पड़ेगी। या इसे हम ऐसे कह सकते हैं कि हम पृथ्वी को दक्षिणी ध्रुव के ऊपर अंतरिक्ष से नीचे देखें तो वह हमें घड़ी की सुइयों की दिशा में चलती हुई दिखाई पड़ेगी। पृथ्वी की सतह पर दिशाएं उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव से भी तय की जा सकती हैं। लेकिन यहां पर चुंबकीय ध्रुवों और भौगोलिक ध्रुवों का अंतर भी सामने आता है। कहीं पर चुंबकीय ध्रुवों को देखा जाता है और कहीं पर भौगोलिक ध्रुवों को। इसके विभिन्न कारण होते हैं।

अंतरिक्ष में वैसे तो कोई दिशा नहीं होती है-या कहना चाहिए कि पृथ्वी की सतह के सापेक्ष वाली कोई दिशा नहीं होती है - लेकिन फिर वहां दिशाएं होती भी हैं। वह दिशाएं अनेक प्रकार से देखी जाती हैं, उदाहरण के लिए गैलेक्टिक एक्सिस से, हमारी गैलेक्सी या गैलेक्सी के बाहर की विभिन्न सेलेस्टियल बॉडीज के कोऑर्डिनेट्स से, पृथ्वी के पोल्स के एक्सटेंशन से, उसकी भूमध्य रेखा के एक्सटेंशन से, 'राइट एसेंशन' और 'राइट डेक्लीनेशन' से और अनेक अन्य प्रकार से। और अंतरिक्ष में 'ऊपर' और 'नीचे' भी नहीं होता है। और पृथ्वी की सतह के हर स्थान पर ऊपर और नीचे की दिशा एक-दूसरे के सापेक्ष भिन्न-भिन्न होती है।

इसी प्रकार उत्तरी ध्रुव में केवल दक्षिण दिशा होती है और दक्षिणी ध्रुव में केवल उत्तरी दिशा। उत्तरी ध्रुव से हर रास्ता केवल दक्षिण की ओर जाता है और इसी प्रकार दक्षिणी ध्रुव से हर रास्ता केवल उत्तर की ओर। पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुव समय के साथ-साथ अपना स्थान थोड़ा-थोड़ा बदलते भी रहते हैं। बल्कि पृथ्वी के चुंबकीय ध्रुवों ने तो पृथ्वी के इतिहास में अनेक बार एक-दूसरे के साथ भी स्थान बदला है। जहां इस समय उत्तरी ध्रुव है, कभी वहां दक्षिणी ध्रुव था, और जहां दक्षिणी ध्रुव है, वहां उत्तरी ध्रुव। ऐसा उसके अंदर के लोहे के क्रोड की स्थिति में परिवर्तन के कारण होता है। पृथ्वी के भौगोलिक ध्रुव भी अंतरिक्ष के तारों के सापेक्ष एक लट्टू के समान चक्कर लगाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि पूर्व और पश्चिम दिशा एक निश्चित दिशा नहीं है। हम यह मोटे तौर पर कहते हैं कि जिस दिशा से सूर्य उदय होता है, वह पूर्व दिशा होती है। तो, दिशाओं का संसार बहुत रोचक है। 'दिशाओं' से मुझे 'दिग्गजों' की याद आ रही है। दिग्गज - अर्थात् दिक् + गज - अर्थात् दिशाओं के हाथी। कभी यह माना जाता था कि चार दिशाओं में चार बड़े-बड़े हाथी होते हैं जो पृथ्वी को अपनी पीठ पर धारण किए रहते हैं। कैसी-कैसी धारणाएं थीं! लेकिन क्या अभी भी हम लोग अपनी धारणाओं में बहुत सुसंगत हो पाए हैं? क्या अभी भी हम अनेक अतार्किक धारणाएं नहीं पाले बैठे हैं? क्या अभी भी हमारे समाज की एक वैज्ञानिक मानसिकता बन पाई है?

# प्रसाद में मिलावट आस्था से खिलवाड़


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डुओं में बीफ, फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी के इस्तेमाल का खुलासा हुआ है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के एक दावे से बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डुओं में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। प्रयोगशाला रिपोर्ट में नमूने लेने की तारीख 9 जुलाई, 2024 थी और प्रयोगशाला रिपोर्ट 16 जुलाई की थी। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या घी का टेंडर ब्लैक लिस्टेड कंपनियों को दिया गया। यह अनदेखी या जानबूझकर छूट का मामला है। टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया गया और घी को जांच के लिए नहीं भेजा गया। टेंडर के क्लॉज 80 के अनुसार आपूर्ति की गई घी की प्रत्येक खेप के लिए एनएबीएल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना जरूरी है।

इसके अलवा टेंडर क्लॉज 81 के अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी के नमूनों को लैब परीक्षण के लिए भेजना अनिवार्य है। सवाल उठ रहे हैं कि अगस्त 2023 और जुलाई 2024 के बीच ब्लैक लिस्टेड कंपनी के पहले के नमूनों में ये मिलावट कैसे नहीं पकड़ी गई? क्या टीटीडी ने एनएबीएल/लैब परीक्षण के लिए नमूने नहीं भेजे? क्या ब्लैक लिस्टेड कंपनी ने उस बैच का एनएबीएल प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया जिसमें मिलावट पाई गई थी? भारत के कई राज्यों में एक लाख से अधिक मंदिरों (तिरुपति सहित) के प्रबंधन पर संबंधित सरकारों का नियंत्रण है। तिरुमाला तिरूपति देवस्थानम ट्रस्ट के अंतर्गत श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का संचालन होता है, जो दुनिया का सबसे अमीर मंदिर ट्रस्ट भी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल, 2024 तक तिरुपति ट्रस्ट के बैंक खाते में 18,817 करोड़ रुपये की राशि थी। मंदिर प्रबंधन को करीब 500 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। ट्रस्ट के पास कुल 11,329 किलो सोना है, जिसकी कीमत करीब 8,496 करोड़ रुपये है।

श्रीवेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) का विश्वप्रसिद्ध प्रसाद (लड्डू) तैयार किया जा रहा था, वह न केवल मिलावटी है, बल्कि उसमें 'फीश ऑयल', 'बीफ-टैलो' और 'लार्ड' (सुअर की चर्बी) जैसे तत्व भी पाए गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर का प्रबंधन करता है। आंध्र के सीएम ने विधायक दल की मीटिंग में दावा किया कि तिरुमाला लड्डू घटिया सामग्री से बनाया गया। तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर मिलने वाले लड्डुओं में इनकी मौजूदगी की पुष्टि हुई है। इस तरह के कृत्य से इससे श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हुई हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, तिरुपति मंदिर में प्रतिदिन औसतन 87 हजार भक्त दर्शन हेतु आते है। उन्हें प्रसाद के रूप में मिलने वाले लड्डुओं को बनाने में प्रतिमाह 42 हजार किलो घी, 22,500 किलो काजू, 15 हजार किलो किशमिश और 6 हजार किलो इलायची लगता है। यक्ष प्रश्न यही है कि आखिर इनकी शुद्धता और गुणवत्ता की जांच प्रतिदिन आधुनिक प्रयोगशाला में क्यों नहीं कराई जाती? हैरानी है कि प्रसाद में पशुओं की चर्बी मिलने के खुलासे के बाद भी इस संबंध में कोई बात नहीं हो रही है।

## दो कैदियों की रिहाई एक बरेली जेल का

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्यपाल ने हत्या दोषसिद्ध होने के बाद आजीवन कारावास की सजा पाए दो कैदियों को समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है, जबकि एक कैदी का आचरण संतोषजनक न पाए जाने के कारण रिहाई निरस्त कर दी है। बरेली कारागार में निरुद्ध गुड्डू पुत्र रहीम सीतापुर जिले के मिश्रिख थाना क्षेत्र का निवासी था। 2005 में गुड्डू को मृत्युदंड की सजा मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। गुड्डू का जेल में आचरण संतोष जनक पाए जाने पर राज्यपाल ने समयपूर्व रिहाई की अनुमति दे दी है। इसी तरह फतेहपुर जेल में बंद अनुज कुमार गुप्ता पुत्र जगदीश प्रसाद गुप्ता ने अपनी पत्नी को जलाकर हत्या कर दी थी। 1994 में अनुज को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उधर, वाराणसी जेल में बंद सुशील पटेल जो कि बलिया का रहने वाला है, ने तीन सह अभियुक्तों के साथ 12 वर्षीय किशोरी की बलात्कार कर हत्या कर दी थी। इसलिए राज्यपाल ने सुशील की रिहाई निरस्त कर दी।

# डॉक्टर दंपती से 1.86 करोड़ ठगे

## आईएफएस अधिकारी और उसके पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज




- अनी बुलियान ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट के नाम कंपनी खोल की ठगी
- डॉक्टर दंपति के क्लीनिक पर बेटी का इलाज कराने आती थी आईएफएस अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर के विशालखंड-2 निवासी डॉक्टर दंपती से निवेश पर मोटे मुनाफे का लालच देकर 1,86,89,310 रुपये ठग लिए गए। यह ठगी अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के सीएमडी अजीत गुप्ता और उनकी आईएफएस पत्नी निहारिका सिंह ने की।

डॉक्टर दंपती ने गोमतीनगर कोतवाली में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई है। दंपती ने बताया कि आईएफएस अधिकारी उनके क्लीनिक पर बेटी का इलाज कराने आती थी। उनको करीब 18 साल से जानते हैं। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। विशालखंड निवासी डॉ. शैलेश अग्रवाल और उनकी पत्नी मृदुला अग्रवाल का निजी क्लीनिक है। दोनों ने बताया कि उनकी पहचान आईएफएस अधिकारी निहारिका सिंह से 2016 से थी। वह अपनी बेटी अनी को दिखाने के लिए क्लीनिक पर आती थी। इस दौरान निहारिका सिंह ने अनी बुलियन ट्रेडर्स और आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी के बारे में जानकारी दी। कहा कि इसके सीएमडी उनके पति अजीत गुप्ता है। वह 2010 से सात से आठ कंपनी चला रहे हैं। उनकी कंपनी में निवेश करने पर मोटा मुनाफा मिलेगा। डॉक्टर दंपती ने बताया कि निहारिका सिंह क्लीनिक पर जब भी आती थी निवेश के लिए जरूर बात करती थी। उनकी बातों में आकर डॉ. शैलेश अग्रवाल ने अनी बुलियन ट्रेडर्स में धीरे-धीरे कर कई किस्तों में 1,22,26060 रुपये का निवेश किया। वहीं, उनकी पत्नी डॉ. मृदुला ने 64,63,250 रुपये का निवेश किया। अचानक से 2019 में निवेशकों का धन आई विजन इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी लि. में निवेश करने की जानकारी हुई। इसी बीच अजीत को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। निहारिका सिंह से संपर्क किया गया तो कहा गया कि अजीत के जेल से बाहर आने के बाद ब्याज समेत रुपये वापस कर दिए जाएंगे। डॉक्टर दंपती ने बताया कि ठगी की शिकायत गोमतीनगर थाने में की। पुलिस ने कोई मदद नहीं की। डीजीपी कार्यालय तक पत्राचार किया, वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके कोर्ट में अर्जी डाली। जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया।

## उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में बताया

**अमृत विचार, ग्रेटर नोएडा :** ट्रेड शो के दूसरे दिन हॉल नंबर-2 में तीन ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। इसमें उद्यमी, उभरते उद्योग, नवउद्यम और नए व्यापार शुरू करने के इच्छुक लोग शामिल हुए। अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) द्वारा इनोवेशन और स्टार्ट-अप सत्र आयोजित किया गया। छात्रों को एकेटीयू की उत्कृष्टता को बढ़ावा देने वाली पहलों के बारे में जानकारी दी गई। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने अकादमिक उत्कृष्टता से उद्यमिता तक की यात्रा पर एक प्रस्तुति दी गई। इनोवेशन हब के प्रमुख माहीप सिंह और इनोवेशन हब की प्रबंधक वंदना शर्मा ने बताया कि कैसे इनोवेशन हब उत्तर प्रदेश में उद्यमियों और नवउद्यमों को सशक्त बना रहा है और स्थानीय नवउद्यमों के लिए फंडिंग का मार्ग खोल रहा है। साथ ही एक अन्य सत्र में युवाओं के कौशल विकास के लिए चर्चा की गई। इस सत्र की अध्यक्षता जीबीयू के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा ने की।

# जल्द तैयार होगा सेमीकंडक्टर व सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी का हब

**03** प्रोजेक्ट पूरे करने पर यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने किया फोकस

धीरेंद्र सिंह, ग्रेटर नोएडा


**अमृत विचार :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से राज्य सरकार न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि यहां के उत्पादों, योजनाओं और गतिविधियों को भी ग्लोबल पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। इस कड़ी में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने हॉल नंबर 3 में 1644 स्क्वायर मीटर जगह में फिनटेक सिटी, सेमीकंडक्टर पार्क और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के प्रोजेक्ट पर फोकस करते 16 स्टाल लगाए हैं।

यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह के अनुसार, सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीनें भी आरक्षित कर दी गई हैं। हाल में हुए सेमीकॉन समिट में निवेशकों ने रुचि दिखाई।इसमें अमेरिका की तीन कंपनियां भी हैं। तीनों प्रस्ताव भारत सरकार में कैबिनेट की मंजूरी के लिए प्रस्तावित हैं। मंजूरी मिलते ही सेमीकंडक्टर पार्क के लिए जमीन दी जाएगी। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (एसटीपी) के लिए इंफोसिस, विप्रो, टाटा जैसी बड़ी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। हमने आईटी और आईटीईएस सॉल्यूशंस के लिए अलग से जमीन निर्धारित की है। इसकी स्कीम यीडा की बोर्ड मीटिंग के बाद निकाली जाएगी। फिनटेक पार्क के लिए हैवल्स, एंकर जैसी कंपनियां सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि इन तीन बड़े स्टॉल्स के अलावा पूर्वांचल रियल स्टेट, आगरा की शू एक्सपोर्ट कंपनी आरटेक वान, न्यू जेन, फिल्म सिटी, पतंजलि, नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट, वीवो, सूर्या फूड और सिफी टेक्नोलॉजी जैसी कंपनियों के भी स्टॉल लगाए गए हैं। ये सभी कंपनी यीडा क्षेत्र में या तो कार्य कर रही हैं या फिर करने जा रही हैं।


योजनाओं के बारे में बताते यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह।

## सार-संक्षेप

### ड्रोन कैमरे में कैद हुआ आदमखोर लंगड़ा भेड़िया



**भगवानपुर, बहराइच, अमृत विचार :** वन विभाग को जिस लंगड़े खूंखार भेड़िया की तलाश थी, वह भी ड्रोन कैमरे में कैद हो गया है। वन विभाग ने उसकी निगरानी के लिए टीम लगा दी है। अब छठे भेड़िया को पकड़ने की उम्मीद बढ़ गई है। जिले के महसी तहसील क्षेत्र में भेड़िया के हमले में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 45 से 50 लोग घायल हो चुके हैं। भेड़िया के हमले को रोकने के लिए वन महकमा ने अब तक पांच भेड़िया को पकड़ा है। लेकिन सबसे खतरनाक और झुंड का सरदार लंगड़ा भेड़िया को अभी तक नहीं पकड़ पाया है। गुरुवार सुबह छठा भेड़िया ड्रोन कैमरे में कैद हो गया। महसी के सिकंदरपुर इलाके में दिखा छठा भेड़िया दिखा है। कई दिनों से वन विभाग की टीम को छठा भेड़िया चकमा दे रहा है। छठा भेड़िया के ड्रोन कैमरे में कैद होने से उसके पकड़े जाने की उम्मीद बढ़ गई है।

### पेसमेकर घोटाले के सप्लायर की जमानत मंजूर

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** सैफई के बहु चर्चित पेसमेकर घोटाला मामले में अभियुक्त बनाए गए सप्लायर इन्द्रजीत कुमार की जमानत याचिका गुरूवार को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंजूर कर ली। यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने पारित किया। मामले में आरोप है कि एमआरआई पेसमेकर की जगह नॉन एमआरआई पेसमेकर की सप्लाई कर डॉक्टरों और मरीजों से मोटी रकम ऐंठी गयी। आरोप है कि इन्द्रजीत कुमार ने सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉ. समीर सर्राफ के साथ साठगांठ कर नकली पेसमेकरों की सप्लाई की। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता पांशु अग्रवाल ने दलील दी कि मामले में 7 फरवरी 2022 को इटावा के सैफई थाने में डॉ. आदेश कुमार ने एफआईआर दर्ज कराते हुए, ऑडिट समिति की रिपोर्ट के आधार पर डॉ. समीर सर्राफ को नामजद किया था। दलील दी गई कि मामले में इन्द्रजीत कुमार के खिलाफ एफआईआर में सीधे तौर पर कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं बल्कि उसका नाम विवेचना के दौरान लाया गया।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में पूर्व प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** वर्ष 2023 में हुई आरओ-एआरओ परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में पुलिस ने प्रयागराज के विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने यह गिरफ्तारी इसी कॉलेज से 04 अप्रैल को गिरफ्तार एक आरोपी की शिनाख्त के बाद की है। एसटीएफ ने पूर्व प्रधानाचार्य से पूछताछ शुरू कर दी है। विशप जानसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन को एसटीएफ ने गुरुवार को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अर्पित विनीत यशवंत नामक व्यक्ति इसी कॉलेज में कार्मिक था, जिसको प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में 04 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान जब उससे पूछताछ शुरू की गई तब पता चला कि उसकी नियोक्ता एवं तत्कालीन प्रधानाचार्य पारुल सोलोमन के इशारे पर वह प्रश्नपत्र लीक कराने में मदद कर रहा था। बतादें कि एसटीएफ ने पारुल सोलोमन की गिरफ्तारी एसटीएफ कार्यालय में ही पूछताछ के दौरान की है।

### भारत में प्रतिबंधित है चाइनीज लहसुन



**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सेहत के लिए खतरनाक प्रतिबंधित चाइनीज लहसुन के बाजार में धड़ल्ले से बिक्री पर गम्भीर रूख अपनाते हुए, फूड सेफ्टी व ड्रग प्रशासन विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को शुक्रवार को हाजिर होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने पूछा है कि चाइनीज लहसुन बाजारों में कैसे खुलेआम बेंचा जा रहा है जबकि उस पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। न्यायालय ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता से भी पूछा है कि देश में उक्त प्रतिबंधित लहसुन के प्रवेश को रोकने के लिए क्या तंत्र है और क्या सरकार ने प्रतिबंधित लहसुन के देश में आवक का स्त्रोत पता करने के लिए कोई कार्रवाई की है। न्यायालय मामले की सुनवायी शुक्रवार को पुन: करेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवायी करते हुए पारित किया।

## अश्लील हरकत करने वाले शाहजहांपुर के युवक को जेल

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार:** जिले के सात थाना क्षेत्रों में वांछित और वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। वहीं प्रभावी कार्रवाई के तहत 14 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए।

थाना रामपुरमथुरा पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित शाहजहांपुर जनपद के थाना जैतपुर स्थित जिगनिहा निवासी राहुल पुत्र सोनपाल सिंह और इलाके के केवड़ा निवासी हरद्वारी पुत्र समई को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना इमलिया सुल्तानर पुलिस ने छत्रपाल, खैराबाद पुलिस ने राकेश कुमार और कुबली की गिरफ्तारी की। थाना तंबौर पुलिस टीम द्वारा रमाकान्त, मनोज, अमरजीत और मायाराम को जेल भेजा। तालगांव से मंटू और सूरज चोरी से काटे हुए 15 बोटे लिप्टिस के व जलौनी कुल करीब 2 क्विंटल लकड़ी के साथ गिरफ्तार किये गए। अभियुक्तगण का चालान मा.न्यायालय किया गया है।थाना सकरन पुलिस द्वारा दिलीप कुमार और रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा। महमूदाबाद से बाबूपुर निवासी मनिचन्द्र को जेल भेजा।

# एमपी अग्रवाल ने स्टॉल का निरीक्षण कर दिये सुझाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उच्च शिक्षा विभाग ने 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर मार्ट में आयोजित उप्र. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपनी प्रमुख पहलों और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में विभाग ने इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में की गईं अपनी महत्वपूर्ण प्रगति और नीतियों को प्रदर्शित किया।

प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, एमपी अग्रवाल ने मेले में विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया और सुधार के लिए कुछ अहम सुझाव भी दिए। यह स्टॉल मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन, शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के उपयोग, क्षेत्रीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को उच्च शिक्षा में एकीकृत करने जैसी पहलों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।




- मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा यह स्टॉल


सेंटर मार्ट में लगे उच्च शिक्षा विभाग उप्र. के स्टाल का निरीक्षण करते एमपी अग्रवाल।

### त्योहारों के मद्देनजर मथुरा में निषेधाज्ञा लागू

**मथुरा, एजेंसी :** मथुरा के जिलाधिकारी ने आगामी दो माह के लिये जनपद में रामलीला महोत्सव, नवरात्रि, विजयादशमी, दीपावली आदि पर्वों को देखते हुए 23 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इसके चलते कहीं भी कोई व्यक्ति अथवा संगठन बिना अनुमति के पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा नहीं कर सकते। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी।

### खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम, राजनीति ज्यादा : मायावती



**लखनऊ, अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा पर कार्रवाई कम और चुनावी राजनीति ज्यादा हो रही है। खाद्य दुकानों पर संचालकों के नाम लिखाए जाने के निर्देश पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि क्या इससे मिलावट का काला धंधा खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के प्रसाद में मिलावट के असली दोषी पर कार्रवाई जरूरी है। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि राज्य सरकार की ओर से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबो आदि में संचालक, प्रबंधक के नाम पता के साथ ही सीसीटीवी लगाने की घोषणा कांवड़ यात्रा के दौरान भी हुआ था। उन्होंने कहा कि खाद्य मिलावट की रोकथाम के लिए पहले भी सख्त कानून उपलब्ध हैं, परोम सरकारी लापरवाही व मिलीभगत से मिलावट का बाजार हर तरफ गर्म है। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में प्रसादम के लड्डू में मिलावट ने देश भर के लोगों को दुखी कर रखा है। इस घृणित खिलवाड़ का असली दोषी कौन है, इस पर चिंतन जरूरी है।

# अधिकारियों के पदनाम के पहले माननीय शब्द जोड़ने पर सरकार से मांगा जवाब



**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मौसमी संग्रह चपरासी के एक मामले में सुनवाई के दौरान प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश से हलफनामे के माध्यम से यह जानकारी मांगी कि क्या राज्य के अधिकारियों के बारे में ऐसा कोई प्रोटोकॉल है जो उन्हें अपने पदनाम या नाम के साथ 'माननीय' शब्द जोड़ने का हकदार बनाता है।

कोर्ट ने कहा कि यह स्थापित सिद्धांत है कि मंत्रियों तथा अन्य संप्रभु पदाधिकारियों के नाम के साथ 'माननीय' शब्द उपसर्ग के रूप में लगाया जाता है, लेकिन राज्य सरकार में सेवारत सचिवों के लिए भी यही बात लागू होती है या नहीं, इस संदर्भ में कोई निश्चित सूचना नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने इटावा निवासी कृष्ण गोपाल राठौर की याचिका पर विचार करते हुए की। दरअसल कोर्ट ने एक मामले में कानपुर के मंडलायुक्त को इटावा के जिलाधिकारी द्वारा 'माननीय आयुक्त' कहकर संबोधित करने पर हैरानी जताते हुए कहा कि कई आधिकारिक पत्राचारों में राज्य के विभिन्न रैंक के अधिकारियों के नाम के साथ 'माननीय' शब्द जोड़कर नियमित रूप से उल्लेख करना कहां तक उचित है। इसके साथ ही कोर्ट ने याची के मामले में सरकारी अधिवक्ता को निर्देश लेने के लिए कहा है कि याची से जूनियर कर्मचारियों को मौसमी संग्रह चपरासी की श्रेणी में सेवा में रखा गया है या नहीं, क्योंकि याची को इस श्रेणी में न तो रखा गया है और न ही नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जिलाधिकारी, इटावा से भी एक व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा गया है। मामले को 1 अक्टूबर 2024 के लिए सूचीबद्ध करते हुए निबंधक (अनुपालन) को उक्त आदेश की प्रति प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

## वर्ग पहेली-204

**बाएं से दाएं**

4. 1. आसक्ति 2. प्रेम 3. लगाव; सौहार्द।
6. 1. शिला की भांति 2. पत्थर की तरह 3. पत्थर के आकार-प्रकार का।
8. 1. ब्रह्म प्राप्ति के लिए की गई ज्ञाननिष्ठा वाली साधना 2. ब्रह्म के वास्तविक स्वरूप को जानने का योग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. भद्दा
2. 1. अनुभवशून्यता, अनुभव आदि का न होना 2. संवेदनहीनता।
3. थिगली।
5. रात, रात्रि।
7. 1. मगध देश का, मगध संबंधी 2. मगध या बिहार में उत्पन्न होने वाला।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| ■ | 6 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |

### वर्ग पहेली -203 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ब | ■ | 2 नृ | ■ | 3 रैं |
| ■ | 4 ज | नो | प | यो | गी |
| 5 ठों | र | ■ | नं | ■ | ला |
| ■ | ■ | 6 अ | द | ब | ■ |
| ■ | 7 उ | ड़ | न | ■ | 8 के |
| 9 ओं | ■ | ती | ■ | ■ | ला |
| ठ | ■ | 10 स | ह | वा | स |

## सुडोकू-117

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 4 | | | 9 | |
| 1 | | | 7 | | | | | 4 |
| | | | 3 | | | 2 | | |
| 8 | 4 | 7 | | 5 | | 1 | | |
| 3 | | 6 | 2 | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 2 | | 7 | | 9 | 6 | 8 |
| | | 8 | | | 7 | | | |
| 2 | | | | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 116 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 5 |
| 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 3 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 01.20 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 01.20 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष:** आज आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियां उत्पन्न होंगी। दांपत्य संबंधों में कड़वाहट होने की आशंका है। व्यापार में इच्छित परिणाम न मिलने से मन खिन्न हो सकता है। अपने प्रयासों में कमी न होने दें।

**वृष:** आज रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा। वरिष्ठ और बुद्धिमान लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

**मिथुन:** आज कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आनावश्यक गतिविधियों में आप समय बर्बाद न करें। प्रेमी जन से बहसबाजी न करें। ठंड से आपको बचना चाहिए। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**कर्क:** आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों में नज़दीकियां बढ़ेंगी। घरेलू मामलों को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। ज्यादा टीवी और कम्प्यूटर का प्रयोग न करें। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी मुश्किल होगी।

**सिंह:** आज का दिन काफी रोमाचंक रहेगा। काम की वजह से तनाव हो सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। आंखों से जुड़ी समस्या सामने आ सकती हैं। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा का प्रयोजन सफल होने में कठिनाई होगी।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में नए विकल्प विकसित होंगे। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाज़ी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लेंगे। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कानूनी मामलों में परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**तुला:** आज दिन व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च कर सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। घरेलू कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। बड़ी कारोबारी डील हो सकती है। अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक:** आज अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों को थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। जॉब में अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है।

**धनु:** आज कारोबार के दृष्टिकोण से दिन सामान्य है। आपनी विनम्रता का लोग गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर:** आज समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे काफी आज्ञाकारी रहेंगे। सभी काम समय पर पूर्ण हो जायेंगे। नया व्यापार शुरू करने के लिए दिन उत्तम है।

**कुंभ:** आज दिनचर्या थोड़ी अस्त-व्यस्त होने की संभावना है। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन:** आज मन की चंचलता पर नियंत्रण करें। अपने खानपान की आदतों पर सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता हो सकती है। जल्दबाज़ी में धनहानि होने की आशंका है। अपने स्वाभिमान का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- राज तिलक — सुबह : 11.00
- अनाड़ी — रात : 07.00

**&pictures**
- बच्चन पांडेय — सुबह : 10.18
- क्रिश — दोपहर : 01.13

**Sony PIX**
- स्पाइडर मैन — दोपहर : 12.02
- जॉन रेम्बो — शाम : 05.35

**Zee Cinema**
- रिश्ते — सुबह : 08.26
- हिम्मतवर — दोपहर : 01.58

**Colors Cineplex**
- बलवान — सुबह : 11.54
- दिल है तुम्हारा — दोपहर : 02.56

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर दोपहर : 01.13 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

खूबसूरत लड़की के मुंह में थर्मामीटर रख देहाती डॉक्टर बोला- कुछ देर तक चुपचाप रहना है।
यह देख लड़की का प्रेमी बोला-
यह कितने की चीज़ है और कहां मिलती है।

बेटा (अपनी मां से)- मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी- क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं। बेटा- नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2475, राज श्री 1850, फ़ॉर्चून कि. 2190, रविन्द्रा 2380, फॉर्चुन ली. 2015, जय जवान 1960, सचिन 2060, सूरज 1985, अवसर 2060, राग गोल्ड 2120, गृहणी ली 2035, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2155, चक्र टिन 2245, ब्लू 2205, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2445। किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 । चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन– मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, चना काला 8850, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12800, मोटा हीरा 14800, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी – डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040।

# जीएसटी दर युक्तिकरण: जीओएम ने 12% स्लैब में कटौती पर की चर्चा

### 100 से अधिक वस्तुओं पर कर घटाकर 5% करने पर किया गया विचार

- **20 अक्टूबर की बैठक में साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर की होगी चर्चा**

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को कहा कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह ने 100 से अधिक वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया कि आम आदमी को राहत देने के लिए कुछ वस्तुओं पर कर की दर को 12 से घटाकर 5% करने का मुद्दा भी इसमें शामिल है।

भट्टाचार्य ने कहा कि मंत्री समूह की अगली बैठक 20 अक्टूबर को होगी। इसमें साइकिल और बोतलबंद पानी पर कर को तर्कसंगत बनाने पर भी चर्चा होगी। छह सदस्यीय मंत्रिसमूह (जीओएम) ने 12% स्लैब में चिकित्सा तथा औषधि से संबंधित वस्तुओं पर कर दर में कटौती का मुद्दा उठाया तथा अगले महीने होने वाली बैठक में इस पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। कर की दर कम करने से होने वाली राजस्व हानि की भरपाई के लिए, मंत्री समूह ने ऐराटिड जल व पेय पदार्थों सहित कुछ वस्तुओं पर कर की दर को वर्तमान 28 प्रतिशत जीएसटी तथा उपकर से बढ़ाने की संभावना पर भी चर्चा की। वर्तमान में, जीएसटी चार-स्तरीय कर संरचना है। इसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की स्लैब हैं।

### 18% स्लैब की कुछ वस्तुएं आ सकती हैं 28% स्लैब में

जीएसटी कानून के तहत वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40% तक का कर लगाया जा सकता है। भट्टाचार्य ने कहा कि जीएसटी के तहत औसत कर की दर 2024 में घटकर 11.56% हो गई है। बंगाल ने सुझाव दिया कि जीएसटी परिषद की 23वीं बैठक में लिए निर्णय पर फिर से विचार होना चाहिए जिसमें 28% के स्लैब को हटाकर 178 वस्तुओं पर कर की दरें घटाई गई थीं। इससे अधिक राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी और साथ ही वस्तुओं पर कर की दर को घटाकर 5% पर लाकर आम आदमी को राहत मिलेगी। मंत्री समूह 20 अक्टूबर की बैठक में सदस्यों के विचारों पर विमर्श करेगा और सिफारिशें जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा। हालांकि 18% स्लैब में शामिल कुछ वस्तुएं जैसे हेयर ड्रायर, हेयर कर्लर, तथा सौंदर्य या मेक-अप (उत्पाद फिर से 28% स्लैब में आ सकते हैं।

# निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प स्टॉक/इक्विटी

स्टॉक या इक्विटी में निवेश करना एक आकर्षक विकल्प है जो निवेशकों को कई महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। यह दीर्घकालिक संपत्ति वृद्धि, नियमित लाभांश आय, और विविधीकरण के अवसरों के माध्यम से वित्तीय सुरक्षा बढ़ा सकता है। जब निवेशक किसी कंपनी के शेयर खरीदते हैं, तो वे कंपनी के स्वामित्व का अनुभव करते हैं, साथ ही विकास में भागीदारी भी करते हैं। अच्छे प्रबंधन वाली कंपनियां उच्च रिटर्न और स्थिरता का आश्वासन देती हैं। इसके अलावा स्टॉक्स में उच्च लिक्विडिटी होती है, जिससे निवेशकों को अपनी जरूरत के अनुसार त्वरित परिवर्तनीयता मिलती है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गौर करते हैं...




### निवेश के फायदे

- **दीर्घकालिक वृद्धि:** शेयर बाजार में निवेश आमतौर पर लंबे समय में उच्च रिटर्न प्रदान करता है, जिससे संपत्ति में वृद्धि होती है।
- **लाभांश आय:** कई कंपनियां नियमित लाभांश देती हैं, जो निवेशकों के लिए स्थिर आय का स्रोत बन सकता है।
- **विविधीकरण:** कई कंपनियों में निवेश करके निवेशक पोर्टफोलियो में विविधता ला सकते हैं, जिससे जोखिम कम होता है।
- **स्वामित्व का अनुभव:** स्टॉक खरीदने पर निवेशक कंपनी के मालिक बन जाते हैं, जिससे उन्हें वोटिंग अधिकार और अन्य फायदे मिलते हैं।
- **प्रबंधन:** सफल कंपनियां अच्छी प्रबंधन टीमों से संचालित होती हैं, जो उनके विकास और मुनाफे में सहायक होती हैं।
- **लिक्विडिटी:** स्टॉक्स को आसानी से खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों को फंड्स त्वरित मिल जाता है।
- **आर्थिक विकास:** स्टॉक में निवेश करके, निवेशक देश की आर्थिक प्रगति में योगदान करते हैं और इससे लाभ भी कमाते हैं।

### इक्विटी/स्टॉक के प्रकार

**कॉमन:** आम शेयर, जिनके धारक कंपनी के लाभ और वोटिंग अधिकारों में हिस्सेदार होते हैं।

**प्रिफर्ड:** प्रिफर्ड शेयरधारक को पहले लाभांश मिलता है, उनके पास वोटिंग अधिकार नहीं होते।


### जोखिम

- **कंपनी:** कंपनी के प्रदर्शन, प्रबंधन की गुणवत्ता, और उद्योग में प्रतिस्पर्धा से स्टॉक की कीमत में कमी आ सकती है।
- **तरलता:** कुछ स्टॉक्स में कम लिक्विडिटी हो सकती है, जिससे उन्हें समय पर खरीदना या बेचना मुश्किल हो सकता है।
- **प्राइस वोलाटिलिटी:** स्टॉक्स की कीमतें उतार-चढ़ाव करती हैं, जिससे निवेशकों को नुकसान हो सकता है।
- **आर्थिक:** परिस्थितियां, जैसे ब्याज दरों में वृद्धि या मुद्रा स्फीति, मार्केट को प्रभावित कर सकती हैं।
- **राजनीतिक:** राजनीतिक घटनाएं, जैसे चुनाव, नीतिगत बदलाव, या व्यापारिक विवाद, स्टॉक्स के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं।
- **भावनात्मक निर्णय :** बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशक अक्सर भावनात्मक निर्णय लेते हैं, जिससे नुकसान हो सकता है।

# आम के उत्पादन में उप्र अग्रणी, निर्यात में देश फिसड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आम उत्पादन में उत्तर प्रदेश भले अग्रणी हो लेकिन, निर्यात में देश फिसड्डी है। आम निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत है। आम के प्रमुख निर्यातक देश थाईलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान आदि। आम निर्यात की अपार संभावनाएं अमेरिका और यूरोपीय देशों में। ऐसे में यूएस और यूरोपियन देशों के निर्यात मानकों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट के पास रेडिएशन ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी। अभी तक उत्तर भारत में कहीं भी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं है।



- **आम के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र 0.52 प्रतिशत**
- **प्रमुख निर्यातक थाईलैंड, मैक्सिको ब्राजील, वियतनाम और पाकिस्तान**

प्लांट चालू होने पर उप्र के बागवानों के लिए यूएस और यूरोपियन देशों के बाजार तक पहुंच आसान होगी। चूंकि उप्र में आम का अधिक उत्पादन होता है, इसलिए निर्यात के नए अवसर का लाभ भी यहीं के बागवानों को मिलेगा। रेडिएशन ट्रीटमेंट तकनीक में निर्यात होने वाले फल, सब्जी, अनाज को रेडिएशन से गुजरा जाता है। इससे उनमें मौजूदा कीटाणु मर जाते हैं और ट्रीटेड उत्पाद की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है। प्लांट चालू होने पर उप्र. के आम के लिए यूएस और यूरोप के बाजार तक पहुंच आसान होगी।

### यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लंगड़ा की मांग

पिछले साल इनोवा फूड के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यूएस और यूरोपियन बाजार में चौसा और लगड़ा की मांग है। उनके निर्यात के मानकों को पूरा किया जाय तो उत्तर प्रदेश के लिए यह संभावनाओं वाला बाजार हो सकता है। ये दोनों प्रजातियां यहीं पैदा होती हैं।

### रंगीन आम पोषक तत्वों से भी भरपूर

लाल रंग के आम की प्रजातियां सिर्फ देखने में आकर्षक नहीं होती। स्वास्थ्य के लिहाज से भी बेहतर हैं। आम या किसी फल के लाल रंग के लिए एंथोसायनिन जिम्मेदार होता है। इससे पौष्टिकता बढ़ जाती है। शोध बताते हैं एंथोसायनिन मोटापे और मधुमेह की रोकथाम में सहायक है। यह संज्ञानात्मक और मोटर फंक्शन को मॉड्यूलेट करने, याददाश्त बढ़ाने और तंत्रिका कार्य में उम्र से संबंधित गिरावट को रोकने में भी मददगार हैं।

# सरकार की दूसरी छमाही में 6.61 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना

- **20,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड भी इसमें शामिल**

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने अपना उधारी लक्ष्य बरकरार रखते हुए आर्थिक वृद्धि को तेज करने के लिए दूसरी छमाही में दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामी से 6.61 लाख करोड़ जुटाने की योजना बनाई है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2024-25 के बजट में निर्धारित 14.01 लाख करोड़ के सकल बाजार कर्ज में से 6.61 लाख करोड़ (47.2%) प्रतिभूतियां जारी कर जुटाने की योजना है। इसमें 20,000 करोड़ के सरकारी हरित बॉन्ड (एसजीआरबी) भी शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि 21 साप्ताहिक नीलामियों से 6.61 लाख करोड़ की उधारी जुटाई जाएगी। बाजार उधारी तीन, पांच, सात, 10, 15, 30, 40 एवं 50 साल की प्रतिभूतियों में फैली होगी। इनमें तीन साल की परिपक्वता अवधि वाले कर्ज की हिस्सेदारी 5.3% और 10 वर्ष की अवधि वाली प्रतिभूतियों का हिस्सा 24.8% होगा।

### विकास में तेजी रहने की उम्मीद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** सरकार ने खरीफ बुवाई के उच्च क्षेत्रफल को खाद्य मूल्य परिदृश्य के लिए शुभ संकेत बताते हुये कहा कि मानसून के विषम स्थानिक वितरण के प्रभाव की निगरानी की जरूरत है और जैसे-जैसे सार्वजनिक व्यय बढ़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है समग्र विकास में भी आने वाली तिमाहियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की आज जारी मासिक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि चालूवित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गति बरकरार रही।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### जीवित्पुत्रिका पर स्नान के दौरान डूबने से 46 की मौत

**पटना।** जीवित्पुत्रिका के दौरान नदियों और तालाबों में स्नान करते समय 37 बच्चों समेत 46 लोगों की डूबने से मौत हो गई। ये घटनाएं राज्य के 15 जिलों में हुईं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) द्वारा गुरुवार को जारी बयान के अनुसार तीन दिवसीय जीवित्पुत्रिका पर्व के दौरान महिलाएं बच्चों की सलामती के लिए व्रत रखती हैं और पवित्र स्नान करती हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।।

### बोकारो में मालगाड़ी बेपटरी 15 ट्रेनों के मार्ग बदले

**रांची।** झारखंड के बोकारो में तुपकडीह स्टेशन के निकट मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि इस घटना के बाद 15 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा संभाग के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुमित नरूला ने बताया कि इस्पात ले जा रही मालगाड़ी के दो डिब्बे कल रात नौ बजे बोकारो जिले के तुपकडीह स्टेशन के निकट पटरी से उतर गये।

### मणिपुर में सुरक्षाबलों ने गोला बारूद बरामद किए

**इम्फाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी गई। असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने टेकचाम मानिंग चिंग इलाके में खाली मैगजीन के साथ एक 7.62 मिमी एसएलआर, दो एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक .32 पिस्तौल और 9 मिमी की एक पिस्तौल और एक खाली मैगजीन मिला।

### ए. राजा की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने माकपा नेता ए. राजा की केरल हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है जिसमें हाईकोर्ट ने राज्य के इडुक्की जिले में देवीकुलम विधानसभा सीट से राजा के चुनाव को रद कर दिया था। इस सीट से दूसरे स्थान पर कांग्रेस नेता डी. कुमार ने याचिका दाखिल की थी।

### आरोपी के अंतिम संस्कार के लिए सुरक्षा की मांग

**मुंबई।** बदलापुर कांड का आरोपी अक्षय के रिश्तेदारों ने उसका अंतिम संस्कार करने के लिए गुरुवार को सुरक्षा की मांग की। उसके चाचा अमर ने कहा कि उन्होंने शव दफनाने के लिए स्थान का चयन नहीं किया है। अक्षय के परिजन व वकील को जान का खतरा है।

# कांग्रेस के लाउडस्पीकर्स का करंट भी कमजोर

### प्रधानमंत्री ने कहा- हरियाणा में 10 सालों में विपक्ष के रूप में भी विफल रही है कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि हरियाणा में 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में भी विफल रही है और जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके लाउडस्पीकर्स का करंट कमजोर हो गया है। नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम में मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से प्रदेश का बच्चा बच्चा वाकिफ है।

राज्य में फिर सरकार बनने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के रोजगार मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पूरा आधार झूठ पर टिका है और उसके नेता बिना सिर पैर की बातें कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा की नाराजगी और पार्टी में गुटबाजी के मद्देनजर राजनीतिक विशेषज्ञों ने दावा किया था कि कांग्रेस की स्थिति पहले मजबूत थी लेकिन अब ग्राफ नीचे जा रहा है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री ने इन विशेषज्ञों के लिए लाउडस्पीकर्स शब्द का इस्तेमाल किया। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। मोदी ने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर कितने अत्याचार हुए। कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोदी ने कहा कि वोट पाने के लिए हिमाचल कांग्रेस ने ऐसे वादे किए थे जैसे हर घर की सोने की छत बना देंगे लेकिन सरकार बनने के बाद उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। आज हिमाचल में कांग्रेस सरकारी मुलाजिमों को वेतन नहीं दे पा रही है। हरियाणा में अपनी दो चुनावी जनसभाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा को फिर से एक बार सेवा करने का मौका देना तय कर लिया है।



- **नमो एप के माध्यम से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को किया संबोधित**

### पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा रद

नई दिल्ली। पुणे में भारी बारिश से प्रधानमंत्री मोदी का महाराष्ट्र दौरा रद कर दिया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री आज पुणे का दौरा करने वाले थे, जहां उन्हें 20,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और कुछ का लोकार्पण करना था। भाजपा सूत्रों ने कहा कि उनकी यात्रा की नई तारीख की घोषणा बाद में की जाएगी।

## धर्म-रिलिजन में फर्क की मांग वाले अभ्यावेदन पर फैसला करे केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह रिलिजन शब्द के उचित अर्थ का उपयोग करने और इसे दस्तावेजों में धर्म के पर्याय के रूप में उपयोग नहीं करने की मांग करने वाले अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले। याचिका में जनता को शिक्षित करने और धर्म-आधारित नफरत फैलाने वाले भाषणों को नियंत्रित करने के लिए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के पाठ्यक्रम में धर्म और रिलिजन पर अध्याय शामिल करने का निर्देश देने की भी मांग की है। कोर्ट ने कहा कि अदालतें धार्मिक या दार्शनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य नहीं करती हैं और यहां तक कि विद्यालयी पाठ्यक्रम भी तय नहीं करती हैं व पाठ्यक्रम में अध्याय शामिल नहीं कर सकती हैं।

## मोदी ने व्यवस्थित रूप से रोजगार को किया खत्म : राहुल गांधी

चंडीगढ़, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेरोजगारी पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और उन पर देश में रोजगार व्यवस्थित रूप से खत्म करने का आरोप लगाया। करनाल के असंध में चुनावी रैली में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विश्वास जताया कि कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल करेगी। रैली में कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश इकाई प्रमुख उदयभान और अन्य नेता मौजूद थे।

गांधी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी ने व्यवस्थित तरीके से देश में रोजगार व्यवस्था को खत्म कर दिया। गांधी ने अपनी अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हरियाणा के कुछ प्रवासियों से मुलाकात की जो बेहतर भविष्य की तलाश में वहां गए थे क्योंकि उन्हें अपने गृह राज्य में रोजगार नहीं मिल रहे थे। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें उनकी पार्टी के सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह और रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देने की बात कही। गांधी ने कहा कि हरियाणा में दो लाख रिक्तियां भरी जाएंगी और न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी का वादा किया है।



- **सरकार पर हमला करते हुए गांधी ने कहा- भाजपा ने हरियाणा को बर्बाद कर दिया**

## 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 30 लाख ठगे

नोएडा(उप्र), एजेंसी

- **दूरसंचार नियामक का कर्मचारी बन ठगों ने दिया वारदात को अंजाम**

साइबर ठगों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का कर्मचारी होने का दावा करते हुए महिला को धनशोधन में फंसाने झांसा देकर 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 30 लाख की ठगी की। साइबर अपराध थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सेक्टर 77 की प्रियंका बंसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो सितंबर को फोन आया और फोनकर्ता ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताया। कुमार ने बताया कि फोनकर्ता ने प्रियंका के आधार कार्ड से सिम कार्ड ख़रीदने और उस कार्ड से धनशोधन का दावा किया। कथित कर्मचारियों ने वीडियो कॉल कर लखनऊ के फर्जी थाने से जोड़ा और पुलिस की वर्दी में बैठे व्यक्ति ने कहा कि मामले की जांच सीबीआई करेगी। अगर किसी को बताया तो नोएडा पुलिस आपके परिजनों को गिरफ्तार करेगी। ठगों ने 12 दिन बाद 14 सितंबर को आरटीजीएस से 30 लाख कई खातों में डलवाएं।

## आयुष्मान भारत योजना के अधिकारी पांच लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो, करनाल की टीम ने गुरुवार को आयुष्मान भारत योजना, पंचकूला के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ रवि विमल को पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो प्रवक्ता ने बताया कि टीम को शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें करनाल जिले में निजी अस्पताल के संचालक ने बताया कि योजना के तहत उसके अस्पताल की सूचीबद्धता के निलंबन को रद करने के मामले में आरोपी ने 10 लाख की मांग की गयी थी।

# चुनाव बाद पीओके भी जम्मू-कश्मीर का होगा हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर पीओके भी जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बन जाएगा। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) पाकिस्तान से अलग होने की जोर-शोर से आवाज उठा रहा है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने देखा कि कैसे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव हो रहे हैं । आदित्यनाथ ने आर एस पुरा इलाके में एक रैली में कहा कि शांतिपूर्ण चुनावों के जरिए भाजपा के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी जम्मू कश्मीर का हिस्सा बनने जा रहा है। आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ भारत है और दूसरी तरफ पाकिस्तान, वहां खाने की कमी है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर उससे अलग होने की आवाज उठा रहा है। बलूचिस्तान कह रहा है कि हमारी केमिस्ट्री पाकिस्तान से मेल नहीं खाती।पाकिस्तान मानवता का दुश्मन है, यह मानवता के लिए कैंसर है। दुनिया को इस कैंसर से मुक्त होना चाहिए।



- **सीएम योगी ने आरएस पुरा इलाके में रैली को किया संबोधित**

### कांग्रेस शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता : नड्डा



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए उसे शहरी नक्सलियों का प्रवक्ता बताया और उस पर देश में विभाजनकारी शक्तियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। बुद्धिजीवियों की बैठक में नड्डा ने जम्मू कश्मीर में 370 को बहाल करने की पैरोकारी करने वालों के साथ चले जाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। नड्डा ने कहा कि 2019 में 370 प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह में नेतृत्व में निरस्त हुआ है। नड्डा ने एक देश, दो निशाना, दो विधान और दो प्रधान धारणा का विरोध करने वाले जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी। नड्डा ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था, लेकिन नेहरू ने इसकी अनदेखी की।

## आईआईएम अहमदाबाद के छात्र ने की आत्महत्या

**अहमदाबाद।** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद के 24 वर्षीय छात्र ने गुरुवार शाम छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वस्त्रपुर पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक वीडी मोरी ने बताया कि मृतक अक्षित हेमंत भुक्या तेलंगाना के वारंगल जिले का निवासी था और एमबीए के दूसरे वर्ष का छात्र था। छात्रों ने भुक्या को कमरे ग्रिल से लटका देखा था। यह घटना आईआईएमए के नए परिसर स्थित छात्रावास में हुई। हमें कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# संसद की स्थायी समितियां गठित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **महताब वित्त और थरूर विदेश संबंधी समिति के प्रमुख, राज्यसभा सचिवालय ने की अधिसूचना की घोषणा**

संसद की स्थायी समितियों का गठन गुरुवार को हुआ, जिसमें भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को वित्त संबंधी तो कांग्रेस के शशि शरूर को विदेश मामलों से संबंधी समिति का अध्यक्ष बनाया गया। सभी दलों के प्रतिनिधित्व वाली विभाग-संबंधी स्थायी समितियां लघु संसद के रूप में कार्य करती हैं और विभिन्न मंत्रालयों पर नजर रखती हैं। राज्यसभा सचिवालय ने अधिसूचना की घोषणा की।

रक्षा संबंधी समिति की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री राधा मोहन सिंह करेंगे, जबकि गृह मामलों के अध्यक्ष भाजपा सदस्य राधा मोहन दास अग्रवाल होंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रक्षा संबंधी समिति के सदस्य हैं। विभाग संबंधी 24 स्थायी समितियों में से 11 की अध्यक्षता भाजपा के सदस्यों को मिली है, जबकि चार का नेतृत्व उसके सहयोगी दल करेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्रियों अनुराग ठाकुर और राजीव प्रताप रूडी को क्रमशः कोयला, खान और इस्पात तथा जल संसाधन, भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति की अध्यक्ष करेंगे। स्वास्थ्य संबंधी समिति की अध्यक्षता सपा नेता राम गोपाल यादव करेंगे।

## बेंगलुरु हत्याकांड के आरोपी ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु/भुवनेश्वर।** बेंगलुरु की महिला की हत्या के मुख्य संदिग्ध ने ओडिशा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी मुक्तिरंजन प्रताप राय गांव भुईनपुर है। पुलिस उपायुक्त (मध्य) शेखर एच टेक्कनवार ने बताया कि वह ओडिशा के भद्रक जिले के धुसुरी थाना क्षेत्र में पेड़ से लटका मृत मिला था। भद्रक के एसपी वरुण गुंटुपल्ली ने बताया कि घटनास्थल से डायरी मिली है, जिसमें राय ने कबूल किया है कि उसने महिला महालक्ष्मी की हत्या करने के बाद उसके शरीर के 50 से अधिक टुकड़े कर दिए थे।

# संशोधित आईटी नियम असंवैधानिक

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद गुरुवार को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री की पहचान करने और उसे विनियमित करने के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद कर दिया और इन्हें असंवैधानिक करार दिया।

न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की एकल पीठ ने 20 सितंबर को कहा था कि संशोधित नियम अस्पष्ट और व्यापक होने से न केवल व्यक्ति पर बल्कि सोशल मीडिया मध्यस्थ पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जनवरी में एक खंडपीठ ने संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर खंडित निर्णय दिया था, जिसके बाद एक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए न्यायमूर्ति चंदुरकर के पास इस मामले को भेजा गया था। तीसरे न्यायाधीश के फैसले के बाद, न्यायमूर्ति ए. एस. गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने गुरुवार को हास्य कलाकार कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, न्यूज ब्रॉडकास्ट एंड डिजिटल एसोसिएशन और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन द्वारा नए नियमों को चुनौती देते हुए दायर याचिकाओं पर औपचारिक रूप से फैसला सुनाया।



- **फर्जी खबरों को लेकर हाईकोर्ट ने रद किए नियम**

## एक नजर

### लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने नोगुची संग्रहालय पुरस्कार ठुकराया



**न्यूयॉर्क।** पुलित्जर पुरस्कार विजेता भारतीय मूल की लेखिका झुम्पा लाहिड़ी ने गाजा में फलस्तीनियों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए 'कुफिय्या' पहनने वाले तीन कर्मचारियों को निकाले जाने के विरोध में अमेरिका के क्वींस स्थित नोगुची संग्रहालय से पुरस्कार लेने से इनकार कर दिया है। संग्रहालय ने एक बयान में कहा, 'झुम्पा लाहिड़ी ने हमारी नई पोशाक संहिता नीति के विरोध में 2024 इसामु नोगुची पुरस्कार के लिए अपनी स्वीकृति वापस लेने का फैसला किया है।' न्यूयॉर्क टाइम्स ने बयान के हवाले से कहा, 'हम उनके दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और समझते हैं कि यह नीति हर किसी के विचारों के अनुरूप हो भी सकती है और नहीं भी।' न्यूयॉर्क स्थित संग्रहालय की स्थापना लगभग 40 साल पहले जापानी-अमेरिकी डिजाइनर एवं मूर्तिकार नोगुची ने की थी।

### ईरान: विस्फोट में मरने वालों की संख्या 50 हुई

**तेहरान।** ईरान के पूर्वी प्रांत दक्षिण खुरासान में कोयला खदान में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50 हो गई है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के मुताबिक घायलों में से एक की मौत हो गई है। इरना ने प्रांतीय संकट प्रबंधन मुख्यालय के महानिदेशक मोहम्मद-अली अखौंदी के हवाले से बताया कि तबास काउंटी में खदान विस्फोट में घायल हुए 16 श्रमिकों में से दो की हालत गंभीर है, जबकि एक को मृत घोषित कर दिया गया। यह विस्फोट शनिवार रात तेहरान से लगभग 540 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में एक खदान सुरंग में हुआ। विस्फोट का कारण मीथेन गैस में अचानक वृद्धि बताया जा रहा है। रिपोर्ट में अखौंदी के हवाले से बताया गया कि उस समय खदान में 65 श्रमिक मौजूद थे, जबकि शुरुआती संख्या में श्रमिकों की वृद्धि हुई और संख्या 69 पर पहुंच गई।

### पाकिस्तान में जनजातियों के बीच झड़प, 36 की मौत

**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम जिले में पिछले छह दिनों में जमीन के टुकड़े को लेकर दो जनजातियों के बीच संघर्ष में कम से कम 36 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 80 लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार सरकार और आदिवासी बुजुर्गों द्वारा स्थिति को शांत करने के प्रयासों के बावजूद जमीन विवाद को लेकर झड़पें शुरू हो गईं। पुलिस ने कहा कि पिछले छह दिन में हुई झड़पों में अब तक 36 लोग मारे गए हैं। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इस संघर्ष में इससे कहीं ज्यादा लोगों के हताहत होने का दावा किया है। यह लड़ाई जिले के बालिशखेल, सद्दा, खार कल्ले, पीवर और मकबल जैसे इलाकों में फैल गई।

### अभिनेता मोहन बाबू के घर से 10 लाख की चोरी

**हैदराबाद।** तेलुगू अभिनेता मोहन बाबू के आवास से 10 लाख रुपये की चोरी करने के आरोप में एक घरेलू सहायक को गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब अभिनेता का निजी सचिव रविवार को घर आया तो घरेलू सहायक ने कमरे में रखे उनके बैग से नकदी चुरा ली। निजी सचिव ने पाया कि जिस बैग में नकदी थी, वह गायब है। इसके बाद पहाड़ी शरीफ थाने में मामला दर्ज कराया गया। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान घरेलू सहायक को तिरुपति में पकड़ लिया गया और उसे हैदराबाद लाकर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी से 7.36 लाख रुपये नकद बरामद कर लिए हैं। उसने बाकी रकम खर्च कर दी थी।


# सीओपी मेजबान देश तेल गैस उत्पादन 33% बढ़ाएंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत : रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन के पिछले, वर्तमान और अगले मेजबान क्रमशः अजरबैजान, संयुक्त अरब अमीरात और ब्राजील 2035 तक अपने तेल व गैस उत्पादन में 33 प्रतिशत की वृद्धि करने वाले हैं, जो एक नए विश्लेषण के अनुसार मजबूत वैश्विक जलवायु कार्रवाई को लेकर उनकी प्रतिबद्धताओं के विपरीत है।

अमेरिका में स्थित शोध समूह 'ऑयल चेंज इंटरनेशनल' द्वारा उद्योग डेटा का उपयोग करते हुए किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि यूएई और ब्राजील 2035 तक क्रमशः 37% और 38% उत्पादन बढ़ाने की राह पर हैं। नवंबर में बाकू में सीपीओपी29 की मेजबानी करने वाले अजरबैजान के उत्पादन में 4% की वृद्धि होने का अनुमान है। नवंबर-दिसंबर 2023 में दुबई में आयोजित पिछले संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में नेताओं ने जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने, 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में दोगुनी वृद्धि और ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने की ऐतिहासिक प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।




# अमेरिका में मंदिर में तोड़फोड़, हिंदुओं वापस जाओ के नारे लिखे

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में अज्ञात बदमाशों ने नफरत फैलाने के मकसद से बीएपीएस मंदिर में तोड़फोड़ की और उसकी दीवारों पर 'हिंदुओं वापस जाओ' के नारे लिख दिए। बीएपीएस मंदिर प्रशासन के जनसंपर्क विभाग ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की घटना के 10 दिन से भी कम समय में सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर में बीती रात को यह घटना हुई और 'हिंदुओं वापस जाओ' के हिंदू-विरोधी नारे लिखे गए।'

न्यूयॉर्क के मेलविले में 17 सितंबर को बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में हुई अपवित्रिकरण की घटना के बाद बुधवार रात को यह घटना हुई। संगठन ने एक बयान में कहा, 'नफरत की निंदा के प्रति हम दृढ़ हैं। इस घटना से हमारा दुख और गहरा हो गया है तथा दिल में नफरत रखने वालों सहित सभी के लिए हमारी प्रार्थनाएं और मजबूत हो गई हैं।' बयान में कहा गया है कि सैक्रामेंटो में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर जीवंत हिंदू समुदाय का स्थान है, जो बड़े समुदाय के वास्ते कई गतिविधियों और परियोजनाओं में लगा हुआ है। हम इस सामुदायिक ताने-बाने का अभिन्न अंग हैं और रहेंगे।

इस घटना के बाद मंदिर से संबद्ध लोग प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए तथा उन्होंने परम पावन महंत स्वामी महाराज के सद्भाव और सम्मान के आदर्श को याद करते हुए शांति एवं एकता का आह्वान किया। देश में हिंदू समुदाय के खिलाफ घृणा अपराध और मंदिर में तोड़फोड़ की निरंतर बढ़ती प्रवृत्ति के बीच अमेरिका में एक महीने से भी कम समय में बीएपीएस मंदिर में अपवित्रिकरण की यह दूसरी घटना है।

कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ इस प्रकार की घृणा और तोड़फोड़ भयावह है। न्याय विभाग को इन घृणा अपराधों की जांच करनी चाहिए।

**एक माह में दूसरी घटना**

- गत 17 सितंबर को न्यूयॉर्क के बीएपीएस मंदिर में भी हुई थी घटना



घटना के बाद बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग मंदिर पहुंचे।



**पानी की लाइन भी काटी**

पार्किंग स्थल के सामने लगे साइन बोर्ड पर भारत सरकार का उल्लेख करते हुए टिप्पणी लिखी गई। अधिकारियों ने कहा कि हमलावरों ने मंदिर से जुड़ी पानी की लाइन को भी काट दिया। यह हमले ऐसे समय में हो रहे हैं, जब हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर गए थे। अमेरिका और कनाडा में हिंदू मंदिरों पर इस तरह के हमले पहले भी खालिस्तान समर्थकों की ओर से किए जाते रहे हैं।

## भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने किया आह्वान

# संरा सुरक्षा परिषद में शुरू हो सुधार प्रक्रिया


न्यूयॉर्क, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को लेकर भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने सुधारों को लेकर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) में कोई प्रगति नहीं होने पर गहरी चिंता जताई। चारों देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाठ आधारित चर्चा तुरंत शुरू करने का आह्वान किया है।

जी-4 की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर और जापान की विदेश मामलों की मंत्री योको कामिकावा ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र से इतर एक बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुधारों को लेकर पूरे परिदृश्य का आकलन करने और यह प्रक्रिया आरंभ कराने की संभावनाओं पर चर्चा की।

वक्तव्य में कहा गया कि जी4 मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र को केंद्र में रखते हुए बहुपक्षीय प्रणाली की वर्तमान महत्वपूर्ण चुनौतियों पर ध्यान दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार संयुक्त राष्ट्र को समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करने और इस प्रकार वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयुक्त बनाने के किसी भी प्रयास का एक अनिवार्य हिस्सा है। उन्होंने 22 और 23 सितंबर को "भविष्य के शिखर सम्मेलन" का स्वागत किया, जहां विश्व नेताओं ने सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार का जोरदार आह्वान किया।

इस संबंध में भारत, जर्मनी और जापान के मंत्रियों ने जी-20 की ब्राजील की अध्यक्षता के संदर्भ में वैश्विक शासन सुधार पर कॉल टू एक्शन शुरू करने की ब्राजील की पहल का भी स्वागत किया। उन्होंने वैश्विक शासन में बदलाव के महत्व पर जोर दिया और इस बात पर जोर दिया कि "भविष्य के शिखर सम्मेलन" के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार पर चर्चा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जी-4 मंत्रियों ने सदस्यता की स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार के लिए अपना आह्वान दोहराया, जिसे परिषद की वैधता बढ़ाने और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए वार्ता प्रक्रिया के दौरान महत्वपूर्ण संख्या में सदस्य देशों द्वारा समर्थन दिया गया है।



जर्मनी की संघीय विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, जापान की योको कामिकावा और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा। (बाएं से)

**फ्रांस ने भारत की स्थायी सदस्यता का किया समर्थन**

**न्यूयॉर्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत की दावेदारी का समर्थन किया है। यही नहीं, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र निकाय के विस्तार की वकालत भी की है। मैक्रों ने बुधवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, 'हमारे पास एक सुरक्षा परिषद है, जिसे हमें और अधिक प्रभावी बनाने की जरूरत है। हमें इसे और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण बनाना होगा।' मैक्रों ने कहा, 'इसलिए फ्रांस सुरक्षा परिषद के विस्तार के पक्ष में है। जर्मनी, जापान, भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य होना चाहिए। साथ ही दो ऐसे देश भी होने चाहिए, जिन्हें अफ्रीका इसका प्रतिनिधित्व करने के लिए तय करेगा।'

**यूएन में सुधार की जरूरत: जयशंकर**

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को न्यूयॉर्क में ब्राजील की अध्यक्षता वाले जी-20 विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में संयुक्त राष्ट्र और उसके सहायक निकायों के सुधार, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला तथा बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में सुधार पर भारत के विचारों पर प्रकाश डाला। डॉ. जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज न्यूयॉर्क में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक में 'वैश्विक शासन सुधार विषय पर बात की। इसमें दोनों श्रेणियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार शामिल है।"

## अरुणाचल की चोटी को दलाई लामा का नाम दिया, चीन चिढ़ा

**बीजिंग।** भारतीय पर्वतारोहियों की ओर से अरुणाचल प्रदेश की एक अनाम चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर चीन चिढ़ गया और उसने इस क्षेत्र पर एक बार फिर अपना दावा किया। राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान की एक टीम ने अरुणाचल की 20,942 फीट अनाम चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। इसके बाद टीम ने इस चोटी का नाम छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखने का फैसला किया। इस पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, मुझे व्यापक रूप से यह कहना चाहिए कि जांगनान का क्षेत्र चीनी क्षेत्र है।

# लद्दाख: सैनिकों के हटने की प्रक्रिया पर बनी आम सहमति

बीजिंग, एजेंसी

- चीनी रक्षा मंत्रालय ने किया दावा दोनों देश एक-दूसरे के संपर्क में

चीन और भारत पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मतभेदों को कम करने तथा टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने पर कुछ आम सहमति बनी है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह बात कही। उसने यह भी कहा कि साथ ही दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने पर वे सहमत हुए हैं।

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग जियाओगांग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक एवं सैन्य चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे के साथ संपर्क बनाए रखा है। इसमें दोनों देशों के विदेश मंत्रियों और चीन के विदेश मंत्री तथा भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और सीमा परामर्श तंत्र के माध्यम से विमर्श शामिल है। झांग ने कहा कि बातचीत के माध्यम से चीन और भारत दोनों अपने मतभेदों को कम करने तथा एक-दूसरे की वैध चिंताओं को समायोजित करने के लिए बातचीत को मजबूत करने पर सहमत होने के अलावा कुछ आम सहमति बनाने में सक्षम हुए। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष जल्द से जल्द किसी ऐसे समाधान पर पहुंचने पर सहमत हुए जो दोनों पक्षों को स्वीकार्य हो।

# उ. कोरिया के पास बम बनाने को पर्याप्त यूरेनियम

सियोल, एजेंसी

- दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसी ने किया दावा



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को बताया कि ऐसी आशंका है कि उत्तर कोरिया ने कई बम बनाने के लिए पर्याप्त यूरेनियम संवर्धन कर लिया है और वह दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के लिए अधिक शक्तिशाली व सटीक निशाने लगाने वाली मिसाइलें बनाने के अपने प्रयासों में आगे बढ़ रहा है।

इस महीने की शुरुआत में उत्तर कोरिया ने हथियार बनाने के लिए आवश्यक यूरेनियम के उत्पादन के लिए स्थापित एक गुप्त संयंत्र की दुर्लभ झलक पेश की थी, जिसके बाद दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने सांसदों को स्थिति से अवगत कराया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन परमाणु हथियारों के भंडार को तेजी से बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहरा चुके हैं। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सियोंग-क्वेन के अनुसार, किम द्वारा संयंत्र के बारे में खुलासा करने का उद्देश्य संभवतः घरेलू स्तर पर अपनी सैन्य उपलब्धियों का प्रदर्शन करना था।

# इजराइल के हमले में 23 सीरियाई श्रमिकों की मौत

बेरूत, एजेंसी

- लेबनान के सरकारी मीडिया का दावा, आठ से ज्यादा घायल

लेबनान की एक इमारत पर इजराइली हवाई हमले में 23 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई तथा आठ अन्य घायल हो गए। लेबनान के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि इस इमारत में सीरियाई श्रमिक एवं उनके परिवारों के सदस्य रहते थे। चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के खिलाफ हवाई अभियान के दौरान यह सबसे घातक हमलों में से एक था। बुधवार देर रात यह हमला ऐसे समय किया गया, जब अमेरिका और उसके सहयोगियों ने कूटनीतिक कोशिशों के लिए तत्काल 21 दिन के संघर्ष विराम का आह्वान किया था।

इजराइल ने जमीनी आक्रमण की धमकी दी है तथा बढ़ती भारी गोलीबारी से पूर्ण युद्ध छिड़ सकता है। नेशनल न्यूज एजेंसी ने कहा कि यह हमला देश के पूर्वोत्तर हिस्से में किया गया। यह इलाका लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में स्थित प्राचीन बालबेक शहर के पास है जो सीरियाई सीमा से सटा है। एजेंसी ने यूनीन गांव के महापौर अली कस्सास के हवाले से कहा कि सीरिया के 23 लोगों के शवों को इमारत के मलबे से निकाला गया है। उन्होंने कहा कि हमले में चार सीरियाई एवं चार लेबनानी लोग जख्मी हुए हैं। एक स्थानीय अधिकारी हुसैन सल्लूम ने बताया कि मृतकों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

लेबनानी रेड क्रॉस ने कहा कि उसने नौ शव बरामद किए हैं, जबकि अन्य शव हिजबुल्ला चरमपंथी समूह की पैरामेडिक सेवा द्वारा बरामद किए गए हैं। लगभग 60 लाख की आबादी वाले लेबनान में करीब 7,80,000 पंजीकृत सीरियाई शरणार्थी और हजारों अपंजीकृत शरणार्थी हैं।

## भारतीय नागरिकों को लेबनान की यात्रा नहीं करने की दी सलाह

**यरूशलम।** भारत ने बढ़ती हिंसा के बीच भारतीय नागरिकों से लेबनान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है और वहां मौजूद लोगों को अत्यधिक सावधानी बरतने तथा जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों से संबंधित कार्यालय ने बुधवार को कहा था कि लगभग एक साल पहले हिजबुल्ला द्वारा उत्तरी इजराइल पर रॉकेट दागने और इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद लेबनान में 20,000 लोग विस्थापित हुए हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत में स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किए गए परामर्श में कहा, "क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों व तनाव को देखते हुए भारतीय नागरिकों को अगली सूचना तक लेबनान की यात्रा न करने की सलाह दी जाती है।"

# आतंकवाद को बढ़ावा देने वालों का हश्र अफजल गुरु जैसा होगा : शाह

उधमपुर, एजेंसी

- गृहमंत्री ने कश्मीर के उधमपुर में चुनावी सभा को किया संबोधित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि जो कोई भी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देगा, उसका हश्र संसद पर हमले के दोषी मोहम्मद अफजल गुरु जैसा होगा, जिसे नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी पर लटका दिया गया था। शाह ने उधमपुर जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर यह दावा करने के लिए निशाना साधा कि अफजल गुरु को फांसी नहीं दी जानी चाहिए थी।

शाह ने कहा, 'फिर क्या बिरयानी खिलानी थी उसको। जो लोग आतंकवाद को बढ़ावा देंगे, उनका हश्र अफजल गुरु जैसा ही होगा।' उन्होंने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से अनुच्छेद 370 की बहाली का दावा किए जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि राहुल की आने वाली पीढ़ियां भी अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर पाएंगी। यह पहली बार है कि कश्मीर में चुनाव अनुच्छेद 370 और अलग झंडे के बिना हो रहे हैं। दो संविधानों की संस्कृति का अंत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया है।

गृहमंत्री ने कहा कि नेकां और राहुल बाबा द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के बारे में दावे किए जा रहे हैं, लेकिन राहुल की कई पीढ़ियों में इन प्रावधानों को फिर से लागू करने की ताकत नहीं है। पिछले 40 वर्षों के दौरान कांग्रेस, पीडीपी और नेकां ने आतंकवाद को बढ़ावा दिया, जिसके कारण 40 हजार लोग मारे गए।



**हथियार छोड़ें, वरना गोली खाने को रहें तैयार**

**जम्मू।** शाह ने कश्मीर में आतंकवादियों से हथियार छोड़ने और सरकार से बातचीत के लिए आगे आने का आह्वान किया। जम्मू कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों से हथियार छोड़ने और सरकार से वार्ता के लिए आगे आने का आह्वान करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि अगर वे ऐसा नहीं करते तो सुरक्षा बलों के हाथों मारे जाने के लिए तैयार रहें।

## तमिलनाडु में छह बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**तिरुप्पुर।** तमिलनाडु के तिरुप्पुर से देश में अवैध रूप से घुसे छह बांग्लादेशी युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक पल्लदम जाने वाली बस में सवार होने वाले थे, उस दौरान उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। त्वरित कार्रवाई बल के जवानों सहित पुलिस दल ने संदेह के आधार पर युवकों को रोका और उनसे आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज मांगे, जो वे नहीं दिखा सके। पुलिस दल को पूछताछ में पता चला कि ये छह लोग दो सप्ताह पहले बांग्लादेश से आए थे और उन्हें मुदालिपलायम में स्थित एक कंपनी ने वापस भेज दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे तिरुप्पुर से पल्लदम जाने के लिए बस में सवार होने वाले थे, ताकि किसी दूसरी कंपनी में काम की तलाश कर सकें।

# घरेलू हिंसा से संरक्षण कानून हर धर्म की महिला पर लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-धार्मिक पृष्ठभूमि इसमें बाधक नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून, 2005 एक नागरिक संहिता है, जो भारत में हर महिला पर लागू होता है, चाहे उसकी धार्मिक संबद्धता या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि 2005 का कानून संविधान के तहत प्रदत्त अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा के लिए सभी महिलाओं पर लागू है। पीठ ने कहा कि ऐसा इसलिए है, ताकि संविधान के तहत उसके अधिकारों की अधिक प्रभावी सुरक्षा हो सके और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को संरक्षण मिल सके। सुप्रीम कोर्ट ने भरण-पोषण और मुआवजे से संबंधित मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाया। महिला ने इससे पहले कानून की धारा 12 के तहत एक याचिका दायर की थी, जिसे फरवरी 2015 में एक मजिस्ट्रेट ने स्वीकार कर लिया था और उसे 12,000 रुपये मासिक भरण-पोषण देने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिला के पति ने आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसे अपीलीय अदालत ने देरी के आधार पर खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि बाद में महिला के पति ने एक और आवेदन मजिस्ट्रेट के समक्ष दायर किया, जो आदेशों की अवधि और परिवर्तन से संबंधित है, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया।

**खोज-खबर** पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से टकराया सौर तूफान

# सौर सक्रियता अपने चरम की ओर अग्रसर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सूर्य सक्रियता चरमता की ओर अग्रसर है और ऑरोरा के रंगबिरंगे नजारे पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में मेहरबान हैं। बुधवार को सौर सामग्री यानी कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) सौर तूफान पृथ्वी के भू-चुंबकीय क्षेत्र से टकरा गया। आने वाले दिनों में भी भू-चुम्बकीय तूफानों का आना जारी रहने की संभावना है।

सूर्य 25वें सौर चक्र से गुजर रहा है और जबरदस्त सक्रियता के साथ सौर तूफानों को बरसा रहा है। जिसका असर पृथ्वी ही नहीं, बल्कि मंगल, शुक्र व बुध ग्रहों पर भी पड़ रहा है। गत दिवस जी 1 तीव्रता वाला भू-चुंबकीय तूफान शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पृथ्वी पर पहुंच गया, जिसके चलते उत्तरी अमेरिका में लगभग पूरी रात एक अशांत भू-चुंबकीय क्षेत्र देखा गया। लिहाजा, रंगबिरंगी रोशनी के साथ ऑरोरा भी देखे गए।

सूर्य से निकले तूफान का जल्द पृथ्वी तक पहुचना बड़ी बात है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसके पीछे कुछ तो रहस्य रहा होगा। बहरहाल, 24 सितंबर को सी 6.9 क्लास की ज्वाला निकली थी। इसका क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम में एआर3828 सौर कलंक में विस्फोटित हुई थी।

यह विस्फोट लीड फ्लेयर एआर 3828 के साथ एआर 3833 से भी जुड़ा हुआ था। जिस कारण सी क्लास की एक साथ दो फ्लेयर्स यानी ज्वाला उत्पन्न हुई थी। नासा के अनुसार अगले 24 घंटे में सी क्लास विस्फोट की संभावना 99 प्रतिशत है। एम क्लास की संभावना 55 फीसद है, जबकि एक्स क्लास की ज्वाला के लिए 20 प्रतिशत संभावना जताई गई है।

सूर्य और उसके रहस्यों ने हजारों सालों से मानवता को आकर्षित किया है। सूर्य हमारे सौरमंडल का आधार है और जीवन को जीवित रहने के लिए आवश्यक गर्मी और प्रकाश प्रदान करता है। फिर भी इसके आंतरिक भाग के बारे में कई सवाल बने हुए हैं, जो इसकी चुंबकीय गतिविधि को संचालित करता है।



सूर्य की सतह से निकलती ज्वाला।

**अभी बड़े विस्फोट होने बाकी**

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के पूर्व निदेशक डॉ. वहाब उद्दीन के अनुसार इस बार सूर्य बेहद सक्रिय है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट होने अभी बाकी है। इन दिनों सूर्य की सतह में एक दर्जन सौर कलंक समूह बने हुए हैं। अगले साल तक सौर सक्रियता जारी रहेगी।

# हसीना ने अपराध किए हैं, उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए

ढाका, एजेंसी

- बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस ने की मांग



बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस ने कहा है कि भारत में शरण लिए हुईं पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। युनूस ने न्यूयॉर्क टाइम्स क्लाइमेट फॉरवर्ड शिखर सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, 'क्यों नहीं, अगर उन्होंने अपराध किए हैं तो उन्हें प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए और न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।'

युनूस अभी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग ले रहे हैं। यूनुस से पूछा गया कि क्या उनकी चुनाव लड़ने की कोई योजना है। उन्होंने नकारात्मक जवाब देते हुए कहा, 'क्या मैं ऐसा व्यक्ति दिखता हूं, जो चुनाव लड़ूंगा।' उन्होंने कहा कि उनके पास इस बारे में कोई समय सीमा नहीं है कि बांग्लादेश में चुनाव कब होंगे। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार देश में स्थापित कई आयोगों द्वारा आने वाले महीनों में सुधार संबंधी सिफारिशें देने की उम्मीद है, जिसके बाद चुनावों की तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने के लिए किया गया वैश्विक समझौता पेरिस समझौता तब तक काम नहीं करेगा, जब तक दुनिया मौजूदा आर्थिक प्रणाली के साथ बनी रहेगी।